CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 07-17-2026 23:14 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 18 जुलाई 2026 > आषाढ़ 27 शक संवत 1948 आषाढ़ शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 169 > पेज 20* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT
नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



**279.65** करोड़ रुपये तीसरे स्थान पर रहने वाले को मिलेंगे



आज इंग्लैंड-फ्रांस में टक्कर LIVE **2:30** बजे रात

# आखिरी मौका

फीफा वर्ल्ड कप में इंग्लैंड और फ्रांस के बीच तीसरे स्थान के लिए होने वाला मुकाबला रोमांचक होने वाला है। दोनों टीमों के लिए जहां तीसरे नंबर पर रहने का मौका है, वहीं फ्रांस के एम्बापे के पास गोल्डन बूट जीतने का आखिरी मौका। एक और अहम बात अगर तीसरे स्थान की जंग इंग्लैंड जीता तो 1966 के बाद वर्ल्ड कप में उसको सर्वोच्च स्थान प्राप्त होगा। 1990 और 2018 में चौथे नंबर पर रहा था।

टूर्नामेंट की बड़ी कहानियों में से एक 'गोल्डन बूट' की जंग है। फ्रांस के किलियान एम्बापे 8 गोल के साथ मेसी के बराबर हैं, एम्बापे के पास फाइनल से पहले मेसी से आगे निकलने का मौका है।

**1990** के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ प्ले-ऑफ में गोल कर गोल्डन बूट जीता था इटली के साल्वाडोर शिलाची ने, तो उनकी बराबरी करने का मौका एम्बापे के पास है। ▶▶पेज 15

### कांग्रेस समेत कई दलों के नेता वांगचुक से मिलने पहुंचे, अनशन तोड़ने की अपील

# 20 दिन से भूख हड़ताल, विपक्ष साथ आया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जंतर मंतर** पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोनम वांगचुक का अनशन शुक्रवार को 20वें दिन में पहुंच गया। लगातार बिगड़ती सेहत के बीच जहां विपक्षी नेताओं का समर्थन तेज होता दिखा, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा शुक्रवार को जंतर मंतर पहुंचे और वांगचुक से मुलाकात की। इनके अलावा एनसीपी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले और जननायक जनता पार्टी के नेता दुष्यंत चौटाला भी मंच पर पहुंचे। सभी नेताओं ने अनशन खत्म करने की अपील भी की। पवन खेड़ा ने वांगचुक से अपील की कि वे अपना अनशन समाप्त करें, क्योंकि उनका स्वस्थ रहना ज्यादा जरूरी है। सुप्रिया ने कहा कि संसद सत्र में मुद्दे को उठाया जाएगा। एनसीपी के सभी आठ सांसद मौजूद रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि डीएमके, डिंपल यादव, ममता बनर्जी समेत पूरा विपक्ष मुद्दे पर साथ रहेगा। ▶▶पेज 3

**20 जुलाई को जंतर मंतर से संसद तक मार्च होगा**

**मैं किसी भी हाल में 20 जुलाई तक जिंदा रहूंगा। अगर आप नहीं आए और 20 जुलाई का प्रदर्शन सफल न हुआ, तो भूत बनकर आऊंगा।**
-सोनम वांगचुक



PTI

**वांगचुक की हालत**

| | | |
|---|---|---|
| 24 घंटों में वांगचुक का वजन 350 ग्राम और कम | कुल वजन करीब 9.5 किलोग्राम कम हो गया | वांगचुक का वजन अब कुल 56.55 किलोग्राम है |

### 'प्रदर्शन में निगरानी' पहले सुनेंगे: HC

**जंतर मंतर** पर NEET-UG एग्जाम में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों की कथित लगातार निगरानी के आरोपों पर दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए हामी भर दी। याचिका में कहा गया, छात्रों में डर और असुरक्षा का माहौल बन रहा है और यह उनके निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम इसे पहले सुन रहे हैं। सोमवार को आइए।

# अचानक बदले गए पुलिस कमिश्नर

### गोलछा को हटाया, अनुराग कुमार ने चार्ज संभाला

Shanker.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने शुक्रवार सुबह 1994 बैच के आईपीएस अनुराग कुमार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर बनाने का ऑर्डर जारी किया। दिल्ली पुलिस के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला ऑर्डर था, जिसमें 1992 बैच के आईपीएस निवर्तमान सीपी सतीश गोलछा को आगे की पोस्टिंग के लिए उपराज्यपाल (LG) को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया। आदेश के महज दो घंटे के भीतर इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) डायरेक्टर रहे अनुराग चार्ज संभालने के लिए दिल्ली पुलिस हेडक्वॉर्टर पहुंच गए।

कमिश्नर अनुराग मूल रूप से यूपी से हैं, जिनका जन्म 23 जून 1971 को हुआ। बैचलर ऑफ इंजिनियरिंग (BE) कर 1994 में इंडियन पुलिस सर्विस में आए। वह गैंगवॉर से जूझ रहे नॉर्थ ईस्ट जिले में अडिशनल डीसीपी और डीसीपी रहे हैं। कुछ समय के लिए नॉर्थ जिले के डीसीपी की जिम्मेदारी भी उनके पास रही है। करीब बीस साल से वह दिल्ली पुलिस से बाहर यानी डेप्युटेशन पर थे। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह लंबे समय तक दिल्ली पुलिस कमिश्नर बने रह सकते हैं, क्योंकि उनका रिटायरमेंट 2031 में होना है। ▶▶पेज 5



**संभाला पद** सतीश गोलछा ने नए कमिश्नर अनुराग कुमार को चार्ज सौंपा

### 20 साल बाद वापसी, चुनौतियां क्या हैं?

**करीब 20** साल बाद दिल्ली पुलिस में कमिश्नर के तौर पर वापसी कर रहे अनुराग कुमार के सामने कई चैलेंज हैं। कानून-व्यवस्था कायम करने से लेकर संगठित अपराध पर काबू पाना, महकमे में बढ़ते करप्शन पर लगाम लगाना, पुलिस वालों पर काम का दबाव को कम करना और जनता का भरोसा जीतने को लेकर भी काम करने की दरकार है।

### गोलछा की रवानगी को लेकर अटकलें...

**सूत्रों के** मुताबिक मालवीय नगर आग में विदेशी समेत 23 लोगों की मौत को लेकर पुलिस पर सवाल उठे। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को संभालने को लेकर भी पुलिस से सरकार के असंतुष्ट होने की अटकलें हैं। गैंगस्टर्स और ड्रग्स सिंडिकेट को काबू न कर पाने को लेकर भी गृह मंत्रालय के नाखुश होने की चर्चा है।

### कैंसर रोग विशेषज्ञ बनना चाहते हैं NEET के टॉपर

■ **पीटीआई, लुधियाना:** NEET-UG 2026 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहने वाले दो छात्रों में से एक लुधियाना निवासी आर्यन गुप्ता कैंसर रोग विशेषज्ञ बनना चाहते हैं। हरियाणा के पांशुल बंसल के साथ टॉप करने वाले आर्यन गुप्ता कहते हैं, नंबर वन रैंक हासिल करना किसी सपने जैसा लगता है। मैं ऑन्कोलॉजिस्ट बनना चाहता हूं। जब तीसरी कक्षा में था, तब कैंसर से मेरी दादी का निधन हो गया था। उसी दिन कसम खाई कि इसी क्षेत्र में काम करूंगा। जिंदगी में करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन अभी मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। यह कामयाबी मेरे माता-पिता, शिक्षक और उन सबकी है जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। ▶▶पेज 13



आर्यन गुप्ता

# हाइड्रोजन की ताकत, स्वदेशी तकनीक... पटरी पर दौड़ी देश की ऐसी पहली ट्रेन

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **जींद:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही भारत हाइड्रोजन ट्रेन चलाने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया। यह ट्रेन फिलहाल जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के रूट पर चलेगी। NBT ने पहले सफर में ट्रेन का अनुभव किया। बाहर से नीले रंग में सजी यह 10 कोच की ट्रेन स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। यात्रियों के लिए आरामदायक सीटें, टॉयलट, पर्याप्त पंखे और खड़े यात्रियों के लिए हैंडल लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए हाइड्रोजन लीकेज, धुआं और आग जैसी स्थितियों का पता लगाने वाले सेंसर लगाए गए हैं। इसके साथ ही यात्रियों और बच्चों में ट्रेन में सफर करने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। ▶▶पेज 14

**जींद से सोनीपत तक 89km का रूट**

| | | |
|---|---|---|
| **10** कोच और 2600 यात्रियों की क्षमता | **75** किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी यहां | **100%** स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल |



**रचा इतिहास...** पीएम मोदी ने शुक्रवार को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसे दुनिया में सबसे ताकतवर बताया।

### जींद-सोनीपत रूट ही क्यों चुना गया?

■ **जींद स्टेशन** पर पर्याप्त जमीन उपलब्ध थी। इसलिए यहां हाइड्रोजन उत्पादन, ईंधन भरने की सुविधा और ट्रेन के रखरखाव के लिए प्लांट और मेंटिनेंस बेस बनाया गया।

■ **रूट पर** ट्रेनों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम है। नई हाइड्रोजन तकनीक का परीक्षण नियमित रेल सेवाओं को ज्यादा प्रभावित किए बिना किया जा सकता है।

■ **यह रूट** नियंत्रित माहौल में ट्रेन की क्षमता और भरोसेमंद संचालन परखने के लिए चुना गया है। अब सोनीपत से आगे दिल्ली तक के लिए टेस्टिंग चल रही है।

### प्लास्टिक नोट लाने की तैयारी, नकल करना होगा मुश्किल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) प्लास्टिक नोटों का ट्रायल करने जा रहा है। इसके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को ओपेसिफाइड पॉलीमर सब्सट्रेट शीट के लिए एक ग्लोबल टेंडर जारी किया। इन्हीं पर करेंसी नोट छापे जाएंगे। इससे नोट पानी और गंदगी में सुरक्षित रहते हैं और नकल करना भी मुश्किल है। ▶▶पेज 16



### अमेरिका में गैंगस्टर नीतीश कौशल FBI की गिरफ्त में

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने गैंगस्टर नीतीश कौशल को वरमोंट में गिरफ्तार कर लिया है। उस पर अमेरिका में हत्या, अपहरण और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। यह गिरफ्तारी उसे FBI की ओर से 'मोस्ट वॉन्टेड' अपराधियों की लिस्ट में शामिल किए जाने के कुछ ही दिन बाद हुई है। ▶▶पेज 16



**खबरों के अंदर की बात**

**NBT Lens**

देखें खेल पेज

### हैपी मॉर्निंग

एक आदमी बंदूक और 2 लाख रुपये लेकर बैंक में घुसा। अंदर आते ही उसने हवा में गोली चलाई और चिल्लाया, 'अगर कोई अपनी सीट से हिला, मुझे बीमा, ट्रेडिंग अकाउंट या म्यूचुअल फंड के बारे में समझाने की कोशिश की, तो मैं गोली चला दूंगा! मैं यहां सिर्फ अपने खाते में पैसे जमा कराने आया हूं... बस!'

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,151.45 (+964.58) |
| निफ्टी | 24,334.30 (+261.55) |
| रु/यूएस डॉलर | 96.36 (+0.04) |
| रु/यूरो | 110.33 (-0.10) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,45,500 (-800) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,22,500 (-2,000) |

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन

### मौसम

न्यूनतम तापमान 31.0°

38.8° अधिकतम तापमान

सूर्यास्त शनिवार 7:20 | सूर्योदय रविवार 5:34

आज आंधी बारिश का येलो अलर्ट है। तापमान में गिरावट हो सकती है।

* 16+4 DelhiTimes masala mix

### एक्सप्रेसवे पर ई-रिक्शे में सरिये, ले ली जान



PTI

**द्वारका एक्सप्रेसवे** पर शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई।

■ **NBT रिपोर्ट, द्वारका एक्सप्रेसवे:** यहां शुक्रवार दोपहर एवीएल सोसायटी के पास सड़क हादसे में कैब ड्राइवर की मौत हो गई। दिल्ली की ओर जा रही तेज रफ्तार कैब की एक्सप्रेसवे पर अवैध रूप से चल रहे एक ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। ई-रिक्शा में लदे लोहे के सरिये कैब के अगले हिस्से को चीरते हुए ड्राइवर के शरीर के आर-पार हो गए। ▶▶पेज 6

### पूर्व क्रिकेटर गैरी सोबर्स का निधन



**वेस्टइंडीज के** पूर्व क्रिकेटर सर गैरी सोबर्स का निधन हो गया। दिग्गज ऑलराउंडर रहे गैरी ने 89 साल उम्र में शुक्रवार को बारबडोस में अपने घर पर अंतिम सांस ली। ▶▶पेज 15

# अमेरिका का भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर अटैक

### ईरान के पुल, बंदरगाह और बिजली ढांचे निशाने पर

■ एपी, दुबई

**अमेरिका ने** शुक्रवार तड़के ईरान के खिलाफ अपने हवाई हमलों का दायरा और बढ़ाते हुए कई पुलों, बिजली ढांचे और भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर स्थित एक टावर को निशाना बनाया, जो हमले में ढह गया। अमेरिकी हमलों के बाद भारत ने कहा कि चाबहार बंदरगाह के टर्मिनल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पोर्ट का संचालन सामान्य रूप से जारी है। यह कार्रवाई अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की चेतावनी के बाद हुई। उन्होंने कहा था कि अगर ईरान होर्मुज पर अपनी पकड़ ढीली नहीं करता तो उसके बुनियादी ढांचे पर भी हमले किए जाएंगे। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, दक्षिणी होर्मोजगान प्रांत और बंदर खमीर क्षेत्र में हुए हमलों में आठ लोगों की मौत हुई। हाइवे और रेलवे पुलों को भी निशाना बनाया गया। जवाब में ईरान ने हवाई हमले किए। ▶▶पेज 16

Social Media



**अमेरिकी रक्षा** मंत्री पीट हेगसेथ ने निगरानी टावर के ढहते हुए प्रतीत होने की तस्वीर शेयर की।

**बिजली बचाने की अपील**

**ईरान ने** पहली बार स्वीकार किया कि अमेरिकी हवाई हमलों में उसके बिजली ढांचे को निशाना बनाया गया। ऊर्जा मंत्रालय ने दक्षिणी प्रांतों के लोगों से कम बिजली इस्तेमाल करने की अपील की।

**नाराजगी जताई...** गाजियाबाद में चार वर्षीय रेप पीड़िता के इलाज में लापरवाही पर कोर्ट सख्त

# SC बोला, कर्तव्य नहीं निभा सकते तो खुद को डॉक्टर भी मत कहें

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** गाजियाबाद में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पीड़िता को समय पर इलाज नहीं मिलने पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को डॉक्टरों और निजी अस्पतालों के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई डॉक्टर अपने पेशे का मूल कर्तव्य नहीं निभाता और गंभीर रूप से घायल बच्चे को चिकित्सा मदद देने से इनकार कर देता है, तो उसे खुद को डॉक्टर कहलाने का अधिकार नहीं है। संबंधित निजी अस्पतालों से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने पर भी विचार करने को कहा। CJI की अगुआई वाली बेंच बच्ची के पिता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

**अस्पताल पीड़ित परिवार को मुआवजा देने पर विचार करे। हम दंड लगाएंगे तो उसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।** - सुप्रीम कोर्ट



### खबरें कोर्ट से

■ **चुनावी 'रेवड़ी'** पर सुनवाई की मांग, SC बोला- इंतजार करें, अभी मुकदमों का बोझ ▶▶पेज 14

■ SC ने कहा, वोटर लिस्ट से नाम हटने का मतलब नागरिकता खत्म होना नहीं। ▶▶पेज 14

■ SC बोला, रेल हादसे में मृत यात्री के पास टिकट नहीं मिला तो भी नही रुकेगा मुआवजा ▶▶पेज 13

### काम की खबरें

**पीएफ विवाद सुलझाने के लिए 'विश्वास 2026'**
'विश्वास 2026' योजना से पुराने पीएफ जमा देरी मामलों का जल्द निपटारा होगा। ▶▶पेज 14

**दिल्ली में राशन कार्ड की आय सीमा बढ़ी**
**दिल्ली में** राशन कार्ड की आय सीमा बढ़ी, 2.50 लाख तक आय वाले परिवार जुड़ेंगे। ▶▶पेज 6

**न्यू अशोक नगर में फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू**
न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू हुआ। ▶▶पेज 6



दीन दयाल जन आवास योजना

RERA APPROVED

| REGISTRATION NO. 116 OF 2025 | |
|---|---|
| RC/REP/HARERA/GGM/1013/745/2025/116 | DATE: 24.11.2025 |
| UNIQUE NO. GENERATED ONLINE | RERA-GRG-PROJ-2081-2025 |

Applications Invited for

# PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS

## AT SECTOR-4, GREATER GURUGRAM, PATAUDI

(under Deen Dayal Jan Awaas Yojna 2016, Government of Haryana)

Bang on NH-352W, PATAUDI

Scan to REGISTER




# दीन दयाल जन आवास योजना

| REGISTRATION START DATE | LAST DATE OF REGISTRATION | ALLOCATION DATE |
|---|---|---|
| Wed, 1st July 2026 | Mon, 20th July 2026 | Fri, 24th July 2026 |

Registration Amount ₹21,000/- (Refundable)

Starting from ₹76 Lakh

अभी आवेदन करें

**RESERVED CATEGORY** (Women Emp., Sports Quota, Govt. Employee, Divyaang, Army Personnel)

| Unit Size (Sq. Yds.) | Unit Size (Sq. Mtrs.) | Basic Unit Price (per Sq.Yd.) | *Total Basic Cost | Registration Amount (Refundable) | 10% on Allotment Sunday (25-07-2026) | 30% within 30 days of Allotment Monday (24-08-2026) | 60% as Construction Link Plan | Total Sales Value |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 80 | 66.890 | ₹90,500/- | ₹72,40,000/- | ₹21,000/- | ₹7,24,000/- | ₹21,72,000/- | ₹47,04,000/- | ₹76,00,000/- |
| 138 | 115.386 | ₹90,500/- | ₹1,24,89,000/- | ₹21,000/- | ₹12,49,900/- | ₹37,46,700/- | ₹81,13,400/- | ₹1,31,10,000/- |
| 150 | 125.419 | ₹90,500/- | ₹1,35,75,000/- | ₹21,000/- | ₹13,57,500/- | ₹40,72,500/- | ₹88,20,000/- | ₹1,42,50,000/- |
| 161 | 134.617 | ₹90,500/- | ₹1,45,70,500/- | ₹21,000/- | ₹14,57,050/- | ₹43,71,150/- | ₹94,66,800/- | ₹1,52,95,000/- |
| 170 | 142.142 | ₹90,500/- | ₹1,53,85,000/- | ₹21,000/- | ₹15,38,500/- | ₹46,15,500/- | ₹99,96,000/- | ₹1,61,50,000/- |

BBA to be executed after successful allocation | PLC as Applicable

**GENERAL CATEGORY**

| Unit Size (Sq. Yds.) | Unit Size (Sq. Mtrs.) | Basic Unit Price (per Sq.Yd.) | *Total Basic Cost | Registration Amount (Refundable) | 10% on Allotment Sunday (25-07-2026) | 30% within 30 days of Allotment Monday (24-08-2026) | 60% as Construction Link Plan | Total Sales Value |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 80 | 66.890 | ₹92,500/- | ₹74,00,000/- | ₹25,000/- | ₹7,40,000/- | ₹22,20,000/- | ₹48,00,000/- | ₹77,60,000/- |
| 138 | 115.386 | ₹92,500/- | ₹1,27,65,000/- | ₹25,000/- | ₹12,76,500/- | ₹38,29,500/- | ₹82,80,000/- | ₹1,33,86,000/- |
| 150 | 125.419 | ₹92,500/- | ₹1,38,75,000/- | ₹25,000/- | ₹13,87,500/- | ₹41,62,500/- | ₹90,00,000/- | ₹1,45,50,000/- |
| 161 | 134.617 | ₹92,500/- | ₹1,48,92,500/- | ₹25,000/- | ₹14,89,250/- | ₹44,67,750/- | ₹96,60,000/- | ₹1,56,17,000/- |
| 170 | 142.142 | ₹92,500/- | ₹1,57,25,000/- | ₹25,000/- | ₹15,72,500/- | ₹47,17,500/- | ₹1,02,00,000/- | ₹1,64,90,000/- |

BBA to be executed after successful allocation | PLC as Applicable

### PRIME CONNECTIVITY

- Near KMP Expressway
- Near Dwarka Expressway
- Near Freight Corridor
- IMT Manesar Connectivity
- Airport Connectivity in Minutes
- Opposite Pataudi Park
- Schools and Hospital Nearby

### WORLD CLASS AMENITIES



OPEN GYM



LANDSCAPED PARK



KIDS PLAY AREA

Helpline Number **+91 9811-240-299**

Bank Loan Available HDFC BANK We understand your world

Developed by "Consulate Realty LLP"

For Online Registration **www.deendayalpataudi.com**

**Disclaimer:** Developer urge every applicant to inspect the project site and that note hereby rely upon any architecture impression, plan, sales, brochure, advertisement, representation, state of whatever, nature and personal judgment prior to submitting an application for allotment. Unless otherwise stated, all the images, virtual materials and information confirmed here are purely representation and may not be actual representation of the site and amenities. This project is developed under DDJAY Policy by private developer. Further, the actual design may vary in or its end finish form. The one displayed above 75-meter road location is under construction as per the government of Haryana. Journey time shown (if any) is based upon Google map which vary as per the traffic at a relevant point of time. Terms and Conditions Apply. 1 sq. mtr. = 10.7639 sq. ft.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 07-17-2026 23:06 Color:



# वांगचुक की बिगड़ती सेहत ने बढ़ाई चिंता, समर्थन में उतरे विपक्षी नेता

■ NBT रिपोर्ट, जंतर मंतर

**जंतर मंतर** पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोनम वांगचुक का अनशन शुक्रवार को 20वें दिन में पहुंच गया। लगातार बिगड़ती सेहत के बीच उन्हें विपक्षी नेताओं का समर्थन लगातार मिल रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के प्रमुख अभिजीत दिपके ने कहा कि जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता, तब तक यह आंदोलन पीछे नहीं हटेगा।

### 20वें दिन भी स्वास्थ्य पर बनी चिंता

अनशन के 20वें दिन जारी मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटे में सोनम वांगचुक का वजन 350 ग्राम और घटकर 56.55 किलोग्राम रह गया है। उनका ब्लड प्रेशर 108/68 mmHg, पल्स 72 बीट प्रति मिनट, ब्लड शुगर 80 mg/dL और ऑक्सिजन सैचुरेशन 96 प्रतिशत दर्ज किया गया। डॉक्टरों ने उनमें हल्के डिहाइड्रेशन के लक्षण बताए हैं और वे 24 घंटे चिकित्सकीय निगरानी में हैं।

### सुले ने कहा, विपक्ष आपके साथ खड़ा होगा

एनसीपी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले शुक्रवार को जंतर मंतर पहुंचीं और सोनम वांगचुक से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वह एक बहन के नाते उनसे अनशन समाप्त करने की अपील करने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई लंबी है और भारत को सोनम वांगचुक की जरूरत है।

### चौटाला भी आए, मुंबई में प्रदर्शन करेंगे ठाकरे

जननायक जनता पार्टी (JJP) के नेता दुष्यंत चौटाला भी शुक्रवार को जंतर मंतर पहुंचे और सोनम वांगचुक से मिलकर अनशन समाप्त करने की अपील की। कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल गौतम भी शुक्रवार को सोनम वांगचुक से मिले। वांगचुक के समर्थन में उद्धव ठाकरे की शिवसेना 19 जुलाई को दादर के शिवाजी पार्क में आंदोलन करेगी। इस आंदोलन में उद्धव ठाकरे के साथ मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के भी शामिल होने की संभावना है।

Photos : PTI



**कल तोड़ सकते हैं अपना पुराना रिकॉर्ड**

आज सोनम वांगचुक के अनशन को 21 दिन हो जाएंगे। इससे पहले उन्होंने 2024 में लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर 21 दिनों तक आमरण अनशन किया था। अगर रविवार को भी उनका अनशन जारी रहा तो वह 22 दिन के अनशन के साथ नया रिकॉर्ड कायम कर लेंगे।

**आज 21वां दिन:** सोनम वांगचुक का वजन लगातार गिर रहा है। उनमें हल्के डिहाइड्रेशन के लक्षण भी हैं



सुप्रिया सुले ने संसद में भी सोनम वांगचुक का साथ देने की बात कही

### आमिर के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया

■ **नई दिल्ली:** अभिनेता आमिर खान ने कहा है कि फिल्म '3 इडियट्स' का उनका किरदार फुंसुख वांगडू सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से प्रेरित नही था। लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में उन्होंने कहा कि 2009 में फिल्म बनाते समय वह वांगचुक को जानते थे। हालांकि, उन्होंने अनशन को लेकर चिंता जताई। आमिर के इस बयान पर आरजेडी, कांग्रेस और आप के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

## जंतर मंतर पर प्रदर्शनकारियों की 'निगरानी' पर HC सख्त

**जंतर मंतर** पर NEET-UG एग्जाम में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों की कथित लगातार निगरानी के आरोपों पर दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए हामी भर दी। चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तारीख तय की।

**PIL पर 20 जुलाई को होगी अगली सुनवाई**

याचिका जेएनयू छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष आईशी घोष ने दायर की है। सुनवाई के दौरान उनके वरिष्ठ वकील ने अदालत को बताया कि जंतर मंतर पर तैनात पुलिसकर्मी मोबाइल फोन और कैमरों से लगातार प्रदर्शनकारियों की तस्वीरें और विडियो बना रहे हैं। अदालत ने मामले को 20 जुलाई के लिए तय कर दिया।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि जंतर मंतर पर स्थायी निगरानी टावर लगाए गए हैं और पुलिसकर्मी बिना किसी भेदभाव के वहां मौजूद हर व्यक्ति की लगातार फोटोग्राफी और विडियोग्राफी कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि निगरानी केवल प्रदर्शन तक सीमित नही है, बल्कि लोगों के भोजन करने, आराम करने, मेडिकल सहायता लेने और अन्य निजी गतिविधियों को भी रिकॉर्ड किया जा रहा है।

## सरकार के संज्ञान में मामला: बृजभूषण

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने गोंडा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सोनम वांगचुक का अनशन सरकार के संज्ञान में है। कॉकरोच प्रोटेस्ट और सोनम वांगचुक के अनशन पर उन्होंने कहा कि उनकी बात पूरे देश में पहुंच चुकी है। सरकार के संज्ञान में भी यह मामला आ गया है। अब उन्हें धरना समाप्त करके सरकार की कार्रवाई की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

# मंच पर नेता, नीचे जनता के अपने सवाल

### 20वें दिन भी जारी सोनम वांगचुक का अनशन, बढ़ रहा आम लोगों का समर्थन

Rahul.Anand
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** जंतर मंतर पर सोनम वांगचुक का अनशन शुक्रवार को 20वें दिन में पहुंच गया। लगातार अनशन की वजह से उनकी सेहत में गिरावट के बीच अब आम लोगों के साथ ही कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों का समर्थन बढ़ने लगा है। जंतर मंतर पर अब बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग पहुंच रहे हैं और वांगचुक को समर्थन दे रहे हैं। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल पर पहुंचे।

**शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे**

धरना स्थल पर बुजुर्गों और युवाओं के बीच आंदोलन को लेकर संवाद भी हो रहा है। मौके पर मिले कुछ बुजुर्गों का कहना था कि देश में 18 से 25 साल के बीच लगभग सवा चार करोड़ स्टूडेंट्स हैं, ये सब एक बार ईमेल के जरिए सरकार पर शिक्षा प्रणाली बेहतर बनाने की बात रखें, सरकार को विवश करें, इस एक युवा ने कहा कि अंकल इससे कुछ नहीं होगा। हमें अपनी सोच बदलनी होगी, जब तक सरकार की सोच और नियत ठीक नहीं होगी, यह सब नहीं रुकेगा। दिनभर मंच से नेताओं के भाषण और समर्थन के ऐलान होते रहे, लेकिन आम लोगों के बीच चल रही बहस यह बता रही थी कि यह प्रदर्शन अब सिर्फ एक अनशन नहीं रह गया है। लोग अपने-अपने नजरिए से मौजूदा हालात, शिक्षा, और शासन व्यवस्था पर चर्चा करते दिखे।



पूर्व कानून मंत्री अश्विनी कुमार ने भी सोनम वांगचुक से मुलाकात की



**अपना नाम बताया कॉकरोच:** प्रदर्शन स्थल पर एक अलग तस्वीर भी देखने को मिली। एक युवा कॉकरोच के भेष में अनशन का समर्थन करता दिखाई दिया। नाम पूछने पर कहा कि लखनऊ से आया हूं और कॉकरोच मेरा नाम है। उसने कहा कि आंदोलन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। इसमें समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए।

# आंदोलन में पहली बार कांग्रेस की 'एंट्री'

■ NBT रिपोर्ट, जंतर मंतर

**शिक्षा सुधार** और पेपर लीक के मुद्दे पर जंतर मंतर पर अनशन कर रहे सोनम वांगचुक के मंच पर कांग्रेस ने आखिरकार अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा शुक्रवार को जंतर मंतर पहुंचे और वांगचुक से मुलाकात की। इससे एक दिन पहले कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया के जरिए वांगचुक से अनशन समाप्त करने की अपील की थी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वेणुगोपाल ने पहले ही सोनम वांगचुक से अनशन समाप्त करने की अपील की थी और पवन खेड़ा ने भी उनसे मुलाकात कर यही आग्रह किया। कांग्रेस भी पेपर लीक पर अपने बैनर तले अलग आंदोलन चला रही है।



पवन खेड़ा की वांगचुक से मुलाकात

## डेंटिस्ट पर मारपीट करने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : द्वारका सेक्टर-14 स्थित कौटिल्य अपार्टमेंट में एक शख्स द्वारा एक लड़की की पिटाई का मामला सामने आया है। मारपीट का विडियो भी वायरल हो रहा है। आरोप है कि लड़की की पिटाई करने वाला डेंटिस्ट है। लड़की के बचाव में आई उसकी मां और भाई के साथ भी मारपीट की गई है। पीड़ित परिवार का आरोप है, कि काफी समय से महिलाओं को वह डेंटिस्ट परेशान कर रहा था। जब वे डीसीपी मुख्यालय पहुंचे, तब मामले की एफआईआर दर्ज हुई है। द्वारका डीसीपी कुशल पाल सिंह ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है, आगे की जांच कर रहे हैं।

**द्वारका का मामला, विडियो भी वायरल**

## हरियाणा से लाया था शराब, गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ की टीम ने शराब तस्कर से शराब के 850 क्वॉर्टर बरामद किए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरुग्राम के प्रवीण के रूप में हुई है। इस पर पहले से भी एक्साइज के मामले दर्ज पाए गए हैं। DCP द्वारका कुशल पाल सिंह ने बताया यह हरियाणा से शराब की खेप कार में भरकर लाया था। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में ASI रसमुद्दीन की टीम को तस्करी के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने खैरा मोड़ के पास कार को रोका। तलाशी में उसके अंदर शराब की पेटियां भरी हुई मिलीं, जो सिर्फ हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थीं।

**आरोपी से शराब के 850 क्वॉर्टर मिले**

## विदेशी नागरिक से कोकेन पकड़ी गई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : साउथ डिस्ट्रिक्ट के मैदान गढ़ी थाना पुलिस ने 'नशा मुक्त दिल्ली' अभियान के तहत ड्रग तस्करी के मामले में आइवरी कोस्ट के एक नागरिक को 126 ग्राम कोकेन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जोन जैक्स (37) के रूप में हुई है। आरोपी कोकेन को मोबाइल के डिब्बे में काले टेप से पैक कर स्कूटर की डिक्की में छिपाकर सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस अब उसके सप्लायर और खरीदारों की तलाश में जुटी है। डीसीपी अनंत मित्तल के अनुसार पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मैदान गढ़ी गांव बस स्टैंड के पास आरोपी को दबोचा।

**126 ग्राम कोकेन के साथ गिरफ्तार**

## जहांगीरपुरी से पकड़ा बांग्लादेशी नागरिक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जहांगीरपुरी इलाके से किन्नर का भेष बदलकर रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद अब्दुल अलीम उर्फ प्रीति के रूप में हुई है। उसके पास से बरामद मोबाइल फोन में प्रतिबंधित IMO ऐप इंस्टॉल मिला। फोन से बांग्लादेशी नागरिकता से जुड़े दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। DCP आकांक्षा यादव ने बताया कि इंस्पेक्टर विपिन कुमार के नेतृत्व में फॉरनर सेल की टीम अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की तलाश में अभियान चला रही थी।

**कराई थी जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी**

## चोरी की स्कूटी और 4 फोन बरामद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ डिस्ट्रिक्ट की ऑटो एंटी थेफ्ट स्क्वॉड (AATS) ने गाड़ी और मोबाइल चोरी के मामलों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मदनगीर निवासी प्रदीप (26) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी और चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

डीसीपी अनंत मित्तल के मुताबिक, पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि एक ऑटो लिफ्टर इलाके में आने वाला है। इसके बाद इंस्पेक्टर अमित दत्त शर्मा की देखरेख में एसआई शाजिद हुसैन, एएसआई रविंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल काना राम और राम दयाल की टीम ने ट्रैप लगाकर आरोपी को पकड़ लिया।

**चोरी के केस में आरोपी गिरफ्तार**

## धोखाधड़ी में वॉन्टेड था, साकेत से दबोचा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : द्वारका जिले की एंटी जेल बेल और प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर सेल की टीम ने चीटिंग के मामले में वॉन्टेड एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान विकास कपूर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ मोहन गार्डन थाने में दो साल पहले चीटिंग का मामला दर्ज हुआ था। पिछले साल द्वारका कोर्ट ने उसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था।

डीसीपी द्वारका कुशल पाल सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर हरीश कुमार की देखरेख में टीम ने आरोपी को पकड़ा।

**आरोपी को भगोड़ा भी घोषित कर दिया था**

shikshantar

Registrations Open for 2027-28
14th - 21st July, 2026



a place where I can be 'me'

Apply online at
www.shikshantarschool.com
Applications under ews category also welcome
South City 1, Gurgaon 122001, Haryana
tel: 0124-4889100
email: admissions@shikshantarschool.org
shikshantar
a place where I can be 'me'

Yeh aam hai Carbide-free, enjoy stress-free



Carbide-Free

Safal
सफल आम, सेफ आम
लंगड़ा आम ₹69.00 *Per kg
तरबूज (किरण) ₹25.00 *Per kg
देसी टमाटर ₹44.00 *Per kg
मोसम्बी ₹49.00 *Per kg
SAFAL FROZEN PEAS *NET QTY. 500 g MRP ₹ 135* 2 PEAS 200g PACKS FREE
SAFAL COCONUT WATER *NET QTY. 1 Ltr. MRP ₹ 180* OFFER PRICE ₹121
SAFAL IDLI DOSA BATTER *NET QTY. 1 kg MRP ₹ 120* OFFER PRICE ₹99
DOWNLOAD THE SAFAL APP TO ORDER NOW
NO ADDED COLOURS | GOODNESS OF NATURE | LOCALLY SOURCED
Safal hai toh safe hai

EUREKA FORBES



मर्क्युरी पीना बंद कीजिए

ORDINARY FILTER
STOP करें अपने वॉटर प्यूरीफायर में साधारण फिल्टर्स लगवाना। ये मर्क्युरी, आर्सेनिक, लेड और पेस्टीसाइड्स जैसे हानिकारक तत्वों को नहीं निकाल पाते, जिसके कारण गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं, यहाँ तक कि कैंसर भी!

Aquaguard NANOPORE
अच्छी तरह से CHECK करें और जेनुइन एक्वागार्ड नैनोपोर लॉन्ग-लाइफ फिल्टर्स ही लगाने के लिए कहें। ये पानी की आखिरी बूँद तक हानिकारक तत्वों को निकालते हैं, ताकि आप RELAX होकर शुद्ध पानी पिएँ।

NEW
Aquaguard NANOPORE
LONG-LIFE FILTERS
STOP. CHECK. RELAX.



84250 84250 या QR कोड अभी स्कैन करें और अपने फिल्टर की जाँच करवा कर अपने परिवार के लिए सुरक्षित पानी सुनिश्चित करें।

हमें पता है...
आप कुछ अलग ढूंढ रहे हैं।
बड़े ग्रुप्स नहीं... छोटे ग्रुप्स। सिर्फ़ मशहूर जगहें नहीं... कुछ हटकर डेस्टिनेशन्स। ज़्यादा फ्लेक्सिबिलिटी। ज़्यादा ऑथेंटिक लोकल एक्सपीरियंसेज़। लेकिन पूरी ट्रिप की प्लानिंग और मैनेजमेंट का टेन्शन नहीं। इसीलिए वीणा वर्ल्ड लेकर आया है...

यूरोप छोटे ग्रुप्स बड़ी खुशियाँ
फिक्स-डेट गॅरंटीड डिपार्चर्स



यूरोप... बिल्कुल नए अंदाज़ में
वीणा वर्ल्ड की सोच-समझकर बनाई गई आयटिनरीज़, आपके लिए एक्सक्लूसिव मर्सिडीज़ वेहिकल, अनुभवी ड्राइवर्स और वीणा वर्ल्ड के भरोसे के साथ अब यूरोप का हॉलिडे होगा और भी आरामदायक। छोटे ग्रुप्स में आराम से घूमिए, टूरिस्ट ट्रेल से हटकर नई जगहें एक्सप्लोर कीजिए और यूरोप को बिल्कुल अपनी तरह से एक्सपीरियंस कीजिए।
चाहे आप कपल हों, परिवार के साथ हों या दोस्तों के साथ... हॉलिडे का मज़ा आप लीजिए, बाकी सब हम पर सौंप दीजिए।
घूमो बिंदास... वीणा वर्ल्ड है ना!
CUSTOMIZED HOLIDAYS BY VEENA WORLD

न बड़ी कोच टूर, न प्राइवेट हॉलिडे। दोनों का बिल्कुल परफेक्ट बैलेंस।

आपका पसंदीदा यूरोप हॉलिडे चुनिए!

| कोड | पैकेज | दिन | डिपार्चर | प्रति व्यक्ति प्राइस (₹) |
|---|---|---|---|---|
| FDEU1 | प्राग वियना बुडापेस्ट | 7 | 4th Nov | 210000 |
| FDSP1 | स्पेन | 7 | 26th Nov | 250000 |
| FDEU2 | पेरिस ब्रूजेस एम्स्टरडैम | 8 | 20th Sept | 295000 |
| FDSW1 | स्विट्ज़रलैंड | 7 | 5th Nov | 310000 |
| FDIT2 | इटली विथ अमाल्फी कोस्ट | 7 | 5th Nov | 320000 |
| FDUK1 | इंग्लैंड स्कॉटलैंड | 8 | 23rd Sept | 390000 |
| FDIT1 | इटली विथ डोलोमाइट्स | 9 | 22nd Sept | 395000 |

अपना ग्रुप बनाइए और ज़्यादा बचत कीजिए।
- दिखाई गई कीमतें कम से कम 6 पर्यटकों के ग्रुप के लिए प्रति व्यक्ति गॅरंटीड हैं।
- अगर आपका परिवार या दोस्तों का ग्रुप 8, 10 या 12 पर्यटकों का है, तो प्रति व्यक्ति हॉलिडे प्राइस और भी कम हो जाएगी।
- 90+ दिन पहले बुकिंग करने वाले 8 या उससे ज़्यादा पर्यटकों के ग्रुप, अपनी पसंद की डिपार्चर डेट भी चुन सकते हैं।

आयटिनरी के अनुसार 4-स्टार होटल स्टे, ब्रेकफास्ट और सिटी टूर के लिए लोकल गाइड्स शामिल।
लिमिटेड डिपार्चर्स • जल्दी बुक कीजिए • बेहतर हॉलिडे का आनंद लीजिए

महत्वपूर्ण सूचना: दिखाई गई कीमत ट्विन-शेयरिंग के आधार पर कम से कम 6 पर्यटकों के ग्रुप के लिए प्रति व्यक्ति है। इसमें आयटिनरी के अनुसार होटल स्टे विथ ब्रेकफास्ट, साइटसीइंग, ट्रांसफर्स और रोज़ाना अधिकतम 12 घंटे के लिए मर्सिडीज़ स्प्रिंटर शामिल है। एयरफेयर, वीज़ा, इंश्योरेंस, लंच, डिनर और पर्सनल खर्च शामिल नहीं हैं। गवर्नमेंट टैक्स अतिरिक्त लागू होंगे। वीणा वर्ल्ड के स्टैंडर्ड T&C लागू होंगे।

Guaranteed Price | Mercedes Sprinter for travel | 24x7 Virtual Support | Assistance for Air Tickets, Visas & Travel Insurance | Tour Manager Available on Request

Tell us your dream holiday.
We'll design it your way.
Veena World Sales Office: New Delhi - 887 997 2700
Noida - 887 997 4100 | Gurugram - 887 997 4300
Toll Free: 1800 313 5555
customizedholidays@veenaworld.com
VEENA WORLD
Travel. Explore. Celebrate Life.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 07-17-2026 21:36 Color:

# डिजिटल समृद्धि की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश

## प्रोजेक्ट गंगा: उत्तर प्रदेश के आधुनिक भविष्य की आधारशिला

प्रोजेक्ट गंगा उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भविष्य की जरूरतों के अनुरूप एक मजबूत डिजिटल आधारभूत संरचना (डिजिटल बैकबोन) तैयार करना है। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के डिजिटल भविष्य की मजबूत नींव है। इसके माध्यम से प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों, किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे तथा आने वाले वर्षों में व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को गति मिलेगी।

यह पहल केवल ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार तक सीमित नहीं है। इसके तहत स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा, जो अपने ही गांवों और क्षेत्रों में फाइबर ब्रॉडबैंड नेटवर्क स्थापित करेंगे और विभिन्न डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। हाई स्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के माध्यम से प्रोजेक्ट गंगा ग्रामीण उत्तर प्रदेश में डिजिटल आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करेगा, समावेशी विकास को बढ़ावा देगा और तकनीक-आधारित विकास के लिए एक सक्षम एवं सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) तैयार करेगा।








## गांव-गांव तक कनेक्टिविटी का प्रसार, अवसरों को मिल रहा नया विस्तार

### ▸▸ हर गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट गंगा की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक गांव तक हाई-स्पीड डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाना है।

### ▸▸ डिजिटल क्रांति की ओर बड़ा कदम

सरकार का लक्ष्य लगभग 20 लाख परिवारों को हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना, 8,000 से 10,000 डिजिटल सेवा प्रदाता (डीएसपी) तैयार करना तथा एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित करना है। परियोजना के प्रथम चरण में इसे 21 जिलों में लागू किया जा रहा है।

### ▸▸ डिजिटल एक्सप्रेसवे का निर्माण

प्रोजेक्ट गंगा उत्तर प्रदेश के नए 'डिजिटल एक्सप्रेसवे' के रूप में उभरेगा, जो डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन और स्मार्ट कृषि के लिए नई आधारशिला तैयार करेगा। इस परियोजना का नेटवर्क प्रदेश की 57,000 ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा।

### ▸▸ तकनीक से व्यापार तक

मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत राज्य सरकार युवाओं को 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है। प्रोजेक्ट गंगा के तहत चयनित युवा भी इस सुविधा का लाभ उठाकर डिजिटल सेवा प्रदाता (डीएसपी) के रूप में अपना उद्यम स्थापित कर सकेंगे।

### ▸▸ रोजगार के नए अवसर

प्रोजेक्ट गंगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण, ई-गवर्नेंस, साइबर सुरक्षा, पब्लिक वाई-फाई, स्मार्ट कृषि और आईटी आधारित सेवाओं के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### ▸▸ महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा

इस परियोजना में महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी तथा लगभग 50 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं होंगी।

### ▸▸ सतत आजीविका का मजबूत आधार

यह योजना डिजिटल सेवा प्रदाताओं (डीएसपी) के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सकती है। अनुमान है कि जैसे-जैसे 350 से 390 प्रति माह के इंटरनेट कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे एक डिजिटल उद्यमी की मासिक आय सात से आठ महीनों में लगभग 20,000 तक पहुंच सकती है। कनेक्शनों की संख्या में और वृद्धि होने पर यह आय 1 लाख प्रति माह तक पहुंचने की संभावना है।

**स्मार्ट सेवाएं**

- घर-घर हाई-स्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी
- सीसीटीवी निगरानी के लिए कनेक्टिविटी
- आईपीटीवी सेवाएं
- उद्यमों के लिए कनेक्टिविटी समाधान
- ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक निर्बाध पहुंच
- पब्लिक वाई-फाई समाधान
- व्यवसायों के लिए साइबर सुरक्षा समाधान

**तकनीक के माध्यम से सशक्त होता ग्रामीण भारत**

- लाइव एचडी ऑनलाइन शिक्षा
- आईटी आधारित रोजगार के अवसर
- उन्नत टेलीमेडिसिन सेवाएं
- सटीक (प्रिसिजन) खेती
- एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित स्वास्थ्य सेवाएं
- सामुदायिक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी
- रिमोट वर्किंग की सुविधा
- भविष्य के अनुरूप डिजिटल सेवाएं

### ▸▸ भविष्य के लिए तैयार आधारभूत संरचना

यह परियोजना एक ऐसे दीर्घकालिक डिजिटल इकोसिस्टम का निर्माण करेगी, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग और स्मार्ट सार्वजनिक सेवाओं जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को प्रभावी ढंग से समर्थन देने में सक्षम होगा।

### ▸▸ डिजिटल विभाजन को पाटने की दिशा में कदम

यह पहल शहरी और ग्रामीण उत्तर प्रदेश के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी की खाई को कम करते हुए सभी नागरिकों के लिए डिजिटल समावेशन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ▸▸ नागरिकों के लिए आवश्यक सेवाएं

हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड के माध्यम से टेलीमेडिसिन, डिजिटल शिक्षा, ऑनलाइन कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण और सरकारी सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सेवाएं प्रदेश के सबसे दूरस्थ गांवों तक भी पहुंच सकेंगी।








READER ENGAGEMENT INITIATIVE

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 07-17-2026 23:43 Color:



# नए पुलिस कमिश्नर के सामने खड़ीं 5 चुनौतियां

## पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार से लेकर ऑर्गनाइज्ड क्राइम तक से पाना होगा पार

**करीब 20 साल बाद दिल्ली पुलिस में कमिश्नर के तौर पर वापसी कर रहे 1994 बैच के आईपीएस अनुराग कुमार के सामने कई चैलेंज हैं। राजधानी होने के नाते यहां की कोई भी वारदात सुर्खियां बटोर लेती हैं। ऐसे में कानून-व्यवस्था कायम करने से लेकर संगठित अपराध पर काबू पाना और महकमे में बढ़ते करप्शन पर लगाम लगाना नए कमिश्नर के लिए सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। पुलिस वालों पर काम के दबाव को कम करने और जनता का भरोसा जीतने को लेकर भी काम करने की दरकार है। पेश है शंकर सिंह की रिपोर्ट :**

### 1 चरम पर पहुंचता भ्रष्टाचार

पिछले साल नॉर्थ वेस्ट जिले के इंस्पेक्टर सुनील जैन, इस साल द्वारका एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के इंस्पेक्टर सुभाष यादव और हाल ही में क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह को करोड़ों की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। थानों, ट्रैफिक स्टाफ और अन्य यूनिट्स में तैनात पुलिसकर्मियों को सीबीआई और विजिलेंस डिपार्टमेंट ने रंगेहाथ रिश्वत लेते रंगे पकड़ा।



**नई पारी:** 1994 बैच के आईपीएस अनुराग कुमार ने शुक्रवार को पुलिस हेडक्वॉर्टर में अपना चार्ज लिया

### 2 सिरदर्द बनता संगठित अपराध

वसूली, सट्टेबाजी और जमीन कब्जाने जैसे अपराध लगातार पांव पसार रहे हैं। कई गैंग सक्रिय हैं। विदेश भागे और जेल में बैठे गैंगस्टर हत्या समेत कई अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। घरों पर फायरिंग कर दहशत फैला रहे हैं। कई बिजनेसमैन पुलिस के पास जाने की बजाय सेटलमेंट करना मुनासिब समझ रहे हैं। कई एक्सटॉर्शन केस में पुलिस वालों की भूमिका संदिग्ध रही है। गैंगस्टरों से मिलीभगत तक सामने आई है।

### 3 बेकाबू होता नशे का कारोबार

राजधानी को 2027 तक नशा मुक्त करने का लक्ष्य है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) ने अलग-अलग एरिया में 123 'रेड जोन' की पहचान की है। इसके बावजूद नशे के कारोबार को काबू नही किया जा सका है। इस वजह से क्राइम में भी इजाफा हो रहा है। तुगलकाबाद एक्सटेंशन अग्निकांड में 12 जून को एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हुई थी। इसके पीछे ड्रग सिंडिकेट का हाथ सामने आया था।

### 4 फैलता साइबर फ्रॉड का जाल

हर जिले में साइबर पुलिस स्टेशन होने और अब थानों में भी छोटे केस दर्ज किए जाने के बावजूद अभी भी इनके केसों को दर्ज कराने के लिए पब्लिक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साइबर क्राइम तेजी से होने की वजह से पुलिस वालों पर काफी दबाव भी है। ऐसे में हाई प्रोफाइल और बड़ी रकम वालों केसों को प्राथमिकता मिलती है। लेकिन जिन पीड़ितों के छोटी रकम वाले केस होते हैं, उनको निराशा ही हाथ लगती है।

### 5 मुकदमों में लगातार मिलती मात

महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (MCOCA) समेत अन्य केस में पुलिस को मात मिल रही है। ऐसे में गैंगस्टर्स और आदतन अपराधी छूट रहे हैं या जमानत मिल रही है। कई सनसनीखेज और हाई-प्रोफाइल केस में पुलिस केस सॉल्व करने के लिए बगैर सटीक जांच के गिरफ्तारियां डाल देती है। जिन मामलों में जमानत मिल जाती है, उनमें जांच अधिकारी चार्जशीट दाखिल करने में देरी करते हैं।

# गोलछा की रवानगी को लेकर अब महकमे में कई तरह की अटकलें

Shanker.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** खुद को हटाए जाने से बेखबर निवर्तमान पुलिस कमिश्नर सतीश गोलछा शुक्रवार सुबह मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ एक कार्यक्रम में पौधरोपण कर रहे थे। इसी बीच, इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB)के स्पेशल डायरेक्टर अनुराग कुमार को सीपी बनाए जाने का ऑर्डर आ गया। अचानक इस घटनाक्रम से महकमे में हड़कंप मच गया। आला अफसरों से लेकर निचला स्टाफ तक ऑर्डर पर भरोसा नहीं कर पा रहा था। कई ऑर्डर को ही शक की निगाह से देखने लगे। नए सीपी के चार्ज संभालने का विडियो वायरल हुआ, तब जाकर सबको विश्वास हो पाया।

एक साल के भीतर सरकार ने कमिश्नर को कार्यकाल पूरा होने से पहले ही बदल दिया। इससे पहले आईबी से अनुराग को तीन साल के लिए मूल कैडर AGMUT में वापस भेजा गया था। गोलछा ने 22 अगस्त 2025 को इसी तरह चौंकाने वाले ऑर्डर के साथ सीपी का कार्यभार संभाला था। दरअसल तीन साल तक कमिश्नर रहे संजय अरोड़ा के 31 जुलाई 2025 को रिटायर होने पर डीजी (होम गार्ड) एसबीके सिंह को सीपी का अडिशनल चार्ज दिया गया था। माना जा रहा था कि वह अगले सीपी होंगे, लेकिन गृह मंत्रालय अचानक 22 दिन बाद ही तिहाड़ जेल के डीजी गोलछा के ऑर्डर कर दिए।

गोलछा का रिटायरमेंट 30 अप्रैल 2027 को होना है, इसलिए माना जा रहा था कि वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। इस दौरान करोड़ों रुपये के रिश्वत की मांग करने और लेने के आरोप में इंस्पेक्टर सीबीआई की गिरफ्त में आए। निचला स्टाफ भी रिश्वतखोरी में जांच एजेंसियों के शिकंजे में आता रहा। एसएचओ की तैनाती समेत अन्य तरह के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर सवाल खड़े होने लगे। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व सीपी संजय अरोड़ा ने पुलिस एस्टैब्लिशमेंट बोर्ड (PEB) का गठन किया था, जिसमें चार स्पेशल सीपी इंटरव्यू लेते थे, लेकिन उनके कार्यकाल में इसके बगैर लिस्ट निकाली गई।

सूत्रों के मुताबिक, एसएचओ की पोस्टिंग में पारदर्शिता का मामला तूल पकड़ने लगा तो उन्होंने अबकी बार इंटरव्यू शुरू कर दिए।



**काम संभाला:** IB के स्पेशल डायरेक्टर अनुराग कुमार को सीपी बनाए जाने का ऑर्डर अचानक आया

# फर्ज़ीवाड़ा : ITR से चूना लगाने की आरोपी पर अभियोजन शुरू

## 3000 से अधिक लोगों के साथ जालसाज़ी का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद



AI Image

**मेरठ में** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने एक बड़े टैक्स फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। विभाग ने मेरठ निवासी नैंसी अग्रवाल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। आरोप है कि उसने देशभर के 3,000 से अधिक लोगों के फर्जी इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) दाखिल कराकर सरकार से गलत तरीके से टैक्स रिफंड दिलाया। नैंसी लोगों को गैर-कानूनी टैक्स छूट और मोटे रिफंड का लालच देती थी। इस पूरे फर्जीवाड़े के जरिए उसने करीब 357 करोड़ रुपये की झूठी टैक्स कटौती का दावा पेश किया, जिसके दम पर सरकार के खजाने से लगभग 65.46 करोड़ का फर्जी रिफंड भी निकाल लिया गया। जिन्होंने नैंसी के जरिए गलत तरीके से रिफंड क्लेम किया था। विभाग ने ऐसे हजारों टैक्सपेयर्स को नोटिस जारी कर दिए हैं। इनमें से अधिकांश सैलरीड कर्मचारियों ने अपने पुराने टैक्स रिटर्न को रिवाइज करना शुरू कर दिया है और अपने झूठे दावों को वापस ले रहे हैं।

इस नेटवर्क का खुलासा 14 जुलाई 2025 को मेरठ इन्वेस्टिगेशन यूनिट की छापेमारी के दौरान हुआ। आयकर विभाग ने नैंसी से जुड़े चार परिसरों और दो बैंक लॉकरों की तलाशी ली। दरअसल, नैंसी अग्रवाल मेरठ की एक झुग्गी-झोपड़ी में रहती है, लेकिन अवैध धंधे के दम पर कुछ ही महीनों में बड़ी संपत्ति जमा कर ली। उसके पास से 5 लाख रुपये नकद, करीब 4 करोड़ रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट, दस्तावेज, हस्तलिखित डायरियां, नोटबुक और कंप्यूटर-लैपटॉप जब्त किए गए। जांच एजेंसियों के मुताबिक, डिजिटल उपकरणों में पूरे फर्जीवाड़े का रिकॉर्ड मिला है।

नैंसी मुख्य रूप से नौकरीपेशा लोगों को निशाना बनाती थी। वह टैक्स बचाने और अधिक रिफंड का लालच देकर ग्राहकों को जोड़ती थी। नेटवर्क बढ़ाने के लिए उसने 'चेन सिस्टम' अपनाया था। पुराने ग्राहकों को नए ग्राहक लाने पर फीस में छूट दी जाती थी। उसका नेटवर्क तेजी से फैलता गया। आयकर विभाग ने नैंसी के जरिए गलत रिफंड लेने वाले हजारों करदाताओं को नोटिस जारी किए हैं।

मुंबई से पकड़ी गई पूरी यूनिट, 3 अरेस्ट

मुंबई से पकड़ी गई पूरी यूनिट, 3 अरेस्ट

# मुंबई में नकली नोट बना दिल्ली में खपाते थे, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भलस्वा डेयरी** थाना पुलिस ने मुंबई से नकली नोट तैयार करने की एक पूरी यूनिट पकड़ी है। आरोपी यहां कंप्यूटर सॉफ्टवेयर से नकली नोट बनाकर दिल्ली के बाजारों में खपाते थे। मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से नकली 100 रुपये के 286 नोट, 500 के 13 नकली नोट और 500 रुपये के छह सैंपल नकली नोट बरामद किए हैं। साथ ही नकली नोट तैयार करने में इस्तेमाल पूरा प्रिंटिंग सेटअप भी जब्त किया गया है।

डीसीपी आउटर-नॉर्थ शोभित डी. सक्सेना ने बताया कि 29 जून को भलस्वा डेयरी स्थित एक जनरल स्टोर मालिक पंकज ने बताया कि उनके पास एक कस्टमर सिगरेट खरीदने आया, जिसने 100 रुपये के छह नोट दिए। नोटों का कागज और बनावट संदिग्ध लगी तो उन्होंने बीट पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल प्रतीक को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी नटराज मोहन कंचन (62), निवासी नवी मुंबई, को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहाड़गंज के एक होटल में ठहरा हुआ है। पुलिस ने वहां छापा मारकर 100 रुपये के 180 और 500 रुपये के 13 नकली नोट बरामद किए।



AI Image

### आरोपी से पूछताछ के बाद मुंबई में मारा छापा

**नॉर्दर्न रेंज** जॉइंट सीपी विजय सिंह के निर्देश पर एक टीम मुंबई के लिए रवाना हुई। मुंबई पुलिस की मदद से नटराज के ठिकाने पर छापा मारा गया, जहां नकली नोट छापने की पूरी यूनिट मिली। वहां से लैपटॉप, प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन, वॉटरमार्क पेपर, विशेष प्रिंटिंग पेपर, कटर और अन्य उपकरण बरामद किए गए। तकनीकी जांच के आधार पर 13 जुलाई को नवी मुंबई रेलवे स्टेशन से विनोद मुन्नीलाल जायसवार को गिरफ्तार किया गया। जो इस गिरोह का टेक्निकल मास्टरमाइंड है।

11 गिरफ्तारियों के बाद एसीबी की जांच में मनी ट्रेल खंगालने पर फोकस

# जेल में बंद कैदियों को सुविधा के नाम पर परिवार से होती थी उगाही

■ शमसे आलम, नई दिल्ली

**रोहिणी और** तिहाड़ जेल से जुड़े कथित उगाही और रिश्वतखोरी नेटवर्क की जांच में एंटी करप्शन ब्रांच (ACB) के सामने चौंकाने वाले तथ्य आए हैं। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, जेल के अंदर पूरा नेटवर्क बेहद सुनियोजित तरीके से संचालित किया जाता था। आरोप है कि वार्डर और अन्य आरोपी पहले जेल में बंद अंडरट्रायल कैदियों से संपर्क करते थे। इसके बाद उन्हें बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा और जेल के भीतर राहत दिलाने का भरोसा देकर उनके परिजनों से पैसे मंगवाने का दबाव बनाया जाता था। एसीबी फिलहाल गिरफ्तार 11 आरोपियों से पूछताछ के साथ डिजिटल साक्ष्यों, बैंक खातों और वित्तीय लेनदेन की गहन जांच कर रही है। आगे और गिरफ्तारियों की भी संभावना नजर आ रही है।

सूत्रों के अनुसार, कैदियों को आरोपी बैंक अकाउंट नंबर या UPI आईडी उपलब्ध कराते थे। जब भी किसी कैदी की अपने परिवार से फोन पर बात होती या मुलाकात का मौका मिलता, तब वह उन्हें वही अकाउंट नंबर या UPI नंबर देकर उसमें रकम ट्रांसफर करने को कहता था। बताया जा रहा है कि इसी तरीके से कथित तौर पर अवैध वसूली का पूरा नेटवर्क संचालित होता था। रकम सीधे अलग-अलग खातों में पहुंचती थी और बाद में उसे आपस में बांटा जाता था। एसीबी की जांच में अब सबसे बड़ा फोकस इसी मनी ट्रेल पर है। सूत्रों का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों और उनसे जुड़े अन्य बैंक खातों की पड़ताल की जा रही है। यह भी जांच हो रही है कि किन-किन खातों में पैसे पहुंचे और उसके बाद रकम कहां भेजी गई। अधिकारियों का मानना है कि वित्तीय लेनदेन की कड़ियां खुलने के साथ इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

**कैदियों को आरोपी बैंक अकाउंट नंबर या UPI नंबर देते थे**




रोहिणी, तिहाड़ जेल से जुड़े उगाही और रिश्वतखोरी नेटवर्क की जांच में खुलासा

**सीनियर अधिकारी सीधे सामने नहीं आते:** तिहाड़ जेल के एक रिटायर्ड अधिकारी ने बताया कि जेलों में इस तरह की उगाही का खेल कोई नया नहीं है। उनके मुताबिक, कई मामलों में वरिष्ठ अधिकारी सीधे सामने नहीं आते, बल्कि निचले स्तर के कर्मचारियों के जरिए पूरा काम कराया जाता है। कार्रवाई भी अक्सर वार्डर, हेड वार्डर या अन्य कर्मचारियों तक ही सीमित रह जाती है। उन्होंने दावा किया कि कई बार जेल कर्मचारी कैदियों के परिजनों के घर तक जाकर नकद रकम भी लेते रहे हैं। यही वजह होती है कि दूसरे कैदी भी जेल में सुविधाएं पाने के लिए ऐसे कर्मचारियों से संपर्क करने की कोशिश करते हैं।




AI Image

# 'बॉस' का यह हुक्म सुनते ही हो जाएं सावधान, पीछे बैठा है जालसाज़!

■ शमसे आलम, नई दिल्ली

**मार्केट रेगुलेटर** सेबी ने कंपनियों और रेगुलेटेड संस्थाओं को तेजी से बढ़ रहे 'बॉस स्कैम' को लेकर आगाह किया है। इस साइबर फ्रॉड में ठग कंपनी के CEO, MD या किसी दूसरे बड़े अधिकारी की पहचान का इस्तेमाल कर फाइनेंस टीम या कर्मचारियों से पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) ने भी इस तरह के फ्रॉड के बढ़ते मामलों को लेकर अलर्ट जारी किया है। ठग ईमेल, वॉट्सऐप, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स और दूसरे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए किसी सीनियर अधिकारी के नाम पर संपर्क करते हैं और तुरंत पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाते हैं। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि आखिर 'बॉस स्कैम' क्या है, ठग इसे कैसे अंजाम देते हैं और इससे बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

साइबर अपराधी पहले किसी कर्मचारी को बॉस के नाम और प्रोफाइल फोटो लगाकर वट्सऐप मेसेज भेजते हैं। मेसेज में अकाउंट स्टेटमेंट, इनवॉइस या वित्तीय दस्तावेज के नाम पर ZIP फाइल होती है। जैसे ही कर्मचारी फाइल डाउनलोड करता है, ठग उसके वट्सऐप तक पहुंच बनाने की कोशिश करते हैं। इसके बाद वट्सऐप अकाउंट से बॉस या कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी की पहचान का फायदा उठाकर अकाउंट डिपार्टमेंट या अन्य कर्मचारियों को 'अर्जेंट पेमेंट' के लिए मेसेज भेजे जाते हैं। कई मामलों में ऐसा भी देखा गया है कि वट्सऐप पर कंपनी के बॉस का फोटो लगाते हैं, फिर उनके ऑफिस के कर्मचारी को वट्सऐप मेसेज कर तुरंत रुपये की मांग करते हैं। कर्मचारी भी बॉस की फोटो देख, बिना किसी जांच के रुपये उस ठग के खाते में ट्रांसफर कर देते हैं।

**केस स्टडी-1: पूर्व सांसद से 7.8 करोड़ रुपये की ठगी:** देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे पूर्व राज्यसभा सांसद के स्टाफ से साइबर ठगों ने 7.8 करोड़ रुपये एक बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। वट्सऐप पर उनकी प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल कर उनके स्टाफ सदस्य को धोखा दिया गया। इस मामले में भी साइबर ठगों ने बॉस स्कैम जैसी तकनीक अपनाकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। जांच में सामने आया कि रकम कई अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए ट्रांसफर कराई गई।

**केस स्टडी-2: फर्जी CEO बनकर मांगे रुपये:** दिल्ली-एनसीआर की कई निजी कंपनियों में भी ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें साइबर ठगों ने कंपनी के सीईओ या वरिष्ठ अधिकारियों की फोटो और नाम का इस्तेमाल कर कर्मचारियों को वट्सऐप मेसेज भेजे। मेसेज में किसी नए बैंक खाते में तुरंत भुगतान करने और किसी से चर्चा नहीं करने के निर्देश दिए गए। कई कंपनियों में कर्मचारियों की सतर्कता से बड़ी रकम ट्रांसफर होने से बच गई, जबकि कुछ मामलों में आर्थिक नुकसान भी हुआ।

### ऐसे बचें 'बॉस स्कैम' से

- ZIP या संदिग्ध अटैचमेंट को डाउनलोड न करें।
- केवल वट्सऐप मेसेज के आधार पर भुगतान न करें।
- नए खाते में पेमेंट से पहले टू-स्टेप वेरिफिकेशन रखें।
- बड़ी पेमेंट से पहले फोन, विडियो कॉल या आमने-सामने पुष्टि जरूर करें।
- कंपनी के अकाउंट डिपार्टमेंट और कर्मचारियों को नियमित साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग दें।

**बॉस के नाम पर कोई भी रुपये ट्रांसफर करने के लिए मेसेज करे, तो पहले जांच लें। ठग पहले एपीके और जिप फाइल भेजते हैं, इसे डाउनलोड न करें। 'तुरंत पेमेंट' या 'गोपनीय' निर्देश वाले मेसेज पर कार्रवाई करने से पहले उसकी पुष्टि करना ही सबसे प्रभावी बचाव है।**
-विनीत कुमार, डीसीपी, IFSO

# मायापुरी मेट्रो स्टेशन पर शाफ्ट में गिरने से सफाईकर्मी की मौत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** मायापुरी मेट्रो स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान एक हाउसकीपिंग कर्मचारी की शाफ्ट में गिरने से मौत हो गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि सफाई करने के दौरान शाफ्ट की जिप्सम बोर्ड फ्लोरिंग टूटने से कर्मचारी नीचे जा गिरा। गंभीर हालत में उन्हें दीन दयाल उपाध्याय (DDU) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस हादसे के कारणों के साथ-साथ सुरक्षा मानकों में चूक की भी जांच कर रही है। मेट्रो यूनिट के डीसीपी डॉ. आनंद डाभी के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर करीब 2:20 बजे आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो थाना पुलिस को हादसे की सूचना मिली। मृतक की पहचान बुद्ध नगर इंद्रपुरी निवासी रमेश (54) के रूप में हुई। वह एम3एस (एमएस सपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) के जरिए मायापुरी मेट्रो स्टेशन पर हाउसकीपिंग कर्मचारी के तौर पर तैनात थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के अनुसार रमेश सुबह 11:47 बजे शाफ्ट में एंट्री करते दिखाई देते हैं और करीब एक मिनट के अंदर हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डीडीयू अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

**शाफ्ट की जिप्सम बोर्ड फ्लोरिंग टूटने से हुआ हादसा**

# युवती के रेप-मर्डर केस में 973 पन्नों की चार्जशीट की दाखिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ईस्ट ऑफ** कैलाश के कैलाश हिल्स में यूपीएससी की तैयारी कर रही युवती से रेप, हत्या और लूट के मामले में साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 973 पन्नों की चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी है। पुलिस ने दावा किया है कि वैज्ञानिक जांच, फरेंसिक रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों की मजबूत कड़ी के आधार पर आरोपी के खिलाफ ऐसा केस तैयार किया गया है, जिससे ट्रायल के दौरान केस को मजबूती मिलेगी। मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को अमर कॉलोनी इलाके में हुई इस वारदात के बाद पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती आरोपी तक पहुंचने की थी। इसके लिए लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ, एएटीएस, एसटीएफ यूनिट को लगाया गया। जांच के दौरान 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिससे आरोपी के आने और भागने का पूरा रूट तैयार हुआ। इसी कड़ी में स्पेशल स्टाफ की टीम ने राहुल कुमार मीणा(23) की पहचान कर उसे 8 से 9 घंटे में द्वारका स्थित एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पड़ोसियों, सिक्योरिटी गार्ड, घरेलू सहायकों, मजदूरों, ड्राइवरों, सफाई कर्मचारियों, ऑटो और कैब ड्राइवर समेत बड़ी संख्या में लोगों से पूछताछ की। राजस्थान, हरियाणा, यूपी और दिल्ली के कई इलाकों में जाकर साक्ष्य जुटाए। आरोपी की निशानदेही पर घर से लूटा गया पूरा सामान भी बरामद कर लिया गया।



**16 जुलाई को चार्जशीट दाखिल की गई, 82 गवाहों को शामिल किया है**

इसके बाद पुलिस ने सेंट्रल फरेंसिक साइंस लैब (CFSL) विशेषज्ञों की मौजूदगी में घटनास्थल का क्राइम सीन रिक्रिएशन कराया गया। आरोपी के घर में एंट्री, वारदात और बाहर निकलने की पूरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गेट पैटर्न एनालिसिस, आरोपी का बिहेवियरल एनालिसिस इंटरव्यू और लेयर्ड वॉयस एनालिसिस (LVA) भी कराया गया। जांच में घटनास्थल से मिले फिंगरप्रिंट और पाम प्रिंट आरोपी से मैच हो गए। वहीं फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी डिविजन की फरेंसिक रिपोर्ट ने भी पुलिस की जांच की पुष्टि की। सबसे अहम साक्ष्य डीएनए प्रोफाइलिंग रही, जिसमें आरोपी का डीएनए घटनास्थल से मिले जैविक नमूनों से मेल खा गया।

# छठी क्लास की स्टूडेंट से अश्लील हरकत, गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, सीमापुरी:** शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के सीमापुरी थाना क्षेत्र के एक स्कूल में छठी क्लास की 10 वर्षीय स्टूडेंट से कथित अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। आरोप है कि कंप्यूटर लैब में क्लास के दौरान स्कूल के टेक्नीशियन ने स्टूडेंट के साथ अश्लील हरकत की और बाद में आपत्तिजनक टिप्पणी भी की। घटना का एक विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक घटना मई महीने की है। 17 जुलाई को शिकायत मिलने के बाद सीमापुरी थाने में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



# कार ओवरटेक के विवाद में मारी गोली

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आजादपुर मंडी के पास बुधवार देर रात कार ओवरटेक को लेकर हुए विवाद में फायरिंग हो गई, जिसमें एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान प्रिंस मान के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस के सिपाही ने एक आरोपी को पकड़कर आदर्श नगर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि 15 जुलाई की रात करीब 12:30 पर आजादपुर मंडी के गेट नंबर-1 के पास गोली चलने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो ट्रैफिक सर्किल मॉडल टाउन में तैनात सिपाही उद्यम सिंह ने मोहम्मद कैफ नाम के युवक को पकड़ रखा था। वहीं घायल प्रिंस मान को लोक नायक अस्पताल पहुंचाया गया।




# कोई भी फोन लेकर खुद को रिपोर्टर बताता है: HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**'प्रेस की** आजादी लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ है, लेकिन इसका इस्तेमाल गैर-जिम्मेदाराना पत्रकारिता की ढाल के रूप में नहीं किया जा सकता।' दिल्ली हाई कोर्ट ने यह अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लैटफॉर्म के तेजी से विस्तार के बाद मीडिया का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी प्रभावी नियमन के काम कर रहा है। कोर्ट ने कहा कि अब समय आ गया है कि विधायिका ऐसा रेगुलेटरी फ्रेमवर्क बनाने पर विचार करे, जो प्रेस की स्वतंत्रता को बरकरार रखते हुए पेशेवर जवाबदेही, नैतिक मानकों और नागरिकों के अधिकारों की भी रक्षा करे।

जस्टिस गिरीश कठपालिया ने यह टिप्पणी सीमापुरी में यूट्यूब रिपोर्टरों के साथ कथित मारपीट के मामले में आरोपी आबिद अली और फुरकान को 16 जुलाई को जमानत देते हुए की। कोर्ट ने कहा कि आज के दौर में मोबाइल फोन और माइक्रोफोन लेकर कोई भी खुद को रिपोर्टर बताने लगता है, जबकि कई मामलों में उसके पास पत्रकारिता का प्रशिक्षण, नैतिक समझ और पेशेवर जवाबदेही नहीं होती। ऐसे में डिजिटल पत्रकारिता के बढ़ते दायरे के साथ जवाबदेही सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है।




कोर्ट ने कहा कि कई स्वयंभू रिपोर्टर लोगों के सामने आक्रामक तरीके से माइक्रोफोन बढ़ाकर तत्काल जवाब मांगते हैं। यदि कोई चुप रहने का विकल्प चुनता है तो उसे सवालों से बचने वाला बताकर भ्रामक माहौल बनाया जाता है।

हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि चुनिंदा रिपोर्टिंग, बिना पुष्टि वाले आरोपों और सनसनीखेज प्रस्तुति के जरिए किसी समुदाय या सामाजिक समूह को निशाना बनाने की प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। ऐसी रिपोर्टिंग से लोगों की भावनाएं भड़क सकती हैं, सामाजिक तनाव बढ़ सकता है और कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

**क्या है मामला :** मामला सीमापुरी की एक अनधिकृत कॉलोनी में स्थित पूजा स्थल पर विडियो रिकॉर्डिंग के दौरान यूट्यूब चैनल से जुड़े दो फ्रीलांसरों के साथ कथित मारपीट से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि उपलब्ध विडियो फुटेज में आरोपियों की पहचान पूरी तरह स्पष्ट नहीं थी और यह एक 'ग्रे एरिया' था। दोनों आरोपी करीब एक साल से हिरासत में थे और मुकदमे के जल्द खत्म होने की संभावना भी नहीं थी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 07-17-2026 23:07 Color:



# घर के पास ही मिलेगा इलाज, बढ़ा दिल्ली का स्वास्थ्य नेटवर्क

## राजधानी में 1100 से अधिक आरोग्य मंदिरों का लक्ष्य जल्द होगा पूरा : CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

2 मिनट में पढ़ें

**मुफ्त ओपीडी, जांच और दवाइयां**

**सरकार ने** दिल्ली में 1100 से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शकूरपुर से अलग-अलग जगहों पर बनाए गए 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल नए स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन नहीं, बल्कि हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर त्रिनगर से विधायक तिलक राम गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उद्घाटन के साथ ही दिल्ली में 415 से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर लोगों को घरों के निकट गुणवत्तापूर्ण और सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार जल्द ही 1100 से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर स्थापित करने के लक्ष्य को भी पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन आरोग्य मंदिरों में सामान्य ओपीडी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित टीकाकरण, बीमारियों की निःशुल्क जांच, आवश्यक दवाइयां, स्वास्थ्य परामर्श और लगभग 80 प्रकार की निःशुल्क जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन केंद्रों में बीमारी की रोकथाम, शुरुआती पहचान, समय पर उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने नागरिकों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित जीवनशैली अपनाने और योग व व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का भी आह्वान किया।



रेखा गुप्ता ने 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण किया

### मंत्री ने बवाना में की आरोग्य मंदिर की शुरुआत

समाज कल्याण मंत्री और बवाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने पंजाब खोर स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि आरोग्य मंदिर केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन केंद्रों के माध्यम से लोगों को डॉक्टर परामर्श, आवश्यक दवाइयां, लैब जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं जैसी सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध होंगी।

### द्वारका एक्सप्रेसवे पर हादसा, कार ड्राइवर के आरपार हुआ सरिया

# सरिये से लदे ई-रिक्शा से कैब की टक्कर, 1 की मौत

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव

**द्वारका एक्सप्रेसवे** पर शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। दिल्ली की तरफ जा रही तेज रफ्तार कैब ने ओवरटेक लेन में चल रहे ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा में लदा सरिया कैब के अगले हिस्से को चीरता हुआ ड्राइवर के शरीर के आर-पार हो गया। कैब चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार की पिछली सीट पर बैठी महिला इसे देखकर बेहोश हो गई। सेक्टर-37 पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार, हादसा शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे एवीएल सोसायटी के पास हुआ।

**आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल जांच कर रही पुलिस**

बताया जा रहा है कि एक्सप्रेसवे पर अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा में सरिये लदे थे, जो रिक्शा से बाहर तक निकले हुए थे। इन सरियों पर कोई लाल कपड़ा या रिफ्लेक्टर भी नहीं था। हादसे के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही सेक्टर-37 पुलिस और ट्रैफिक पुलिस टीम पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कैब में फंसे ड्राइवर के शव को बाहर निकाला। बेहोश महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के कारण एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने वाहनों को किनारे करवाकर सामान्य कराया।



कैब में पीछे की सीट पर बैठी महिला भी हुई सरिया लगने से घायल

### एक्सप्रेसवे पर ई-रिक्शा और टू-वीलर प्रतिबंधित

**पता चला** कि हादसे में जान गंवाने वाले 21 साल के शिवेंद्र कुमार फिरोजाबाद के मोहम्मदपुर नवादा के रहने वाले थे। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में रिक्शा चालक ने दावा किया कि वह अपना वाहन धीरे चला रहा था और कार ने पीछे से टक्कर मारी। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का कहना है कि द्वारका एक्सप्रेसवे पर टू-वीलर और ई-रिक्शा जैसे धीमे चलने वाले वाहनों के आने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद लोग नियमों का उल्लंघन करते हैं।

### क्या कहते हैं नियम

1. **बॉडी से बाहर सामान ले जाने पर रोकः** सरिया, लोहा या अन्य भारी सामान वाहन की कुल लंबाई (डाले या बॉडी) से बाहर पीछे, आगे या साइड में नही निकला होना चाहिए।
2. **सुरक्षा संकेतः** किसी परिस्थिति में विशेष अनुमति के साथ माल बाहर है तो चमकदार लाल कपड़ा और रिफ्लेक्टर लगाना अनिवार्य है।
3. **सामान को मजबूती से बांधनाः** : सरिये जैसे भारी और फिसलने वाले सामान को वाहन में चेन या बेहद मजबूत रस्सियों से बांधाना चाहिए कि वह खिसके नही।

## कैंटर ने बाइक सवार नाबालिग सहित दो को कुचला, मौत

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना धौलाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात मसूरी-धौलाना मार्ग पर कैंटर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार गिर गए। भागने के प्रयास में कैंटर चालक ने दोनों को कुचल दिया, जिससे बाइक सवार नाबालिग और एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं लगाया हुआ था।

**मसूरी-धौलाना मार्ग पर गुरुवार रात हादसा**

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के डासना की मयूर विहार कॉलोनी निवासी शाहबाज (20) पड़ोस में रहने वाले जैद (14) के साथ गुरुवार देर रात एक मजदूर को बाइक से पिपलैड़ा गांव छोड़कर घर लौट रहे थे।

## स्कूल में करंट लगने से वॉटर ट्रीटमेंट कर्मचारी की मौत

NBT रिपोर्ट, नोएडा : नोएडा के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में करंट लगने से वॉटर ट्रीटमेंट का काम करने वाले युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही और साजिश का शक जताया है। साथ ही सेक्टर 24 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। स्कूल प्रबंधन से पूछताछ कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी विमलेश तिवारी ने शिकायत दी है कि चचेरे भाई उमेश तिवारी सेक्टर-22, चौड़ा गांव में रहते थे। गुरुवार को बहन ममता के पास थाना सेक्टर-24 से फोन आया।

**परिजनों ने साजिश और लापरवाही का जताया शक**

## बारिश ने उजाड़ी फसल, अब सरकार किसानों को देगी राहत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली सरकार ने वर्ष 2025 में बारिश और जलभराव से पूरी तरह बर्बाद हुई फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए 33.31 करोड़ रुपये से अधिक की राहत राशि मंजूर की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट की मंजूरी देते हुए राजस्व विभाग और सभी डीएम को निर्देश दिए हैं कि पात्र किसानों को राहत राशि वितरित करने की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाए। अधिकारियों ने कहा कि सरकार अगले महीने से डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सहायता राशि भेजेगी।

**33.31 करोड़ रुपये मंजूर, अगले महीने से खातों में पहुंचेगा मुआवजा**

सीएम के अनुसार, अगस्त और सितंबर 2025 में अत्यधिक बारिश से दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में 4,442.41 हेक्टेयर कृषि भूमि पर खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई थी। प्रभावित किसानों को 75,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से यह सहायता राशि दी जाएगी। राहत केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी, जो संबंधित भूमि के रजिस्टर्ड मालिक हैं।

## अब ₹2.5 लाख सालाना आय वाले भी बना सकेंगे राशन कार्ड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकार ने राशन कार्ड बनवाने के लिए आय सीमा दोगुनी से भी ज्यादा कर दी है। अब सालाना 2.50 लाख रुपये की आय वाले भी राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। सरकार ने अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को सस्ती दर पर अनाज उपलब्ध कराने के मकसद से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत प्राथमिकता परिवार (Priority Household-PHH) श्रेणी के लिए यह बदलाव किया है। दिल्ली में अभी राशन कार्ड बनवाने के लिए सालाना पारिवारिक आय की अधिकतम सीमा 1.20 लाख रुपये थी। अब करीब 20,800 रुपये प्रतिमाह तक आय वाले परिवार यानी सालाना 2.50 लाख रुपये तक की आय के साथ अन्य तय शर्तें पूरी करने पर राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे।

**राशन कार्ड के लिए 1.20 लाख रुपये की आय सीमा बढ़ाकर की दोगुनी**




## न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर फास्ट EV चार्जिंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के न्यू अशोक नगर स्टेशन पर हाई-कपैसिटी ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू किया गया है। दावा है कि यह दिल्ली के सबसे बड़े सार्वजनिक अल्ट्रा-फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों में शामिल है, जहां निजी व व्यावसायिक दोनों तरह के ईवी के लिए फास्ट चार्जिंग की सुविधा मिलेगी। इस चार्जिंग स्टेशन पर कुल 14 डीसी चार्जिंग पॉइंट लगाए गए हैं। एनसीआरटीसी अधिकारियों के मुताबिक, यहां निजी ईवी, व्यावसायिक वाहन और इलेक्ट्रिक बसों को एक साथ चार्ज किया जा सकेगा।

# दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**शुक्रवार शाम** दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात ओल्ड मुस्तफाबाद स्थित दिलशाद मस्जिद के पास हुई। गोली लगने के बाद युवक को उसके परिचित जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर कई टीमों को आरोपियों की तलाश में लगा दिया है।

**ओल्ड मुस्तफाबाद में शुक्रवार को हुई यह वारदात**

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान साजिद उर्फ आलू दादा (24) के रूप में हुई है। वह अपने पिता निसार अहमद और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बाबू नगर की गली नंबर-7 में रहता था। शुक्रवार शाम वह घर के पास मौजूद था। इसी दौरान एक अज्ञात हमलावर ने उस पर गोली चला दी। गोली लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। परिचित उसे तुरंत जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




AI Image

सूचना मिलते ही दयालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। क्राइम टीम और फरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि साजिद का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, जबरन वसूली समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीन दिन पहले उसका एक बदमाश से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि उसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

## नोएडा में दो सोसायटियों में हुआ एसी ब्लास्ट !

NBT टीम, नोएडा/ग्रेनो : दिल्ली-एनसीआर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच एसी में शॉर्ट सर्किट और ब्लास्ट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की दो अलग-अलग हाईराइज सोसायटियों में एसी फटने से फ्लैटों में आग लग गई। पहली घटना नोएडा के सेक्टर-137 स्थित पारस टियरा सोसायटी की है, जहां गुरुवार रात एक फ्लैट की बालकनी में लगे एसी में धमाका हो गया। वहीं, दूसरी घटना शुक्रवार शाम ग्रेनो वेस्ट की श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी में हुई, जहां इनडोर यूनिट में ब्लास्ट के बाद पूरा कमरा जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि दोनों ही हादसों में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी के निवासियों ने प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



उत्तर रेलवे

पत्र सं०:– स्क्रैप यूज्ड ऑयल/ई–नीलामी/शकूरबस्ती/2026–27
दिनांकः 16.07.2026

पर्यावरण एंव वन मंत्रालय द्वारा पंजीकृत क्रेता/फर्म, जो यूज्ड ऑयल/अनयूज्ड ऑयल के लिये रिसाईकिलर्स/रिप्रोसेसेर्स के रूप में पंजीकृत है, के लिए सामान्य भण्डार डिपो/उ०रे० /शकूरबस्ती में दिनांक–29.07.2026 (10.30 बजे) से होने वाली ई–नीलामी में बोली के द्वारा खरीदारी हेतु निम्न लॉट आमंत्रित किये जाते हैं:–

**क्रमसं० 1, लॉट सं०:** 4-2026-27-ELS-GZB, **विवरणः** ऐम.ऐस. ड्रम में भरा हुआ मिक्स्ड ऑयल (ड्रम की ऑयल के साथ क्षमता लगभग 205 kg) 'जैसा है, जहाँ है' के आधार पर बेचा जा रहा है। यह ड्रम के साथ ही बेचा जाएगा। ड्रम की संख्या 100 (जैसी स्थिति में है), अगर डिलीवरी के समय खरीदार को पानी मिला तो उसे अलग करने की अनुमति है। खरीददार द्वारा लोडिंग। लोकेशनः– गाजियाबाद के इलेक्ट्रिक लोको शेड में मशीन शॉप के पास पड़ा हुआ। **मात्राः** 100 ड्रम ।

रेलवे उपरोक्त दिनांक को यूज्ड ऑयल के ई–नीलामी को बिना बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिना बिके हुए सामग्री यूज्ड ऑयल यदि शेष हो तो आगे होने वाली ई–नीलामी में रखा जायेगा। पूर्ण विवरण के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर नीलामी सूची दिनांक– 29.07.2026 पर देखें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2478/2026

UTTAR PRADESH STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY
4/7, GOMTI NAGAR EXTENSION, LUCKNOW

Website: uttarpradesh.nalsa.gov.in E-mail: upslsa@nic.in
Date of Advertisement: 23-07-2026
Last Date of submission of application: 24-08-2026 up to 05:00 P.M.

ADVERTISEMENT

The U.P. State Legal Services Authority invites application from eligible Indian Nationals for selection/appointment on the post of Chairpersons, Permanent Lok Adalats (PLAs ) established under section 22 B, Legal Services Authorities Act, 1987 in the following districts:-

| | |
|---|---|
| 1 | Azamgarh |
| 2 | Balrampur |
| 3 | Mahoba |
| 4 | Sant Kabir Nagar |
| 5 | Pilibhit |
| 6 | Aligarh |
| 7 | Etah |
| 8 | Gautam Budh Nagar |
| 9 | Mathura |

For more details, kindly visit the Website of U.P.State Legal Services Authority.

UPID - 253861 DT. 17.07.2026
www.upgov.nic.in

Dr. (Smt.) Manu Kalia
Member Secretary
UPSLSA

## 27 को हो जाएगा MCD स्टैंडिंग कमिटी का गठन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एमसीडी की स्टैंडिंग कमिटी के मेंबर्स का चुनाव होने के बाद 27 जुलाई को स्टैंडिंग कमिटी की पहली बैठक बुलाई गई है। डीएमसी एक्ट के अनुसार, मेंबर्स का चुनाव होने के बाद स्टैंडिंग कमिटी की पहली बैठक में ही स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन का चुनाव होना चाहिए। निगम सचिव कार्यालय ने स्टैंडिंग कमिटी के गठन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। दोनों पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 जुलाई है। चेयरमैन बनने के लिए कई सीनियर निगम पार्षद सीनियर नेताओं के सामने दावेदारी पेश करने में लगे हुए हैं।

31 मार्च 2026 को स्टैंडिंग कमिटी के 18 मेंबर्स में से नौ मेंबर्स रिटायर हो गए थे। इनमें से छह मेंबर्स जोन से और तीन मेंबर्स हाउस से रिटायर हुए थे। 15 जुलाई 2026 को जोनल कमिटियों के गठन के साथ-साथ स्टैंडिंग कमिटी की खाली हुई नौ सीटों को भर दिया गया। इस समय स्टैंडिंग कमिटी में जोन और हाउस के सदस्यों को मिलाकर बीजेपी के 12 और आम आदमी पार्टी के छह मेंबर्स हैं। इस बार बीजेपी का एक मेंबर बढ़ गया है। स्टैंडिंग कमिटी के मेंबर्स पूरे होते ही डीएमसी एक्ट के तहत पहली बैठक में ही मेंबर्स किसी एक सदस्य को चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन के रूप में चुनते हैं।



**नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 जुलाई**

## गुड़गांव : सोसायटी कैंपस में फिर दिखा तेंदुआ

■ NBT न्यूज, गुड़गांव : आईएफएस अपार्टमेंट के पास लगातार दूसरे दिन तेंदुआ दिखाई देने का मामला सामने आया है। गुरुवार को एक तस्वीर और विडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद इलाके में दहशत है। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही वन विभाग ने मामले की पुष्टि के लिए वन्यजीव निरीक्षक की टीम को मौके पर भेजा। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात अपार्टमेंट के नाइट गार्ड ने तेंदुआ देखने का दावा करते हुए तस्वीर ली थी। गुरुवार सुबह भी डीएलएफ की टीम ने उसी क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने की सूचना दी। लोगों ने विडियो और तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा कर सतर्क रहने की सलाह दी। पर्यावरण कार्यकर्ता वैशाली राणा ने बताया कि आईएफएस अपार्टमेंट नाइट गार्ड ने रात में 2:30 बजे तस्वीर खींचे जाने की जानकारी दी, जबकि डीएलएफ की सुरक्षा टीम ने भी गुरुवार सुबह तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि की।



ए-12039/02/2026-स्था.III
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

विज्ञापन सं. डीएसटी/02/2026-स्था.III

टोक्यो (जापान) स्थित भारतीय दूतावास और बर्लिन (जर्मनी) स्थित भारतीय दूतावास में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर **वैज्ञानिक अताशे** (समूह 'क', राजपत्रित) के **दो (02)** अस्थायी पदों को 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतन स्तर 13ए पर भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मापदंड, आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व समय-सीमा और अन्य सामान्य शर्तों और अपेक्षाओं के लिए, हमारी वेबसाइट (**www.dst.gov.in**) के प्रशासन एवं वित्त अनुभाग के अंतर्गत भर्ती प्रकोष्ठ वेबपृष्ठ पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें। भविष्य की सभी अद्यतन सूचनाएं केवल इस विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

CBC 36101/11/0002/2627 अवर सचिव, भारत सरकार

SLUM REHABILITATION AUTHORITY, BRIHANMUMBAI.
https://www.sra.gov.in
Tender Notice

| | |
|---|---|
| Tender Reference No. | SRA/ED/OW/2026/34477 |
| Tender No. | 2026_SRAHD_1319116_1 |
| Name of Organization | Engineering Department, Slum Rehabilitation Authority, Brihanmumbai |
| Name of Work | Construction of Sahitya Ratna Lokshahir Annabhau Sathe Research & Training Institute at Chirag Nagar, Ghatkopar West, Mumbai 400086 (Phase-I) |
| Scrutiny fees of Tender | Rs. 25000/- |
| Cost of E-Tender (Estimated Cost without GST) | Rs. 2,30,44,11,648.41/- |
| Bid Security Deposit / EMD | Rs. 2,30,00,000/- |
| Date of Issue and sale of tender | 18/07/2026 11.00 AM |
| Last date & time for sale of tender | 18/08/2026 12.00 PM |
| Pre-Bid meeting | 27/07/2026 16.00 PM Venue- Vaitarna Hall, 3rd floor, B wing, Administrative Building, Anant Kanekar Marg, Bandra(E), Mumbai 400 051. |
| Last date of submission of Packet-A, B & Packet C (Online) & Receipt of Bid security Deposit /EMD | 18/08/2026/16.00 PM |
| Opening of Packet, A | 19/08/2026 16.00 PM |
| Opening of Packet B | 19/08/2026 16.10 PM |
| Opening of Packet C | Date will be intimated online separately after technical scrutiny and appraisal. |
| Contact Person | Sub Engineer/Assistant Engineer, SRA, Brihanmumbai. |
| Office Contact No. & Mobile No. | 022-69125800/9930926645/9594494040 |
| E-mail id | Ee3@sra.gov.in |
| Website | https://mahatenders.gov.in |
| Address for communication | Office of: Dy. Chief Engineer II, 1st Floor, Administrative building, Anant Kanekar Marg, Bandra(E), Mumbai 400 051. |

-Sd-
Executive Engineer- N Ward, SRA, Brihanmumbai.

## फायर सेफ्टी : इमारतों की थर्ड पार्टी ऑडिट की तैयारी हुई शुरू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राजधानी में इमारतों की फायर सेफ्टी का थर्ड पार्टी ऑडिट अगले महीने से शुरू हो सकता है। दिल्ली फायर सर्विसेज ने थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के लिए ऑडिटर्स को सूचीबद्ध करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। थर्ड पार्टी ऑडिट के बाद ही अब एनओसी जारी किया जाएगा। इमारतों की कैटिगरी के हिसाब से ऑडिटर्स को तीन अलग-अलग कैटिगरी में सूचीबद्ध किया जाएगा।

थर्ड पार्टी ऑडिटर्स को दिल्ली फायर सर्विसेज में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। कुल तीन कैटिगरी में उनका रजिस्ट्रेशन होगा, जिसके लिए 10 से 30 हजार रुपये का रजिस्ट्रेशन चार्ज देना होगा। थर्ड पार्टी ऑडिटर्स निजी इमारतों का ऑडिट करेंगे, लेकिन उन पर निगरानी दिल्ली फायर सर्विसेज की रहेगी। वह थर्ड पार्टी ऑडिटर्स द्वारा जारी एनओसी में से रैंडम 5 फीसदी इमारतों की दोबारा जांच कर सकते हैं। अगर नियमों का उल्लंघन करके एनओसी जारी किया गया होगा तो ऑडिटर्स पर भी 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। उन्हें ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है।



ऑडिटर्स के पंजीकरण के लिए जरूरी योग्यता में इंजीनियरिंग में स्नातक, नागपुर स्थित राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय से सब-ऑफिसर पाठ्यक्रम पूरा करना, सिविल, मिकैनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स या आर्किटेक्चर में बीई, बीटेक या बी-आर्क और अग्निशमन में पीजी डिप्लोमा शामिल है।

## DLF में अवैध निर्माण पर फिर चला बुलडोज़र

■ NBT न्यूज, गुड़गांव : अवैध निर्माण और नियमों के विपरीत संचालित गेस्ट हाउस के खिलाफ डीएलएफ में डीटीपी एन्फोर्समेंट टीम का अभियान जारी है। शुक्रवार को भी विभाग ने अवैध निर्माणों को हटाया। स्टिल्ट एरिया में बनाए गए सर्वेंट रूम, ड्राइंग रूम और शौचालयों को तोड़ा गया, जबकि अवैध रूप से संचालित गेस्ट हाउस और व्यावसायिक गतिविधियों को सील कर दिया गया। लगभग 4.5 किलोमीटर रोड राइट ऑफ-वे से अतिक्रमण हटाकर रास्ता भी खाली कराया गया। फेज-1 के टी-1/1 स्थित अवैध गेस्ट हाउस टाउन हाउस की पूरी इमारत को सील किया गया। इसमें 15 कमरे संचालित किए जा रहे थे। इसके अलावा एसआर-37 स्थित 15 कमरों वाले अवैध गेस्ट हाउस के बेसमेंट कार्यालय को भी सील किया गया।

गुमशुदा/अगवा की तलाश



संजना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की एक महिला जिसका नाम **संजना पुत्रीः मनोहर पताः सी–233, कालीबाड़ी मंदिर के पास, न्यू अशोक नगर, दिल्ली** है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** 23 वर्ष, **कदः** 5', **रंगः** साँवला, **शरीरः** पतला, **चेहराः** अण्डाकार, जिसने सूट और सलवार और पैरों में चप्पल पहना है। जो अपने घर से दिनांक 05.07.2026 को लगभग शाम 05:30 बजे से लापता/अगवा है।

**इस संदर्भ में DD No. 129A दिनांक 06.07.2026 U/s 137(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली में दर्ज किया गया है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस महिला के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का प्रयास करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
DP/9736/ED/2026

थानाध्यक्ष
थाना न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली
फोनः 9968777755, 8750870631

## अजनारा होम्सः दो जगह प्लास्टर का हिस्सा गिरा

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा होम्स सोसायटी में गुरुवार देर रात एक बजे कमरे की छत से प्लास्टर का बड़ा हिस्सा बेड पर गिर पड़ा। रात के समय बेड पर सो रहे दो लोग बाल-बाल बचे। उनकी आंख में मिट्टी चली गई। वहीं, शुक्रवार को शाम के समय 16वें फ्लोर से भी प्लास्टर गिरा। आरोप है कि घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया है,जिसकी वजह से आए दिन घटना हो रही है। आरोप है कि टावर बी में 21वें फ्लोर पर एक फ्लैट के कमरे की छत से गुरुवार 1.30 पर प्लास्टर का बड़ा हिस्सा बेड पर गिरा।


Loot Blink
SATURDAY
WEEKEND DHAMAKA!
MAST DEALS. BADI BACHAT!
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED | EASY RETURNS
SABSE BADI BACHAT!
UP TO 90% OFF
HUGE DISCOUNTS
TOP BRANDS • BEST QUALITY • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR LO SABSE BADI LOOT DEALS!
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹22,301
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
boAt Airdopes 141 ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) ₹40,990 ₹4,499 89% OFF YOU SAVE ₹36,491
ZEBRONICS Headphones ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 ₹6,400 91% OFF YOU SAVE ₹599
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 ₹699 91% OFF YOU SAVE ₹3,300
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 90% OFF YOU SAVE ₹13,500
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITN BADHI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAUGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 07-17-2026 21:36 Color:



# Weaving the Future of Viksit Bharat Inspired by the Prime Minister's Vision



"Bharat Tex is becoming a strong platform for engagement, collaboration and partnership for the policymakers, CEOs and industry leaders from across the world"

**Narendra Modi**
**Prime Minister**

## A Grand Opening to a Global Textile Movement

The third edition of Bharat Tex commenced on a momentous note with its inauguration by Giriraj Singh, Union Minister of Textiles at Bharat Mandapam, New Delhi. Organised by the Bharat Tex Trade Federation (BTTF) with the support of the Ministry of Textiles, Government of India, the event marked the opening of the world's largest integrated textile value chain platform.

The inaugural ceremony was graced by Pabitra Margherita, Union Minister of State for Textiles and External Affairs; Neelam Shami Rao, Secretary, Ministry of Textiles along with Ministers and senior officials from partner States, international ministerial delegations, global buyers, industry




leaders, exporters, investors, and representatives from the global textile ecosystem.

Reflecting on Bharat Tex's growing international profile, the ceremony was also attended by Timur Gavaev, Minister of Agriculture, Russian Federation, Mark Patterson, Minister for Rural Communities and Associate Minister of Agriculture, New Zealand. Ministerial delegations from Sri Lanka also participated in the event, while industry and business delegations from the United States, Japan, Spain, United Kingdom, Portugal, Russia, South Africa, New Zealand, Germany, the UAE, Thailand, Bangladesh and Sri Lanka among others also participated.



"The textile industry possesses substantial potential for job creation. Furthermore, this sector accounts for a significant portion of international exports."
**Giriraj Singh,**
Union Minister of Textiles



"Serving as a cornerstone of our economy, the textile sector possesses the capacity to elevate the livelihoods of millions as it continues to expand."
**Pabitra Margherita**
Union Minister of State for Textiles and External Affairs



"The objective of Bharat Tex 2026 is to highlight the competitive strength of India's complete textile value chain, positioning the nation at the vanguard of the global textile sector."
**Neelam Shami Rao**
Secretary, Ministry of Textiles



"I am confident that India would become the global recycling hub for textiles and we intent to invest USD 500 million (approximately ₹4,800 crore) in textiles waste recycling, promoting circularity and create large scale employment opportunties."
**Fatih Konukoglu**
Chairman, RE&UP, Turkey



"In just three editions, Bharat Tex has emerged as one of the world's most significant textile platforms. By bringing together the entire textile value chain, it has created unparalleled opportunities for global brands, buyers, innovators, and manufacturers to connect, collaborate, and build the future together."
**Padma Shri Dr. Rajinder Gupta,**
MP, Rajya Sabha and Chairman Emeritus of Trident Group



"India is currently New Zealand's second largest market for wool – it is a key market for Kiwi wool growers and exporters and there is strong potential for further growth."
**Mark Patterson**
Minister for Rural Communities and Associate Minister of Agriculture, New Zealand



"Bharat Tex has emerged as a remarkable platform that brings together policymakers, industry leaders, designers, manufacturers, buyers, and innovators to collectively shape the future of Indian textiles."
**Vaishali Shadangule**
VAISHALI S



"My key takeaway from the Bharat Tex roundtable was one simple but p"owerful thought: India has reached a defining moment in its journey from being a supplier to becoming a creator of globally respected brands."
**Rahul Mishra**
AFEW Rahul Mishra



"Earlier, we used to go abroad to convince buyers to buy from us. At Bharat Tex, buyers are reaching out to us to book orders. This platform has given us significant global visibility."
**Sundaramurthy**
Ramraj Cotton, Tiruppur

## States & Global Trade in Focus



Bharat Tex 2026 spotlighted state as India's textiles growth engine with dedicated investment led sessions by Uttar Pradesh, Bihar, Punjab, Karnataka, Gujarat, Madhya Pradesh, Maharashtra and Tamil Nadu showcasing their policy initiatives, textile ecosystems and manufacturing strengths.

Dr. Mohan Yadav, Chief Minister, Madhya Pradesh and Bhagwant Mann, Chief Minister, Punjab led a large delegation from their States and highlighted the policy landscape, world class industrial infrastructure, including reliable power supply and strong value chain capabilities.



## Weaving Global Partnerships

Bharat Tex 2026 was a landmark in international textile collaboration, bringing together over 600 global speakers, industry leaders, CXOs, policymakers, and thought leaders from more than 20 countries, supported by a dedicated International Pavilion for cross-border engagement. Special bilateral sessions highlighted the India–US cotton partnership, India–New Zealand wool ecosystem, India-Russia Roundtable, India–UK FTA in action where trade, investments and collaborations were discussed at bilateral level, with clearly defined actionable for Indian Textiles Industry players. In addition, investment focussed sessions explored India's world class PM MITRA Parks and the policy incentives provided for foreign and domestic investors.



## Business Outcomes

**₹14,300** Crore of textile Investment Commitments with
**30+ MoUs**
**100+ B2G/G2G** Meetings

## Knowledge Programme

**100+** knowledge sessions
**50+** partner agencies onboarded

## From Business Hub to Innovation Engine

Bharat Tex 2026 has evolved from a global textile hub into India's largest innovation platform. Exhibition halls showcased sustainable fabrics, AI-powered matchmaking, and technical textiles for healthcare, defence, and agriculture. At the Sanrachna Pavilion, young innovators presented impactful ideas—protective garments for farmers, wound-care bandages, and insulated mattresses for soldiers—proving classrooms can drive change.

## Scale & Numbers

**6,000+** International Buyers
**138** Countries Visited
**94,000+** Trade Visitors
**28,500+** B2B Meetings
**20,000+** Textile Products on Display
**1.6 million sq. ft.** of Exhibition Space
**1,600+** Exhibitors
Intl. Exhibitors from 16 Countries
**600+** Speakers from
**20+** Countries

**INSPIRED BY THE 5F VISION**
FARM TO FIBRE TO FACTORY TO FASHION TO FOREIGN

Inspired by the Prime Minister's 5F vision—Farm to Fibre to Factory to Fashion to Foreign— Bharat Tex has rapidly grown into the world's largest integrated textile expo, uniting the entire value chain. Launched in 2024, it has become a strategic platform for policy dialogue, trade partnerships, and technology collaboration across 110+ countries.

By blending traditional craftsmanship with advanced technical textiles, Bharat Tex is shaping the future of global trade while reinforcing India's role in sustainability, innovation, and future ready manufacturing. In a time of shifting supply chains and expanding trade agreements, Bharat Tex 2026 offered a timely platform to co-create resilient textile value chains. From business centre to innovation engine, it stood as a symbol of India's textile revolution—where commerce met creativity, and tradition met technology.

## Spotlight on Sustainability

Bharat Tex 2026 drew strong global participation, with discussions centering on circularity, responsible sourcing, traceability and resource efficiency. At Bharat Tex 2026, a dedicated Eco-Stitch Sustainability & Circularity Hub was set-up underscoring its role in advancing India's leadership in sustainable, circular and globally competitive textile and apparel manufacturing. More than 30 knowledge sessions were organized by multilateral bodies and international think tanks focusing on sustainability, circularity and closed loop manufacturing.

## Glimpses of Bharat Tex 2026



Russian delegates at Bharat Tex 2026



International Buyer interacting with Exhibitor at Bharat Tex 2026




Premiere Vision to collaborate with BTTF to strengthen India-Europe market linkage



Global industry body - International Apparel Federation conducted their Board Meeting at Bharat Tex

## State Participation

**8 Sponsor States**
**9 Exhibitor States/UTs**

## Together Towards Viksit Bharat

We are honoured to be part of this transformative journey, and grateful for the opportunity to advance the vision of Viksit Bharat—one thread at a time.

GLOBAL TEXTILE EXPO
Bharat TEX 2026
TEXTILES | FASHION | SUSTAINABILITY

**Kolhapur Municipal Corporation, Kolhapur**
City Water Supply & Drainage Division
e-Tender Notice No.43 for 2026-27

Kolhapur Municipal Corporation invites e-Tender for the work of **Survey, Designing, pre tender activities and supervision of project up to Commissioning of Project and supervise maintenance activities upto completion of warranty period for projects in Water Supply, Drainage, Sewerage, Civil, Building, in Kolhapur Municipal Corporation (KMC)**
Tal. Karveer Dist. Kolhapur in the State of Maharashtra,
valued at Rs.09.99 Cr. Please visit website www.mahatenders.gov.in for detailed information.
Date: /07/2026

sd/-
Add.commissioner
Kolhapur Municipal Corporation
Kolhapur



**दक्षिण पूर्व रेलवे – ई–निविदा**

निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2026/28 दिनांक: 17.07.2026

"ई" प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डेन रीच रोड, कोलकाता–700043 के द्वारा खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड कर दी गई हैं। सभी निविदाएँ 14.00 बजे बंद की जाएंगी।

| क्रम सं. | निविदा सं. | अंतिम तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बयाना राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 65255028ए | 06.08.26 | लार्ज कार्गो एक्स–रे बैगेज स्कैनर (बोली–पूर्व सम्मेलन पीसीएमएम/मीटिंग रूम/एसईआर/जीआरसी/कोल–43 में 21.07.2026 को 12.00 बजे आयोजित होगा।) | 09 अदद | 12,78,750/- |
| 2. | 45263192 | 21.08.26 | 1100 एएच की मेन्टेनेंस फ्री वाल्व रेगुलेटेड लेड एसिड (वीआरएलए) बैटरी आदि | 60 सेट | 16,10,000/- |
| 3. | 45263221ए | 12.08.26 | कंडेंसर फैन मोटर, 1 एचपी 415 वो., 3 फेज, 50 हट्र्ज़, 1000 आरपीएम आदि की आपूर्ति | 637 अदद | 1,12,000/- |
| 4. | 38263342ए | 06.08.26 | अप–ग्रेडेड एचटीसीबीसी के लिए शैंक वेयर प्लेट के साथ कपलर बॉडी | 8535 अदद | 20,00,000/- |
| 5. | 38261562 | 12.08.26 | वैगनों पर एयर ब्रेक के लिए वेंट के साथ कट ऑफ एंगल कॉक | 14600 अदद | 2,18,970/- |
| 6. | 38263939ए | 13.08.26 | ब्रेक सिलेंडर 355 मिमी आदि | 772 अदद | 1,35,550/- |
| 7. | 38261546 | 24.08.26 | 15 आइटमों से संलग्न रिक्त लोड बॉक्स के फिटमेंट के लिए किट | 4880 सेट | 4,23,820/- |
| 8. | 38263882 | 31.08.26 | कॉलर के साथ 7/8" (22.22 मिमी) डाया. जिंक प्लेटेड/गैल्वेनाइज्ड लॉक बोल्ट, ग्रिप रेंज 31.75–38.10 मिमी के साथ ग्रिप नं. 20 | 160000 अदद | 2,83,200/- |
| 9. | 42263089 | 31.07.26 | एलईडी स्ट्रीट लाइट 90 डब्ल्यू ल्युमिनेयर आदि | 7622 अदद | 2,44,440/- |
| 10. | 81261800ए | 10.08.26 | कम्प्रेस्ड ऑक्सीजन गैस | 443610 घनमी. | 3,14,080/- |

लैंडलाइन नंबर: 91–11–49495555
एक्सटेंशन नंबर: 139
प्रबंधन के आदेशानुसार।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आयुष्मान हॉस्पिटल एंड हेल्थ सर्विसेज, एलिफेंट लेन, सेक्टर–10 द्वारका, नई दिल्ली–110075, संगठन की दस्तावेज संरक्षण नीति (डॉक्यूमेंट रिटेंशन पॉलिसी) के अनुसार अगस्त 2020 से जून 2021 की अवधि के I.P. मेडिकल रिकॉर्ड (MLC को छोड़कर) को नष्ट करने जा रहा है। जो लोग अपने रिकॉर्ड लेना चाहते हैं, वे इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से एक महीने के भीतर मेडिकल रिकॉर्ड विभाग से संपर्क करें। इसके बाद अस्पताल किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं करेगा।

अनिल कुमार गौतम
(मेडिकल रिकॉर्ड विभाग)
संपर्क नंबर: 9818484405
आयुष्मान हॉस्पिटल एंड हेल्थ सर्विसेज, एलिफेंट लेन, सेक्टर–10 द्वारका, नई दिल्ली–110075
लैंडलाइन नंबर: 91–11–49495555
एक्सटेंशन नंबर: 139
प्रबंधन के आदेशानुसार।

## पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मण्डल कार्यालय पूर्वी दिल्ली, भू–तल, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092

**आम जनता को सुचना**

सभी सामान्य एवं प्रतिष्टित ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि पंजाब नेशनल बैंक, मण्डल कार्यालय, पूर्वी दिल्ली के अंतर्गत एमसीसी सेंट्रल दिल्ली शाखा (शाखा क्रमांक 647400) शाखा का स्थानांतरण दिनांक 17.08.2026 से करने को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है –

**शाखा का वर्तमान स्थान (जिसे स्थानांतरित किया जाना है)** मेजेनाइन फ्लोर, 13, अलीपुर रोड, सिविल लाइन्स, दिल्ली–110054

**शाखा का नया स्थान (जहाँ स्थानांतरित किया जाना है)** ग्राउंड फ्लोर, बेयरिंग यूनिट नं. 2, 3 और 4, रिवेरा अपार्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, विश्व विद्यालय मेट्रो स्टेशन के पास, माल रोड–110054

अतः सभी ग्राहकों से अनुरोध है कि वे 17.08.2026 से अपने खाते का परिचालन तथा अन्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उपर्युक्त शाखा स्थान अर्थात ग्राउंड फ्लोर, बेरिंग यूनिट नं. 2, 3 और 4, रिवेरा अपार्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, विश्व विद्यालय मेट्रो स्टेशन के पास, माल रोड–110054 या पीएनबी के किसी अन्य शाखा कार्यालय से प्राप्त करें। पंजाब नेशनल बैंक हमेशा ग्राहकों को अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

तिथि : 16.07.2026 — ह0 मण्डल प्रमुख

**सार्वजनिक सूचना/आपत्ति आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चेतराम बंशीवाल पुत्र प्रभाती लाल बैरवा निवासी ग्राम महाराजपुरा, तहसील पापडदा, जिला दौसा (राजस्थान) एवं मकान नम्बरः-234, ब्लॉक नम्बरः-13, त्रिलोकपुरी, पूर्व दिल्ली, दिल्ली-110091, जो कि आई०डी०बी०आई० बैंक लिमिटेड, शाखा दौसा के सेफ डिपोजिट लॉकर संख्या जी2-47 के किरायेदार (Locker Hirer) थे, का देहान्त दिनांक 03/05/2021 को दिल्ली में हो जाने के कारण उनके निम्न वारिसान द्वारा लॉकर में रखी वस्तुओं / दस्तावेजात आदि को प्राप्त करने हेतु बैंक के समक्ष दावा प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र० सं० | कानूनी वारिस का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | आनन्द प्रकाश | पुत्र |
| 2. | अनिता रानी पत्नि प्यारे लाल | पुत्री |
| 3. | सुशीला पत्नि स्वर्गीय कमल प्रकाश | पुत्रवधु |
| 4. | हेमन्त कुमार पुत्र स्वर्गीय कमल प्रकाश | पौत्र |
| 5. | भारत पुत्र स्वर्गीय कमल प्रकाश | पौत्र |
| 6. | प्रिया पुत्री स्वर्गीय कमल प्रकाश | पौत्री |
| 7. | लता कुमारी बंशीवाल पत्नि मनीष नागर पुत्री स्वर्गीय कमल प्रकाश | पौत्री |
| 8. | ज्योत्सना पत्नि स्वर्गीय चन्द्र प्रकाश | पुत्रवधु |
| 9. | भानू पुत्र स्वर्गीय चन्द्र प्रकाश | पौत्र |
| 10. | हर्ष पुत्री स्वर्गीय चन्द्र प्रकाश | पौत्र |

यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य किसी पक्ष का उपरोक्त लॉकर अथवा उसमें रखी सामग्री पर किसी भी प्रकार का स्वामित्व, अधिकार, हित, दावा अथवा आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह (15) दिवस के भीतर अपना दावा/आपत्ति, आवश्यक समर्थित दस्तावेजों सहित लिखित रूप से निम्न पते पर व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर प्रस्तुत करें:-

निर्धारित अवधि में कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में बैंक उपलब्ध अभिलेखों, दस्तावेजों एवं लागू नियमों / नीतियों के अनुसार दिवंगत लॉकर धारक के उपरोक्त वर्णित विधिक उत्तराधिकारियों को लॉकर की सामग्री सुपुर्द करने की कारवाई करने के लिए स्वतन्त्र होगा। इसके उपरांत प्राप्त किसी भी दावे अथवा विवाद के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा। यह सूचना केवल संभावित दावेदारों / आपत्तिकर्ताओं को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रकाशित की जा रही है।

शाखा प्रबंधक
आई०डी०बी०आई० बैंक लिमिटेड
शाखा डॉक बंगले के सामने, आगरा रोड, दौसा, जिला दौसा (राजस्थान) पिनः-303303
मोबाईल नम्बरः-9649212212
मनीष कुमार सिंघल (शाखा प्रमुख)
ईआईएन-119383

## भर्ती

### भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

### अन्य रिक्तियां

### एकाधिक रिक्तियां

*DRIVER
*OFFICE BOY/PEON
JAI GROUP CO. REQUIRES EDUCATED WITH MIN. ONE (1) YEAR EXPERIENCE.
Interested To Walk In Interview On:
20h July 2026 (Mon.)
From 3:00 To 6:00 PM
JAI GROUP
GD-101, Vishakha Enclave, Pitampura, Delhi - 110034
(Metro Pillar No. : 364)
9810091121

### तकनीकी

### यांत्रिकी

Rajdeep
Rajdeep Agri Products Pvt. Ltd
An ISO Co. Estd. 1978
वेल्डर 5 वर्ष का अनुभव
इलैक्ट्रीशियन 5 वर्ष का अनुभव
स्टोर कीपर 5–7 वर्ष का अनुभव
अपना बायोडाटा 7 दिनों के भीतर भेजें
rajdeepagri@yahoo.com
3279/1, रंजीत नगर, न.दिल्ली–08
8219689631

## रिक्त पद

JOB OPPORTUNITIES with Hinduja Housing Finance
Position : Sales Officer & Branch Sales Manager
- 2-3 Years experience of required
- SO Qualification- 12th/ Graduate
- BSM Qualification- Graduation
- Age: 21 - 35 Years Only
- SO Salary: ₹2 LPA - ₹2.75 LPA
- BSM Salary: ₹3 LPA - ₹5 LPA

Salary will be determined based on experience and performance.
LOCATIONS
Chhapraula, Faridabad, Crossing Republic, Noida, Gurgaon
Interested candidates can send their CV to mukeshverma.ravi@hindujahousingfinance.com
Mukesh Verma - 8368344451

## वैवाहिक

### वर चाहिए

### समुदाय के आधार पर

### अग्रवाल

PROPOSAL invited for CA girl, Ht' 5ft 5 inch, Nov 95 born, from Mumbai settled well qualified professional Agarwal family boy - Ht' 5 ft 9 & above born bet 93 to 96 - 9967791965

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

## MISSION / ADMISSION

Association of Holistic, Spiritual & Astrological Sciences (Regd.)
भारतीय ज्योतिष पाठ्यक्रम LEARN
AHSAS
HINDU ASTROLOGY, PALMISTRY, LAL KITAB, NUMEROLOGY, VASTU, TAROT, SPIRITUAL HEALING, K.P & FACE READING
Classes Every Sunday by 40 Yrs Experienced Faculty
★ Now online classes only @ googlemeet app ★
at J.V.S.D. Girls Sr. Sec. School, Opp. Hanumanji Statue, Jhandewalan, Karol Bagh, New Delhi-110005
Visit: www.ahsasastrology.in Email: ahsasastro@gmail.com
Call: 9971847941 (whatsapp) 9810632139 | 7011304511
Ramniwas

## HEALTH & WELLNESS

सैक्स संबंधी रोग
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
Dr. S. Kumar (BAMS)
नवीन क्लीनिक
मेन चौक नांगलाई, PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041
9811564909
9210990444

गुप्त रोगी मिलें — घर बैठे दवा मगायें
सेक्स रोगी शुगर मोटापा बचपन की गलतिया
बवासीर, सफेद दाग / सोरायसिस
आकाश दवाखाना — समय 10 – 7 तक
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजाद पुर दिल्ली
9953396533
8860003863

SEX ISSUES? Consult for Vigour-Vitality
CHETAN CLINIC {R}
ISO Certified 9001:2015
★ ESTD. 1995 ★ Own GMP Certified Pharmacy
★ 31 years experience ★ World Class Treatment
Badarpur New Delhi, Daryaganj Delhi, Bhjanpura Delhi, Chhattarpur New Delhi
www.chetanclinic.com
To Book Video Consultation or Appointment...
9817469817

TIMES interact SPECIAL

HDPE PIPE PLANT AVAILABLE FOR SALE NOIDA
COMPLETE HDPE PIPE PLANT AVAILABLE FOR SALE NOIDA
PLANT-1 90-355 mm.
PLANT-2 25-200 mm. with Coiler
PLANT-3 20-110 mm. with Coiler
For more information, Please call
9818811095
7982333104

TO BOOK YOUR SOULMATE ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

Bennett & Coleman THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.

TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL, PROPERTY, BUSINESS, RECRUITMENT, EDUCATION, CHANGE OF NAME, LOST & FOUND, SHOPPING, TENDER, PUBLIC NOTICE, SERVICES, VEHICLES, TRAVEL, BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA11 User: cci Time: 07-17-2026 22:36 Color:



# शरजील की याचिका पर HC ने मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**फरवरी 2020** के नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली दंगा की 'बड़ी साजिश' मामले में आरोपी स्टूडेंट एक्टिविस्ट शरजील इमाम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया। कोर्ट ने पुलिस को दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त तय की है।

जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस विकास महाजन की डिविजन बेंच शरजील इमाम की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान इमाम की ओर से एडवोकेट तालिब मुस्तफा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जनवरी में जमानत से इनकार किए जाने के बाद कई परिस्थितियां बदल चुकी हैं। उन्होंने दलील दी कि गिरफ्तारी के करीब छह साल बाद भी आरोप तय नहीं हो सके हैं और ट्रायल अभी शुरुआती चरण में ही अटका हुआ है। ऐसे में ट्रायल कोर्ट को बदली परिस्थितियों के आधार पर जमानत याचिका पर स्वतंत्र रूप से विचार करना चाहिए था। शरजील इमाम को अगस्त 2020 में गिरफ्तार किया गया था।



**6 साल बाद भी तय नहीं हुए आरोप, कोर्ट ने पुलिस को दो हफ्ते का समय दिया**

# बच्चे को बनाना था अपना वारिस, इसलिए की उसके पिता की हत्या

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली

**द्वारका स्थित** करगिल चौक के नाले के पास रविवार को हुई हत्या में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अनिल ठाकुर और राजू कुमार के रूप में हुई है। डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि यह दोनों नजफगढ़ के धरमपुरा के रहने वाले हैं। अनिल ठाकुर एक बैंक में सिक्यॉरिटी गार्ड है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हथौड़ा, आरोपियों के मोबाइल फोन और वारदात के दौरान पहने गए कपड़ों को भी जब्त किया है।

**करगिल चौक के पास हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा**

एसएचओ द्वारका नॉर्थ सुनील कुमार रोहिल्ला और स्पेशल स्टाफ इंचार्ज कमलेश कुमार की देखरेख में सब-इंस्पेक्टर दिव्यांशु, प्रेम नारायण, विजय, हेड कॉन्स्टेबल जगत, दीपक, अजीत की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और 500 सीसीटीवी फुटेज की मदद से इस मामले का खुलासा किया। आरोपी बिहार के रहने वाले हैं और नजफगढ़ के धर्मपुरा में रहते हैं। वहीं, मरने वाले अखिलेश भी बिहार के रहने वाले थे।



रविवार को अखिलेश का शव कारगिल चौक के पास नाले के साथ वाले जंगल में मिला था। जांच में पता चला कि अखिलेश, आरोपी अनिल के मकान में पत्नी और बेटे के साथ रहते थे। अखिलेश की पत्नी की तीन महीने पहले ही कैंसर से मौत हो गई थी। उसका 7 साल का बच्चा भी है। वहीं, उस मकान में आरोपी अनिल ठाकुर अकेला ही रहता है। उसने प्लान बनाया कि यदि अखिलेश रास्ते से हट जाएगा, तो वह 7 साल के बच्चे को अपना वारिस बना लेगा। 10 जुलाई को अनिल ने अखिलेश को शराब का लालच दिया। राजू के साथ अखिलेश को लेकर करगिल चौक के पास जंगल की तरफ ले गया। पूछने पर कहा कि बाहर पुलिस चालान कर देगी।

**फुटेज में जाते हुए छह पैर, लौटते हुए दिखे चार**

जंगल में पहुंचने के बाद आरोपियों ने हथौड़े से वार करके अखिलेश की हत्या कर दी और मौके से दोनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज से छानबीन शुरू की तो घटनास्थल के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में तीन लोगों के यानी 6 पैर जंगल की तरफ जाते दिखे, लेकिन बाद में बाहर आते हुए दो लोग ही दिखे। वहां से पुलिस का शक बढ़ा और रिवर्स में छानबीन करती हुई पुलिस 500 फुटेज खंगालकर नजफगढ़ के धरमपुरा तक दोनों आरोपियों तक पहुंच गई।

# करप्शन के खिलाफ HC का ऐक्शन, जज सस्पेंड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने दिल्ली हायर ज्यूडिशल सर्विस (DHJS) की अधिकारी वीणा रानी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, आदेश में आरोपों का ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। इससे चंद रोज पहले ही हाई कोर्ट ने एक अन्य मामले में डिस्ट्रिक्ट जज विनय सिंघल को भी सस्पेंड किया था।

**इससे पहले HC ने डिस्ट्रिक्ट जज को किया था सस्पेंड**

15 जुलाई को जारी आदेश के मुताबिक, वीणा रानी का मुख्यालय प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज, साउथ-ईस्ट, साकेत का ऑफिस रहेगा। उन्हें सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना दिल्ली छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। सस्पेंशन के दौरान उन्हें नियमों के तहत निर्वाह भत्ता और अन्य देय भत्ते मिलते रहेंगे। वहीं, डिस्ट्रिक्ट जज विनय सिंघल का सस्पेंशन 10 जुलाई को हाई कोर्ट की फुल कोर्ट ने मंजूर किया। उनके खिलाफ विजिलेंस जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। आरोप है कि उन्होंने कोर्ट ऑक्शनियर के रूप में ऐसे वकीलों की नियुक्ति की जो पात्र नहीं थे। साथ ही उन्होंने ऐसे न्यायिक आदेश भी पारित किए, जिनसे इन वकीलों को हाई कोर्ट के नियमों में तय सीमा से अधिक मानदेय और भुगतान मिला। यह मामला 20 अगस्त 2025 को एक कोर्ट ऑक्शनियर की शिकायत के बाद सामने आया था। इसके बाद चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय ने विजिलेंस जांच के आदेश दिए थे।





# फ्री वर्कशॉप में सीखें त्योहारों के हिसाब से हेयरस्टाइलिंग



Adobe Stock

**बा**लों का स्टाइल हमारे लुक में चार चांद जोड़ देता है। ऐसे में रक्षा बंधन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों पर हेयर ड्रेसिंग आपको खास लुक दे सकती है जिसकी सभी तारीफ करें। इसलिए नवभारत टाइम्स रंगमंच क्लब आपके लिए लाया है फ्री हेयर ड्रेसिंग वर्कशॉप, जिसमें आरजू मेकओवर्स की हेयरस्टाइलिस्ट अंजना राजपूत बताएंगी कि किस मौके के हिसाब से आप अपने बालों को कैसे तैयार कर सकती हैं। इस वर्कशॉप में वह घर पर बालों को ब्यूटी पार्लर की तरह तैयार करना तो बताएंगी, साथ ही कुछ लोगों का हेयरस्टाइल करके दिखाएंगी भी।



अंजना राजपूत, हेयरस्टाइलिस्ट

NBT रंगमंच Club

**इस वर्कशॉप में आप सीखेंगे**

- ड्रेस और मौके के हिसाब से बालों को स्टाइलिश तरीके से तैयार करना।
- घर पर बालों को नया लुक देना।
- बालों के जरिए अपने लुक में चार चांद लगाना और उनकी देखभाल।

**तारीख:** 22 जुलाई 2026 **दिन:** (बुधवार), **एंट्री का समय:** दोपहर 2:30 बजे से, **फीस:** फ्री, **स्थान:** टाइम्स हाउस, 7 बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, ITO, दिल्ली

**नोट:** रजिस्ट्रेशन सोमवार शाम 5 बजे तक कराया जा सकता है। वेन्यू में प्रवेश के लिए पहचान पत्र (आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस) साथ लाना अनिवार्य है।

**रंगमंच क्लब की फ्री मेंबरशिप लेने और वर्कशॉप में फ्री रजिस्ट्रेशन के लिए Rangmanch<Age लिखकर 7003890071 पर वॉट्सऐप करें।**

# पुरानी रंजिश में युवक की पीट-पीटकर हत्या, 3 नाबालिग पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जहांगीरपुरी इलाके** में पुरानी रंजिश में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है। शुरुआती जांच में पता चला कि करीब छह महीने पहले हुए विवाद का बदला लेने के लिए युवक पर हमला किया गया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**7 महीने पहले हुआ था विवाद, अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

DCP आकांक्षा यादव ने बताया कि गुरुवार की रात H-4 ब्लॉक, जहांगीरपुरी के पास एक युवक के साथ मारपीट किए जाने की सूचना मिलने पर मामला दर्ज किया गया। घायल की पहचान आरिफ (23) के रूप में हुई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के भाई शेख सादिक ने बताया कि गुरुवार रात नौ बजे कुछ लड़के आरिफ को घर से बुलाकर ले गए थे। उन लोगों ने आरिफ पर ईंट-पत्थरों से हमला किया। आरिफ की मां ने बताया कि आरोपियों ने अपने घर की छत पर ले जाकर आरिफ की ईंट और डंडों से जमकर पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं पीड़ित परिवार ने जहांगीरपुरी स्थित कुशल सिनेमा चौक पर शव रखकर जमकर हंगामा किया।

# AAP नेता की याचिका पर SC करेगा सुनवाई

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जता दी, जिसमें उन्होंने 2025 दिल्ली विधानसभा चुनाव में मालवीय नगर सीट से बीजेपी उम्मीदवार सतीश उपाध्याय के निर्वाचन को चुनौती दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच के सामने मामला सुनवाई के लिए आया। बेंच ने कहा कि हम मामला सुनवाई के लिए स्वीकार करते हैं। गौरतलब है कि फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार सतीश उपाध्याय ने सोमनाथ भारती को 2,131 वोटों के अंतर से हराया था।


## आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय)
एनएएमएस बिल्डिंग, मेडिकल एन्क्लेव, अंसारी नगर, नई दिल्ली – 110029

सं. A-12017/3/2025-Estb-Part(1) दिनांक: 01.07.2026

**वॉक-इन इंटरैक्शन**

इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों को **संविदा के आधार पर शोध सहयोगियों (शोध सहयोगी-I) और (शोध सहयोगी-II) के 30 पदों** पर नियुक्ति हेतु दिनांक 25.07.2026 से 28.07.2026 तक आयोजित होने वाले वॉक-इन-इंटरैक्शन के लिए आमंत्रित किया जाता है:

उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य मानदंडों के साथ-साथ आवेदन पत्र का विवरण www.natboard.edu.in पर उपलब्ध है।

**या यहाँ जाएँ**

https://natboard.edu.in/viewNotice.php?NBE=VHEvRzl-5RC95V0JkYVloY01KMFBhZz09

अपर निदेशक (गैर चिकित्सा)

हेल्पलाइन नं. 011-45593000 | ईमेल: recruitment@natboard.edu.in


## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 5 | | 2 | | | 9 |
| 5 | | 6 | 8 | | 4 | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 9 | | 1 | | |
| | | 7 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| | | 8 | | | | 4 | | |
| | | 9 | | 5 | | 3 | | |
| 3 | | 1 | 4 | | 7 | 6 | | 5 |
| 8 | | | 9 | | 3 | | | 2 |

## कल के सुडोकू का जवाब

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 | 6 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 |

## कल का पंचांग
(रविवार, 19 जुलाई 2026)

राष्ट्रीय मिति आषाढ़ 28, शक संवत 1948 आषाढ़, शुक्ला, षष्ठी, रविवार, विक्रम संवत 2083। सौर श्रावण मास प्रविष्टे 04, सफर 04, हिजरी 1448 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 19 जुलाई 2026 ई.। सूर्य दक्षिणायन, उत्तर गोल, वर्षा ऋतुः। राहुकाल सायं 04 बजकर 30 मिनट से 06 बजे तक। षष्ठी तिथि अर्धरात्रोत्तर 03 बजकर 30 मिनट तक उपरांत सप्तमी तिथि का आरंभ। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र सायं 06 बजकर 12 मिनट तक उपरांत हस्त नक्षत्र का आरंभ। परिधि योग सायं 07 बजकर 23 मिनट तक उपरांत शिव योग का आरंभ। कौलव करण अपराह्न 03 बजकर 37 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चन्द्रमा दिन रात कन्या राशि पर संचार करेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मंगल बुध चन्द्र के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। जुलाई शेष में आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों को बारम्बार समस्याओं से जूझना पड़ेगा। अगस्त में अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। सितंबर में आर्थिक कष्ट व्यथित कर सकते हैं। अक्टूबर में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा। वहीं नवंबर में आपके कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के कार्य सरल हो जाएंगे। इस वर्ष के उत्तरार्ध यानी दिसंबर से लेकर जनवरी 2027 तक आपका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा, सब लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। फरवरी और मार्च में यदि कष्ट चिंता हो तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देख लें और कटोरी से तेल सहित डाकोत को दान कर दें। अप्रैल और मई मध्य तक शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि करने वाला होगा।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
राशि का स्वामी मंगल-सौम्य ग्रहों की संगति में है। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। सांयकाल के समय कोई रुका काम बनने की संभावना है। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। रात्रि का समय प्रियजनों से भेंट व आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में अप्रिय व्यक्तियों के मिलने से अनावश्यक कष्ट होगा। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सांयकाल में कोई रुकाकार्य पूरा होगा। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज चन्द्रमा द्वितीय भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आज आपकी आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। आपकी मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। आज यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। आज प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व सुसमाचार मिलेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य कर्क राशि द्वादश पराक्रम भाव में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा और प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
राशि स्वामी बुध दशम भाव पराक्रम वृद्धि कर रहा हैं, अतः रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि पर शनि की स्थिति पंचम संतान लक्ष्मी भाव में हो गई है। फलस्वरूप कुछ आन्तरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त जड़ जमा रहे हैं। आज का दिन इन सबकी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर से इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। रोग में भी आप काफी भागदौड़ कर रहे हैं।

**SAGITTARIUS** 21 Nov - 21 Dec
आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। आज आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सांयकाल से लेकर रात्रि तक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।



**CAPRICORN** 21 Dec - 19 Jan
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

**AQUARIUS** 28 Jan - 18 Feb
आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि उदय चल रहा है। अतः निर्मूल विवाद, अकारण शत्रुपत्ति, अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा मिल सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें, संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।


**IDBI BANK** आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838

**फ़ायरवॉल की आपूर्ति, स्थापना एवं अनुरक्षण (रखरखाव) के लिए आरएफपी**

आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट **https://www.idbi.bank.in** (नोटिस और टेंडर) देंखे।

**नोट:** उपरोक्त आरएफ़पी के संबंध मे कोई और परिशिष्ट / सुधार / तारीखों का विस्तार / स्पष्टीकरण / बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समाचार पत्रों मे इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध मे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।



## पूर्वोत्तर रेलवे

Website: www.ner.indianrailways.gov.in, Email: cos@ner.railnet.gov.in

**निविदा सूचना संख्या: 07 दिनांक 15-07-2026**

**ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22261811A | 07/09/2026 | मेंटेनेंस किट 03 फार अर्थिंग इक्विपमेंट इत्यादि | 1649 Nos. |
| 2 | 22260745 | 07/09/2026 | हैंगर फार बोगी बोल्स्टर इत्यादि | 14276 Nos. |
| 3 | 28260904 | 07/09/2026 | फला चेक क्लीनर/रिमूभर इत्यादि | 14621 Sets. |
| 4 | 22260767 | 31/08/2026 | एयर ब्रेक होज कपलिंग कम्पलीट इत्यादि | 9248 Nos. |
| 5 | 26260240B | 31/08/2026 | विनाइल कोटेड अपहोल्स्ट्री फैब्रिक इत्यादि | 209600 Mtr. |
| 6 | 22262227 | 24/08/2026 | मस्ट चेन्ज आइटम फार ब्रेक इत्यादि | 285 Sets. |
| 7 | 22261107 | 24/08/2026 | प्राइमरी वर्टिकल डैम्पर फार फियट इत्यादि | 5462 Sets. |
| 8 | 22252343A | 24/08/2026 | न्यूमैटिक कंट्रोल यूनिट इत्यादि | 139 Nos. |
| 9 | 22261058 | 18/08/2026 | लेबोट्री कम्पलीट (एलएच) इत्यादि | 497 Nos. |
| 10 | 28260938 | 17/08/2026 | डीओडब्लूएसआईएल 3–0100 आरटीभी ऑटोमोटिव सीलेंट इत्यादि | 7000 leter |
| 11 | 22262228 | 17/08/2026 | स्फेरोलास्टिक रबर बेअरिंग इत्यादि | 306 Nos. |
| 12 | 22261490 | 12/08/2026 | एलएचबी हैन्ड ब्रेक सिलेन्डर इत्यादि | 43 Nos. |
| 13 | 28261356 | 12/08/2026 | पीयू पेंट किट फार एलएचबी राजधानी कोचेज इत्यादि | 835 Sets. |
| 14 | 22262187 | 11/08/2026 | गैंगवे ब्रिज मॉउंटिंग इत्यादि | 1074 Nos. |
| 15 | 28266105 | 10/08/2026 | रैनिबिजुमैब इंजेक्शन 1.65 mg | 600 Nos. |
| 16 | 30261184 | 10/08/2026 | 4.5 केडब्लू अंडर स्लुंग कांस्टेंट वोल्टेज इत्यादि | 327 Nos. |
| 17 | 21260138 | 10/08/2026 | हाइड्रोलिक आयल शैल तेलुस इत्यादि | 20900 leter |
| 18 | 22262438A | 10/08/2026 | एलस्टोमेरिक पैड (टीपीई स्प्रींग पैड)इत्यादि | 129 Sets. |
| 19 | 29261024 | 08/08/2026 | बेस असेंबली शेट फार आईआरएस ईपीएम–143 एमएम इत्यादि | 1568 Sets. |
| 20 | 29261065 | 08/08/2026 | सेट आफ मेन गियर एसेम्बली इत्यादि | 2223 Sets. |
| 21 | 29265001A | 05/08/2026 | 48 फाइबर अर्मौरेद ऑप्टिकल फाइबर केबल इत्यादि | 823 KM |
| 22 | 22261524 | 05/08/2026 | स्पीड सेंसर टू केबीआई पार्ट नं० एसटीएन 31450/205ए18यू इत्यादि | 346 Nos. |
| 23 | 21260121 | 04/08/2026 | ब्रेक कैलिपर ग्रीज़ स्टारबरागस इत्यादि | 1008 Kg |
| 24 | 30261098A | 03/08/2026 | हेर्मेटिकल्ल्य सील्ड स्क्रॉल कंप्रेसर इत्यादि | 195 Nos. |
| 25 | 29265002C | 03/08/2026 | 24 फाइबर अर्मौरेद ऑप्टिकल फाइबर केबल इत्यादि | 245 KM |
| 26 | 30260518A | 03/08/2026 | हर्मिटिकल्ल्य सील्ड स्क्रॉल कंप्रेसर इत्यादि | 192 Nos. |
| 27 | 29261035 | 03/08/2026 | पंचिंग आइटम सेट यूजड इन कांटेक्ट ग्रुप इत्यादि | 46667 Sets. |
| 28 | 22261947A | 03/08/2026 | स्फेरोलास्टिक साइलेंट ब्लॉक फॉर सीबीसी इत्यादि | 893 Nos. |
| 29 | 30261204 | 03/08/2026 | रिर्टन एयर फिल्टर एस पर आरडीएसओ इत्यादि | 2586 Nos. |
| 30 | 30261095 | 03/08/2026 | 500 एएमपी, 750वी, इन्टर वेहिकुलर (IV) कपलर यूनिट इत्यादि | 451 Sets. |
| 31 | 29261025 | 03/08/2026 | सेट ऑफ मेन गियर असेंबली फार आई.आर.एस इत्यादि | 375 Sets. |
| 32 | 22261960 | 03/08/2026 | मैन्युअल उन्कोप्लिंग डिवाइस इत्यादि | 392 Nos. |
| 33 | 24260852 | 31/07/2026 | गियर व्हील 58 टीथ इत्यादि | 52 Nos. |
| 34 | 29245186A | 03/08/2026 | सप्लाई ऑफ मुलती सेक्शन डिजिटल इत्यादि | As per NIT |

मुजाधि/एस–35 **प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**



Branded
**T.SHIRT SALE**
MEN, WOMEN & KIDS
upto 60% off
Introducing huge range of Shorts & Lowers
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus SMART CASUALS Reebok LEVI'S

- PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
- WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
- JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
- NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
- LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing



## Office of the Resident Commissioner
## New Jharkhand Bhawan, Government of Jharkhand
## Bangla Sahib Road, New Delhi-110001

**Short-term Tender Invitation Notice**

Tenders are invited for the purchase of linen for the residential rooms of Jharkhand Bhawan, Vasant Vihar, New Delhi. The details of the required materials are as follows:

| Serial No. | Description | Quantity |
|---|---|---|
| 01 | Double bed sheet with pillow cover (white, king size) branded (Cotton) (200-300TC) | 96 |
| 02 | Bath towel (white) branded Cotton, 450GSM (90cmx180cm) | 72 |
| 03 | Hand towel (white) branded Cotton, 650GSM | 96 |
| 04 | Pillow (standard) branded - 2 feet 4" - 1 feet 8" | 48 |
| 05 | Bathroom mat, branded - 2 feet / 1 feet 6.5" | 24 |

The details regarding the tender are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Starting date and time of tender submission | 21.07.2026 10:00 AM |
| 02 | Last date and time of tender submission | 27.07.2026 01:00 PM |
| 03 | Date and time of opening technical bid | 28.07.2026 01:00 PM |
| 04 | Validity of tender | 90 days from the date of submission |
| 05 | After the opening of the technical bid, the date for opening the financial bid will be determined and successful tenderers will be informed. | |

**Contact can be made:**
For detailed information and tender documents, interested tenderers can contact the following office:
**Address:** Office of the Chief Administrative Officer,
New Jharkhand Bhawan, Bangla Sahib Road,
New Delhi-110001
**Telephone Number:** 011-41475010
**E-mail:** jhbhawan@gmail.com

S/d
**(Prabhakar Ojha )**
**Chief Administrative Officer**

PR 385156 Cabinet(26-27)D



## दिल्ली छावनी परिषद
## निविदा सूचना

दिल्ली छावनी बोर्ड सरकार से ई-टेंडरिंग के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी के अनुमोदित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है, जैसा कि नीचे विस्तृत है;

| | | |
|---|---|---|
| ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा जारी करने की तिथि | : | 22.07.2026 को 1700 बजे |
| निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि और समय | : | 18.08.2026 को 1300 बजे तक |
| ई-निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि और समय | : | 18.08.2026 को 1300 बजे तक |
| ई-निविदाएं खोलने की तिथि और समय | : | 19.08.2026 को 1330 बजे |

**कार्य का विवरण**

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुबंध की राशि | बयाना जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | एनआईडीईएम बिल्डिंग, उलान बटार मार्ग, दिल्ली कैंट में डीजी सेट, एचटी/एलटी पैनल, ट्रांसफार्मर और अन्य आवश्यक स्विचगियर जैसे विद्युत उपकरणों की मरम्मत, संचालन और रखरखाव के लिए अवधि अनुबंध। | रु. 55,00,000/- | रु.1,07,500/- |
| 2. | छावनी सामान्य अस्पताल, दिल्ली कैंट में नव निर्मित भवन में बेड लिफ्ट की स्थापना। | रु. 49,90,000/- | रु. 99,800/- |
| 3. | थिम्मैया मार्ग, दिल्ली कैंट में स्थापित 10 फव्वारों का संचालन, रखरखाव और परिचालन। | रु. 25,00,000/- | रु. 50,000/- |

बोलीदाता "निविदा दस्तावेज" और अन्य लागू नियम और शर्तें डाउनलोड कर सकता है, जिसमें विस्तृत एनआईटी, नियम और शर्तें, विशेष विनिर्देश, विशेष शर्तें, सत्यनिष्ठा समझौते पर हस्ताक्षर, जीएफआर 2017 के प्रावधानों का पालन, सार्वजनिक खरीद (भारत में निर्मित को वरीयता) आदेश 2017 आदि शामिल हैं, जैसा कि **http://defproc.gov.in** और **www.delhi.cantt.gov.in** की वेबसाइट से तकनीकी बोली में प्रदान किया गया है।

कृपया ध्यान दें कि निविदा दस्तावेजों में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र वेबसाइट **http://defproc.gov.in** और छावनी बोर्ड की वेबसाइट **www.delhi.cantt.gov.in** पर अपलोड किया जाएगा। सभी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी दरों को उद्धृत करने से पहले संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र आदि की जांच करने के लिए उपर्युक्त वेबसाइटों पर जाना आवश्यक है और इसे पंजीकृत करने में विफलता के लिए बोलीदाताओं को कोई मुआवजा स्वीकार्य नहीं होगा।

टेलीफोन नंबर 25695450
सं. डीसीबी/8/सी-1/टीएन/2026-27/7
छावनी बोर्ड का कार्यालय
वेबसाइटः www.delhi.cantt.gov.in

हस्ता/-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दिल्ली छावनी

संवाद
नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 18 जुलाई 2026

# US का दोहरा रवैया

## रूसी तेल पर फिर आया पुराना बहाना

**रूस से** तेल-गैस की खरीद को लेकर ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन दोहरा रवैया अपनाता रहा है और अमेरिकी सीनेट में पेश नया विधेयक इसी बात की मिसाल है। इसमें एक बार फिर भारत को घेरने की कोशिश की गई है। अपनी ऊर्जा जरूरतों और रणनीतिक हितों को देखते हुए भारत को किसी तरह के दबाव में नहीं आना चाहिए।

**अमेरिका की नाकामी ।** इस बिल को 60 से अधिक सांसदों का समर्थन प्राप्त है। अगर यह कानून बनता है तो इससे अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि को उन देशों पर 100% टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाएगा, जो रूस से क्रूड ऑयल और नैचुरल गैस खरीदने में टॉप 5 में हैं। इस लिस्ट में चीन और भारत, दोनों आते हैं। ट्रंप सरकार के मुताबिक, इस बिल का मकसद यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस पर दबाव बढ़ाना है। यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में मिल रही नाकामियों को अमेरिका तेल व्यापार पर थोपना चाह रहा है।


100% टैरिफ वाला बिल

**अवसरवादिता वाली नीति ।** इस बिल में रूसी गैस पर निर्भर यूरोपीय देशों के बचने का रास्ता दिया गया है। इसी तरह, अमेरिका ने अपने लिए भी रूसी यूरेनियम की खरीद को अपवाद में रखा है। रूस से व्यापार को लेकर जिस नैतिकता की दुहाई वॉशिंगटन देता है, असल में वह खुद उसकी धज्जियां उड़ाता रहा है। उसकी नैतिकता सुविधा के अनुसार चल रही है। जब पश्चिम एशिया संकट की वजह से तेल और गैस सप्लाई बाधित हुई, तो अमेरिका ने रूसी तेल से प्रतिबंध हटा लिया था।

**भरपाई कौन करेगा ।** अमेरिका को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ग्लोबल क्रूड ऑयल प्रॉडक्शन में रूस की हिस्सेदारी 11-12% है। इसमें बाधा पड़ने पर दूसरे तेल उत्पादक देशों के लिए भरपाई करना मुश्किल हो जाएगा। खासकर, जब पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से खाड़ी देशों में तेल उत्पादन और आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ा है। रूसी तेल की सप्लाई बंद होने से जो महंगाई बढ़ेगी, उससे न अमेरिका बचेगा और न यूरोप।

**देश हित सबसे पहले ।** भारत ने हमेशा स्पष्ट किया है कि उसकी विदेश नीति किसी तीसरे देश के दबाव में नहीं चलती। उसके लिए राष्ट्रीय हित सबसे ऊपर है। रूसी तेल पिछले कुछ बरसों से देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा का प्रमुख आधार रहा है। इससे वैश्विक तेल बाजार में भी स्थिरता कायम रखने में मदद मिली है। नई दिल्ली को इस मामले में अपने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए।

## और सुनाओ

### किराये पर क्यों नहीं

**NCR में** अब से 5 साल पहले घर खरीदने वाले भी महसूस कर रहे हैं कि आज वो नया फ्लैट खरीदने का खर्च नहीं उठा पाएंगे। अधिकांश महानगरों में मकानों की कीमतें आम लोगों के बजट से बाहर होती जा रही हैं। किराये भी लगातार बढ़ रहे हैं। यह एक बड़े आवास संकट को जन्म दे रहा है। शहरों की तरफ पलायन करने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उस तेजी से नए घरों का निर्माण नहीं हो पा रहा है, खास तौर से किफायती घरों का।


रमेश तिवारी

संयुक्त राष्ट्र की 'वर्ल्ड सिटीज रिपोर्ट 2026' के अनुसार, 2018 में आठ बड़े शहरों के कुल नए घरों में किफायती घरों की हिस्सेदारी लगभग 52% थी, जो 2025 तक घटकर 17% रह गई है। एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली में घर लेने के लिए करीब 10 साल की आमदनी की जरूरत है। असल में मकान खरीदना अब रहने से ज्यादा इन्वेस्टमेंट का टूल बन गया है। वे भी जो बेचने के लिए नहीं खरीदे जाते। जिनके पास है, वे इसे होल्ड करते हैं। एक तरफ लाखों लोग बिना घर के हैं, दूसरी तरफ बड़े शहरों में लाखों फ्लैट्स खाली पड़े हैं। सरकार सबको घर का मालिक बनाए, सिर्फ इस पर ध्यान देने से शहरी आवास संकट हल नहीं हो सकता। रेंटल इकॉनमी यानी किराये के घर को बढ़ावा दें तो बात बने। हालांकि किराये के घरों को आज भी गुलामी का प्रतीक माना जाता है। शायद इसी वजह से पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर ने रेंटल इकॉनमी को बढ़ावा देने में दिलचस्पी नहीं ली। प्रॉपर्टी की कीमत के मुकाबले उसका किराया बहुत कम है। इन हालात में सरकार का दखल जरूरी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत 'अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स' की योजना बनाई गई थी। इसे अब बड़े पैमाने पर बढ़ाने का वक्त है। सरकार अब से भी अपने हाथ में मौजूद जमीन को ऑक्शन के जरिये बेचना बंद करे। इन जमीनों पर प्राइवेट सेक्टर की मदद से किफायती रेंटल हाउसिंग का इंतजाम करे। इससे शहरों में अनधिकृत कॉलोनियों और झुग्गियों के बनने की रफ्तार भी धीमी होगी। झुग्गियों में रहने वालों को मकान मालिक बनाने की नीति में हाल में दिल्ली में एक बदलाव का प्रस्ताव आया। झुग्गी वालों को मकान आगे चलकर सिर्फ लीज पर दिए जा सकते हैं। यह बेहतर मॉडल है। रोजगार और शिक्षा के लिए शहरों में आने वाली बड़ी आबादी एक शहर में स्थायी रूप से नहीं रुकती। किराये के घर से युवा पीढ़ी को करियर के शुरुआती दिनों में होम लोन के भारी बोझ से बचाया जा सकता है।

## ऑफ़ दि ट्रैक

### छिपकली के पास इलाज

दिलीप लाल

**मानव समस्याओं** का हल खोजने निकले वैज्ञानिकों को विभिन्न प्रजातियों में ही समाधान मिल जाता है। अब जैसे छिपकली की एक प्रजाति Gecko में कैंसर के इलाज का सुराग मिला है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इससे कैंसर को और समझने व उसके इलाज का रास्ता मिलेगा। ब्रिटेन की नॉटिंघम यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के मुताबिक, लेपर्ड गेको की एक विशेष प्रजाति 'लेमन फ्रॉस्ट' में स्वाभाविक रूप से तेजी से ट्यूमर विकसित हो जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि इन ट्यूमर में होने वाले कई आनुवंशिक परिवर्तन मानव कैंसर से जुड़े जीनों और जैविक प्रक्रियाओं से काफी मिलते-जुलते हैं। लैब के चूहों में कृत्रिम रूप से ट्यूमर विकसित करके कैंसर की स्टडी की जाती है। वहीं, लेमन फ्रॉस्ट गेको में कम उम्र से ही प्राकृतिक रूप से कैंसर विकसित होता है और लगभग 80% मामलों में यह शरीर के अन्य अंगों तक फैल जाता है। यानी इस छिपकली से यह समझा जा सकता है कि वास्तविक परिस्थितियों में कैंसर कैसे फैलता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह मॉडल बीमारी की रोकथाम, जल्द पहचान और अधिक प्रभावी उपचार में मददगार हो सकता है। भारत में छिपकली की यह प्रजाति बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पहाड़ी इलाकों में मिलती है। यह रिसर्च BMC Biology में प्रकाशित हुई है।

## दो तिहाई बहुमत से सरकार अब भी दूर, पर कई विपक्षी सांसदों का समर्थन




# परिसीमन पर हो सबका साथ

**नरेंद्र मोदी** सरकार को 12 साल के शासनकाल में संसद में पहली बार इसी साल अप्रैल में मात खानी पड़ी, जब परिसीमन विधेयक लोकसभा में 54 वोटों से गिर गया। संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत चाहिए और सरकार इससे बहुत पीछे थी। कुछ जानकारों को लगता है कि मोदी सरकार ने अति आत्मविश्वास में ऐसा कदम उठाया। चूंकि पिछले कार्यकाल में उसने राज्यसभा में बिना बहुमत ही धारा-370 और तीन तलाक सरीखे विधेयक पारित करा लिए थे। हालांकि मुझे लगता है कि सरकार का कदम सुनियोजित था।


राज कुमार सिंह

**चुनाव पर असर ।** अगर पिछली बार की तरह जुगाड़ से संविधान संशोधन विधेयक पारित हो जाता, तो सरकार और BJP खुद को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की चैंपियन बताती। हाल में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम बताते हैं कि वैसा न हो पाने पर भी BJP विपक्ष को महिला आरक्षण विरोधी के रूप में पेश करने में सफल हो गई। बेशक पहले ही पारित हो चुके महिला आरक्षण विधेयक से परिसीमन विधेयक का सीधा संबंध बहस का विषय है, पर उससे महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने में देरी तो हो ही सकती है।

**BJP की उम्मीद ।** विफल प्रयास का भी मीठा चुनावी फल मिलने के बाद यह स्वाभाविक है कि मोदी सरकार मॉनसून सत्र में परिसीमन विधेयक पारित कराने की फिर कोशिश करे। उसकी तैयारी दिख भी रही है। TMC और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत से BJP उत्साहित है। उसे उम्मीद है कि 22 सांसदों वाला DMK भी परिसीमन विधेयक का समर्थन नहीं, तो कम से कम उस पर मतदान से अनुपस्थित होकर अप्रत्यक्ष मदद कर ही देगा।

> **विधेयक का फॉर्म्युला**
> - बढ़ती आबादी के मद्देनजर लोकसभा सीटें बढ़ाना जरूरी
> - सरकार दे चुकी है सभी राज्यों में 50% वृद्धि का फॉर्म्युला

**केंद्र का फॉर्म्युला ।** परिसीमन के विरोध में दक्षिण भारतीय राज्यों को गोलबंद करने वाले स्टालिन को हालांकि इसके लिए राजनीतिक साहस दिखाना होगा। वैसे हमारे राजनेता सुविधानुसार सिद्धांत बदलने में माहिर माने जाते हैं। फिर मोदी सरकार तो दक्षिण भारतीय राज्यों की सीटें घटने की आशंका का निवारण करते हुए 50% की वृद्धि का फॉर्म्युला भी सुझा चुकी है।

**दक्षिण का डर ।** अतीत में परिसीमन का आधार आबादी रही है। दक्षिण भारतीय राज्यों ने जनसंख्या पर नियंत्रण पाने में अच्छा काम किया। अब उन्हें डर है कि अधिक जनसंख्या वृद्धि वाले उत्तर भारतीय राज्यों में लोकसभा की सीटें ज्यादा बढ़ेंगी।

**संतुलन का रास्ता ।** बेशक 50% फॉर्म्युले से भी उन राज्यों में ही ज्यादा सीटें बढ़ेंगी, जहां पहले से अधिक हैं, लेकिन यह वृद्धि समान अनुपात में होगी। वर्तमान संतुलन बरकरार रहेगा। बजट सत्र में भी परिसीमन विधेयक पर लोकसभा में मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 50% वृद्धि के फॉर्म्युले का सुझाव दिया था, लेकिन तब वह उस विधेयक का हिस्सा नहीं था।

**कमजोर विरोध ।** अब अगर सरकार इस फॉर्म्युले को विधेयक में शामिल कर उसे फिर से मॉनसून सत्र में पेश करती है, तो विपक्ष के पास विरोध का पिछली बार जैसा तार्किक आधार नहीं होगा। विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. में शामिल NCP (शरद पवार) और शिवसेना (UBT) की प्रतिक्रियाएं भी यही संकेत दे रही हैं। मोदी सरकार को लगता है कि 37 सांसदों वाली समाजवादी पार्टी भी इसी आधार पर अपना रुख बदल सकती है।

**कांग्रेस की अपील ।** इन संभावनाओं से आशंकित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने I.N.D.I.A. के घटक दलों को आगाह करते हुए उन्हें अप्रैल की प्रतिबद्धता याद दिलाई है। बेशक लोकसभा और राज्यसभा में NDA अब भी दो तिहाई बहुमत से दूर है, लेकिन अब फासला पहले जैसा नहीं रहा। कुछ दलों के समर्थन से सरकार का काम हो सकता है। तब क्या कांग्रेस और उससे सहमत दलों को भी अपने रुख पर दोबारा विचार नहीं करना चाहिए?

**पीएम करें पहल ।** 1976 से ही रुका हुआ परिसीमन एक संवैधानिक अनिवार्यता और लोकतंत्र की व्यावहारिक जरूरत है। 543 सीटों का आंकड़ा 1971 की जनगणना पर आधारित है। तब से मतदाताओं में कई गुना वृद्धि हो चुकी है। लोकसभा सीटें बढ़कर 850 हो जाएंगी तो निर्वाचन क्षेत्रों का आकार घटेगा। विपक्ष परिसीमन का कोई बेहतर फॉर्म्युला नहीं दे पाया है। इसलिए महज विरोध के लिए विरोध की मानसिकता से उबरना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी को भी सर्वदलीय बैठक बुलाकर राजनीतिक सहमति बनाने की पहल करनी चाहिए।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*




## भाषा हो पसंद की

**5 पॉइंट**

सुप्रीम कोर्ट ने नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा अनिवार्य किए जाने पर गंभीर चिंता जताई है। अदालत ने माना है कि सत्र के बीच ऐसी नीति लागू करने से छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों पर अनावश्यक शैक्षणिक और प्रशासनिक बोझ बढ़ेगा।

**1 असर का ख्याल नहीं**
मई में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने सर्कुलर जारी कर नौवीं में 3 भाषा पढ़ाना अनिवार्य कर दिया था। इस फैसले में न तो स्कूलों की तैयारी का आकलन किया गया और न ही छात्रों पर होने वाले असर को देखा गया।

**2 अनिवार्यता पर विवाद**
एक से अधिक भाषाएं सीखना बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए फायदेमंद है। लेकिन, यहां विवाद तीसरी भाषा पढ़ाने को लेकर नहीं, बल्कि सभी स्कूलों पर एक समान तीसरी भाषा की नीति थोपने की अनिवार्यता को लेकर है।

**3 स्कूलों के लिए व्यावहारिक**
अंग्रेजी हमेशा से राष्ट्रीय संपर्क और वैश्विक रोजगार की भाषा कही जाती है। वहीं, क्षेत्रीय भाषाओं को स्थानीय शिक्षा और सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए पर्याप्त माना गया है। इसलिए, इसे अधिकांश स्कूलों के लिए व्यावहारिक व्यवस्था भी कहा जाता है।

**4 स्कूलों पर छोड़ा जाए फैसला**
जिन संस्थानों में संसाधन और छात्रों की रुचि है, वहां तीसरी भारतीय या विदेशी भाषा पहले से पढ़ाई जाती है। इसलिए तीसरी भाषा का निर्णय स्कूलों की क्षमता और छात्रों की इच्छा पर छोड़ने की वकालत की गई है।

**5 विवाद का विषय**
तीसरी भाषा पर एक समान राष्ट्रीय नीति बनाने के बजाय स्कूलों को निर्णय लेने की आजादी मिलनी चाहिए। लेकिन, राजनीतिक और नीतिगत हस्तक्षेप ने सकारात्मक प्रक्रिया को विवादित विषय बना दिया है।

*प्रस्तुतिः अभिषेक मिश्र*

# 30 हज़ार से नहीं मिलेगी बराबरी

## सप्ताह का इंटरव्यू

सुभाषिनी अली

*सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों गृहिणियों को 'राष्ट्र निर्माता' बताते हुए उनके घरेलू श्रम की कीमत कम से कम 30,000 रुपये महीना तय की। लेकिन, क्या अदालती फाइलों की यह काल्पनिक आय महिलाओं के वास्तविक जीवन में बराबरी ला पाएगी? इस मुद्दे पर राजनीतिज्ञ और महिलाओं से जुड़े मुद्दों को आवाज देने वाली सुभाषिनी अली से **नाइश हसन** ने बातचीत की। पेश हैं मुख्य अंशः*



**■ सुप्रीम कोर्ट का गृहिणियों को राष्ट्र निर्माता कहना कितना बड़ा वैचारिक बदलाव है?**

सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक सीमित संदर्भ में लिया गया था कि दुर्घटना में मृत महिला को किस प्रकार का मुआवजा दिया जाए। अदालत ने माना कि अगर महिला नौकरी नहीं भी करती है, तो उसके द्वारा किए जाने वाले निःशुल्क श्रम का ध्यान रखना आवश्यक है। यह स्वागत योग्य फैसला है, लेकिन महिलाओं के श्रम और आर्थिक योगदान को पूरी तरह से समझने के लिए नाकाफी है।

**■ घरेलू काम को बिना पैसे का कर्तव्य माना गया। क्या 30 हजार रुपये की कानूनी कीमत तय होने से पुरुषों की सोच बदलेगी और क्या यह रकम उनके वास्तविक त्याग व श्रम का सही मूल्यांकन है?**

घरेलू काम को कर्तव्य के रूप में पेश करना महज पुरुष प्रधानता से जुड़ी सोच नहीं, यह हर शोषणकारी व्यवस्था में शोषक वर्ग को मजबूत करने और टिकाए रखने के लिए आवश्यक है। महिलाओं के निःशुल्क श्रम को केवल घर और परिवार के भीतर देखना सही नहीं है। घर के बाहर के समाज में उसकी कीमत और योगदान को समझना आवश्यक है। हर शोषण की व्यवस्था का शोषक वर्ग अपने खर्चों को कम करने में जुटा रहता है। इसके लिए वह श्रमिकों के वेतन को कम करने के हर संभव प्रयास करता है। इस तरह के शोषण के शिकार महिला और पुरुष मजदूर, दोनों होते हैं। महिला मजदूरों का शोषण अधिक होता है क्योंकि उन्हें मुंह बंद करके काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। ऐसे में महिलाओं के श्रम की कीमत इस तरह से तय करना तार्किक नहीं है।

> हर व्यवस्था का शोषक वर्ग अपने खर्चों को कम करने में जुटा रहता है। इसके लिए वह श्रमिकों के वेतन को कम करने के हरसंभव प्रयास करता है, हिंसा और भय का भी सहारा लेता है। महिला और पुरुष मजदूर, दोनों इसके शिकार हैं।

**■ क्या यह फैसला देश की GDP में केयर इकॉनमी को शामिल करने का आधार बनेगा?**

ऐसा तब ही होगा जब समाज में इसके लिए आवाज उठेगी। केवल महिलाओं और महिला संगठनों को ही नहीं, तमाम प्रजातांत्रिक संगठनों को ऐसा करना होगा, राजनीतिक दलों को इस लड़ाई में शामिल होना पड़ेगा और सरकारों को इसके लिए नीतियां बनानी होंगी।

**■ फैसला अभी सिर्फ दुर्घटना मुआवजा तक सीमित है। क्या इसे तलाक और संपत्ति के अधिकारों में भी लागू किया जाना चाहिए?**

फैसले के तार्किक आधार को पूरी तरह से अपनाया जाना चाहिए।

**■ ग्रामीण महिलाएं घर के साथ खेती और पशुपालन भी संभालती है। क्या फैसला उनके बहुआयामी संघर्ष के साथ न्याय करता है?**

ग्रामीण महिलाओं को किसान या पशुपालक के रूप में नहीं पहचाना जाता। यह सच है कि खेती के काम का बड़ा हिस्सा महिलाएं संभालती हैं, लेकिन उन्हें किसान होने का लाभ नहीं मिलता। यहां तक कि अगर खेती करने वाली कोई महिला आत्महत्या कर लेती है तो मुआवजा परिवार को नहीं मिलता। खेती करने वाली महिलाओं को 'किसान पहचान पत्र' भी नहीं मिलता है, न ही कर्ज दिया जाता है। पशुपालन और दुग्ध का कारोबार करने वाली महिलाओं को भी कोई सरकारी मान्यता या सहायता नहीं दी जाती। आदिवासी महिलाओं को भी वन विभाग के अत्याचारों का सामना करना पड़ता है।

**■ काल्पनिक आय तो कागजों पर है। महिला के दैनिक जीवन में आत्मसम्मान और वित्तीय आजादी के लिए इसे कैसे लागू किया जाए?**

मैंने पहले ही बताया इसके लिए होने वाले आंदोलनों का समर्थन तमाम जनवादी ताकतों और राजनीतिक दलों को करना होगा। सरकार पर महिलाओं के लिए उचित नीतियों के लिए दबाव बनाना होगा।

**■ क्या अब सरकारों को सीधे गृहिणियों के खाते में घरेलू भत्ता देने जैसी वास्तविक नीतियां बनानी चाहिए?**

इस तरह के भत्ते देने की बात तो तमाम सरकारें करती हैं। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में महिलाओं को दी जाने वाली नकद सहायता के लिए विधवा और वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं में कटौती की गई है। वहीं, केरल सरकार हर महीने महिलाओं के खातों में पेंशन आदि भेज रही है।

**■ घरेलू काम को आर्थिक गरिमा मिलने से क्या महिलाओं पर परफेक्ट होम मेकर बनने का दबाव और बढ़ जाएगा?**

घरेलू काम के बोझ के कारण ही बहुत सी महिलाएं घर के बाहर काम नहीं कर पाती हैं। महिलाओं पर परफेक्ट होम मेकर बनाने का दबाव आज से नहीं, सदियों से है। ताकि वह निःशुल्क सेवाएं या बहुत कम वेतन पर काम करती रहें।

www.nbt.in

# करेले के बच्चों का इंतज़ार

**समय के** साथ इंसान के स्वभाव, रहन-सहन में कितना बदलाव आ चुका, लेकिन प्रकृति अपने प्राचीन बर्ताव के साथ अब भी मौजूद है। मेरे घर के बगल वाले खाली प्लॉट को ही लीजिए। छोटा, लेकिन बड़ा खूबसूरत-सा घर था वहां। घर के मालिक के पास ज्यादा पैसा हुआ तो उन्होंने बड़ा मकान खरीद लिया। पुराना घर टूट गया और रह गया खाली प्लॉट। घर टूटते देख मुझे दुख हो रहा था, पर ज्यादा दिन नहीं।

जैसे ही कंक्रीट की दीवारों से मिट्टी मुक्त हुई उस पर प्रकृति ने अपना घर बसाना शुरू कर दिया। बगल की छत पर कबूतरों को दाने डाले जाते थे। कबूतर दाने खाते वक्त उन्हें बिखरा देते। बाजरा, मक्का, ज्वार वगैरह के बीज प्लॉट में गिरे और बारिश में वहां हरियाली छा गई। जाने कहां से करेले की भी उग आया और उसकी बेल तो ऐसी खिलखिलाई जैसे गांव में मेला देखने जाने वाली महिलाएं खिलखिलाती हैं। मैं हर दिन उस बेल को बढ़ते हुए देख रही थी। बिना किसी सहारे के वह पहले दीवार पर चढ़ी और फिर तारों पर।

## खुद अपनी आंख से

सरस्वती रमेश

देखते ही देखते फूल आ गए उस पर। फिर करेले की बतिया लटकने लगीं। कितना सुंदर लगता करेले के उन बच्चों को देखकर! ऐसा लगता कि वे मुझसे बातें कर रहे हैं।

कुछ दिन बाद घर के गेट के सामने करेले ही करेले लटकने लगे। एक दिन मैंने और बेटे ने मिलकर 10-12 करेले तोड़ लिए। उनको धोते वक्त मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पतिदेव ऑफिस से आए तो उन्हें भी दिखाए। उन करेलों के ऐसे लाजवाब भरवे बने कि यहां लिखकर नहीं बताया जा सकता। अब तो आते-जाते करेले पर ही नजर रहती। कई बार तोड़े, कई बार पकाए। लेकिन, हर आदि का अंत भी होता है।

बरसात खत्म होते-होते बेल सूखने लगी और आखिरकार पौधा चला गया। हालांकि मैंने बीज पहले ही सहेज लिए थे ताकि अगले साल फिर उन्हें खाली प्लॉट में डाल सकूं। लेकिन, बेचारा खाली प्लॉट भी कब तक खैर मनाता। जल्द ही उस पर 'फॉर सेल' यानी 'बिक्री के लिए उपलब्ध' का बोर्ड टंग गया। चारदीवारी भी खिंच गई। अब क्या हो, बीज कहां उगेंगे?

एक दिन अपनी छत से देखा कि पड़ोस में महेश अंकल की छत पर बड़ा-सा खाली गमला पड़ा है। उसमें लगा पौधा गर्मियों में सूख गया था। मैंने फटाफट बीज ले जाकर उसमें डाल दिए। कुछ दिन बाद करेले की बेल फिर लहलहा उठी। जानती हूं इनका भाग्य पिछली बार उगे करेलों जितना खूबसूरत न होगा, लेकिन इस भीड़ में उन्हें उगने की जगह नसीब हुई, यही क्या कम है। अब करेले के बच्चों की प्रतीक्षा है।

## चलते-चलते...

**किंग्स कॉलेज** लंदन के शोधकर्ताओं ने पाया है कि चुकंदर या पालक जैसी नाइट्रेट युक्त सब्जियां खाने के बाद शक्कर वाली च्युइंग गम चबाने से कुछ समय के लिए बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर कम हो सकता है। अब वैज्ञानिक इस पर काम कर रहे हैं कि अतिरिक्त चीनी यानी मीठे च्युइंग गम के बिना यह लाभ और किन तरीकों से पाया जा सकता है।

## रीडर्स मेल

**▸ जिम्मेदारों पर सख्ती हो**

**17 जुलाई** के संपादकीय 'फिर वही गलती' पढ़ा। इस साल भी देश के धार्मिक उत्सवों में से एक जगन्नाथ यात्रा के दौरान अफरातफरी मची। यात्रा के दौरान किसी कारण कुछ श्रद्धालु गिर गए। ऐसा लगता है कि देश की प्रशासनिक व्यवस्था सुधरना ही नहीं चाहती। उम्मीद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए, यह कोई बहाना नहीं हो सकता। धार्मिक आयोजन हर साल होते हैं और अपेक्षा से अधिक भीड़ जुटती है। फिर तैयारी उस हिसाब से क्यों नहीं? भगदड़ और अव्यवस्था आम बात है। हर बार जिम्मेदार लोग पल्ला झाड़ लेते हैं। लापरवाही साफ झलकती है, पर मामले को दबा दिया जाता है। आखिर पुरानी गलतियों से क्यों नहीं कुछ सीखा जा रहा? जब तक जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, ऐसी घटनाओं पर काबू पाना मुश्किल है।

इन्द्र सिंह धिगान, किंग्जवे कैम्प

**▸ बस सेवा सुधारी जाए**

**यह पत्र** 16 जुलाई के अंक में प्रकाशित लेख 'बस ट्रांसपोर्ट का सिस्टम बदलना चाहिए' से संबंधित है। महानगरों में सार्वजनिक बस परिवहन को और अधिक प्रभावी, सुलभ बनाने की आवश्यकता है। बस सेवा का विस्तार केवल मुख्य मार्गों तक सीमित न रहकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी होना चाहिए, ताकि प्रत्येक नागरिक को किफायती परिवहन उपलब्ध हो सके। यदि बाहरी क्षेत्रों तक मजबूत बस नेटवर्क विकसित किया जाए, तो निजी दोपहिया वाहनों पर निर्भरता कम होगी। इससे ट्रैफिक जाम और प्रदूषण में कमी आएगी। आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से वैज्ञानिक अध्ययन कराकर भविष्य की जरूरतों के अनुरूप एक समग्र बस परिवहन मॉडल तैयार कराया जा सकता है।

वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

आर.एन.आई. नं. 510/57 सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। यह समाचार पत्र स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए ... द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित। ...

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 07-18-2026 00:07 Color:



**NEET-UG रिजल्ट** अब तक की सबसे ज्यादा क्वॉलिफाइंग कटऑफ, हर कैटिगरी में इजाफा, अब शेड्यूल का इंतजार

# सरकारी कॉलेजों में मुश्किल होगी दाखिले की दौड़

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** NEET-UG 2026 का रिजल्ट आने के बाद अब उम्मीदवारों को मेडिकल काउंसलिंग कमिटी (MCC) के शेड्यूल का इंतजार है। यह कमिटी ऑल इंडिया कोटा और राज्य कोटे के तहत मेडिकल कोर्सेज में दाखिले के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करेगी। रिजल्ट आने के बाद एक बात साफ हो गई है कि 2025 के मुकाबले 2026 में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में तो दाखिले की राह मुश्किल होगी क्योंकि मिनिमम कटऑफ में 69 नंबरों की बढ़ोतरी हुई है। जनरल कैटिगरी में क्वॉलिफाइंग कटऑफ 144 से बढ़कर 213 हो गई है, जो अब तक की सबसे ज्यादा न्यूनतम कटऑफ है।

**मिनिमम कटऑफ बढ़ने का असर क्या? :** 2024 में एक छात्र ने 720 में से 720 नंबर हासिल किए थे और 162 नंबर वाला भी क्वॉलिफाई हो गया था। 2025 में नंबरों की रेंज 686-144 रही। पिछले वर्ष जनरल कैटिगरी में 11.01 लाख ने क्वॉलिफाई किया। इस बार जनरल कैटिगरी में 9.96 लाख ने क्वॉलिफाई किया लेकिन नंबरों की रेंज का ग्राफ 715-213 हो गया। ज्यादा नंबर वालों की संख्या पहले की तुलना में बहुत ज्यादा है।

**जनरल कैटिगरी में कटऑफ 144 से बढ़कर 213**

दिल्ली मेडिकल काउंसिल के पूर्व चेयरमैन डॉ. अरुण गुप्ता का कहना है कि जब क्वॉलिफाई करने के लिए कटऑफ बढ़ती है तो इसका मतलब पहले की तुलना में इस बार ज्यादा छात्रों ने हाई स्कोर हासिल किया। इसका सीधा असर दाखिले के लिए जरूरी नंबरों पर पड़ेगा, खासकर सरकारी मेडिकल कॉलेजों में तो ज्यादा स्कोर पर दाखिला होगा। मौजूदा सत्र में MBBS की 9911 सीटें बढ़ी हैं। सरकारी कॉलेजों में 21 प्रतिशत और प्राइवेट में 78 प्रतिशत सीटें बढ़ी हैं। इस वर्ष के नतीजों में 10160 कैंडिडेट्स ने 600 या इससे ज्यादा नंबर पाए हैं। 90780 ने 500 या इससे ज्यादा स्कोर पाया है।

FILE


### क्वॉलिफाई करने वालों का प्रतिशत

**22.09** लाख स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया था वर्ष 2025 में

**12.36** लाख यानी 55.96 फीसदी हुए थे क्वॉलिफाई

**19.99** लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी इस बार

**11.21** लाख यानी 56.06 फीसदी क्वॉलिफाई हुए

### टॉप 50 में राजस्थान के सबसे ज्यादा छात्र

टॉप-50 में राजस्थान से सबसे ज्यादा 9 छात्र हैं। महाराष्ट्र से 7, पंजाब-तेलंगाना, हरियाणा से 5-5 टॉपर्स में हैं। गुजरात से 4, तमिलनाडु से 3, दिल्ली-बिहार-कर्नाटक से 2-2, यूपी-पश्चिम बंगाल-ओडिशा-आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश, चंडीगढ़ से 1-1 कैंडिडेट टॉप 50 में हैं।

### अब NEET स्कोरकार्ड खोने का डर नहीं, डिजिलॉकर से मिलेगा पुराना रिजल्ट

**पीटीआई, नई दिल्ली:** NEET देने वाले स्टूडेंट्स के लिए राहत की खबर है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) ने केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) को बताया कि वह डिजिलॉकर के साथ ऐसा सिस्टम तैयार कर रही है, जिससे छात्र पिछले वर्षों के NEET स्कोरकार्ड दोबारा डाउनलोड कर सकेंगे। यह जानकारी NEET-UG 2020 के एक अभ्यर्थी की RTI अपील की सुनवाई के दौरान दी गई। NTA ने कहा कि पहचान की पुष्टि के बाद छात्रों को उनका पुराना स्कोरकार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। एजेंसी के मुताबिक, यह सिस्टम लगभग तैयार है और जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है।

## जानिए टॉपर्स की कहानी.... उन्हीं की जुबानी

### फरीदाबाद के पंशुल पढ़ाई संग संगीत-खेल में भी आगे


पंशुल बंसल AIR 2
मार्क्स 715/720

**NBT न्यूज, फरीदाबाद:** NEET-UG में फरीदाबाद के पंशुल बंसल ने 720 में से 715 नंबर लाकर ऑल इंडिया में संयुक्त टॉपर की रैंक हासिल की है, हालांकि उन्हें सेकंड टॉपर घोषित किया गया है। पंशुल के चाचा सुनील ने बताया कि वह जॉइंट फैमिली में रहते हैं। पंशुल को पढ़ाई के साथ पियानो बजाने, बैडमिंटन और विडियो गेम्स खेलने का शौक है। वह रोज सात घंटे पढ़ाई करते थे। सुबह, दोपहर और शाम को पढ़ाई करने के लिए टाइम टेबल बनाया, जिसको उसने कभी ब्रेक नहीं किया। उन्होंने बताया कि पहली रैंक प्राप्त करने वाले बच्चे के भी इसके बराबर 715 नंबर आए हैं। लेकिन एनटीए बायो को ऊपर रखता है, जिससे पंशुल को दूसरी रैंक मिली, क्योंकि पंशुल का बायो में एक नंबर कम और पहली रैंक प्राप्त करने वाले छात्र का केमिस्ट्री में एक नंबर कम था।

### 'दोबारा NEET को गलती सुधारने का मौका देखा'


उपलक्ष्य गोयल AIR 3
मार्क्स 711/720

**पीटीआई, जयपुर:** NEET-UG में तीसरे स्थान पर रहे उपलक्ष्य गोयल ने अपनी सफलता का श्रेय अनुशासन के साथ तैयारी, लगातार अभ्यास और अपने माता-पिता व शिक्षकों के सहयोग को दिया है। गोयल ने बताया कि वह दिन में 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते थे और डॉक्टर बनने के अपने लक्ष्य पर फोकस रखते थे। उन्होंने कहा, 'सबसे बड़ी खुशी अपने माता-पिता को खुश देखना है जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया।' पेपर लीक का उल्लेख करते हुए गोयल ने कहा कि वह शुरू में निराश हुए थे। उन्होंने कहा, 'यह अनिश्चित लग रहा था कि कड़ी मेहनत के बाद नतीजे का कोई महत्व रहेगा या नहीं। बाद में, मैंने दोबारा परीक्षा को अपनी गलतियों को सुधारने के मौके के तौर पर देखा। तैयारी के दौरान पारिवारिक कार्यक्रमों और बाहर घूमने-फिरने से परहेज किया।'

### हिंदी मीडियम, कम संसाधन... अभिलाष की बड़ी सफलता

**किसान के** बेटे अभिलाष ने कड़ी मेहनत के दम पर NEET-UG में 11वीं रैंक हासिल की है। अभिलाष की यह कहानी बहुत प्रेरणादायक है। हिंदी माध्यम से इतनी बड़ी सफलता हासिल करना बताता है कि मेहनत और लगन से किसी भी मुश्किल चुनौती को पार किया जा सकता है। पल्लू (हनुमानगढ़, राजस्थान) जैसे छोटे से इलाके से निकलकर ऑल इंडिया रैंक 11 पाना हर युवा के लिए एक बड़ी मिसाल है। उनके पिता की मेहनत इसमें सबसे बड़ा आधार है। अभिलाष ने 720 में से 705 अंक हासिल किए। अभिलाष ने सीकर में रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी की। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत और लगातार पढ़ाई ने उन्हें टॉपर्स में जगह दिलाई।

मार्क्स 705/720

अभिलाष AIR 11

## फटाफट खबरें

### टिकट नहीं मिला तो भी मुआवज़ाः SC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि रेल हादसे में मृत यात्री के पास टिकट न मिलने मात्र से उसके परिवार को मुआवजे से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला पलटते हुए मृतक की पत्नी को 8 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।



### 'धमाके की तैयारी में थे पकड़े गए संदिग्ध'

■ **पीटीआई, अहमदाबाद:** गुजरात में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने के आरोप में दो दिन पहले गिरफ्तार 5 संदिग्ध बम बनाने की तकनीक सीखने और धमाके की तैयारी कर रहे थे। शुक्रवार को ATS ने बताया कि इस माह शुरू में गिरफ्तार मोहम्मद अमीन शेरा ने पूछताछ में बताया धमाके की तैयारी में उसके साथ एक और ग्रुप था।

### 'पुरी यात्रा के बाद रिलीज करें फिल्म'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एनिमेटेड फिल्म महाप्रभु जगन्नाथ की 17 जुलाई को रिलीज पर तत्काल रोक हटाने से इनकार करते हुए फिल्म निर्माताओं को इंतजार करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि वे फिल्म को 27 जुलाई को पुरी की वार्षिक रथ यात्रा समाप्त होने के बाद ही रिलीज करें।



### 12 साल के बच्चे को निगल गया मगरमच्छ

■ **पीटीआई, बहराइच:** यूपी के बहराइच में बच्चे को मगरमच्छ निगल गया। धान रोपने के बाद बच्चा घाघरा नदी में हाथ-पैर धोने गया था, तभी मगरमच्छ ने उसे दबोच लिया। बच्चे ने खूब हाथ-पैर मारे। उसके चाचा ने ईंट-पत्थर फेंक बचाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ उसे पानी में खींच ले गया।

### नदी में कार, टीचर और 2 बच्चों की मौत

■ **पीटीआई, छत्रपति संभाजीनगर:** नांदेड़ में शुक्रवार को रेलिंग तोड़ कार गोदावरी नदी में गिरने से टीचर और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस को आत्महत्या की आशंका है। क्योंकि, उन्होंने 'वट्सऐप स्टेटस' पर कहा था कि अधिकारी उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं और वह दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर लेंगे।



### नागरिकता का सबूत नहीं ज़मीन रेकॉर्डः HC

■ **NBT रिपोर्ट:** कलकत्ता HC ने कहा है कि जमीन का रेकॉर्ड नागरिकता का सबूत नहीं हो सकता। TOI के मुताबिक, मुर्शिदाबाद के शख्स का नाम SIR के बाद वोटर लिस्ट से हट गया था और उसे निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है। वह बांग्लादेशी है। हिरासत को गलत बताते हुए उसके रिश्तेदार हाई कोर्ट गए थे। उन्होंने ज़मीन खरीदने का रेकॉर्ड पेश किया, लेकिन HC ने नहीं माना।

**'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में राहुल गांधी बोले-**

# 'युवाओं के सामने 5 में से 4 रास्ते बंद, सरकारी नौकरी में पेपर लीक'




Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **देहरादून:** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में शुक्रवार को 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने युवाओं के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि देश में रोजगार के 5 में से 4 रास्ते मैन्युफैक्चरिंग, एंटरप्रेन्योरशिप, कॉरपोरेट जॉब और पब्लिक सेक्टर लगभग बंद हो चुके हैं और उनके सामने सिर्फ सरकारी नौकरी का विकल्प है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस एकमात्र विकल्प में भी पेपर लीक जैसी घटनाएं युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले दस वर्षों में देशभर में 152 पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं, जिनसे 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए, लेकिन किसी भी दोषी को सजा नहीं मिली।

**कहा-पेपर लीक में किसी को नहीं मिली सज़ा**

राहुल गांधी ने कहा कि देश में करोड़ों युवा पांच-पांच साल तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। इसके बावजूद 150 में से केवल एक अभ्यर्थी को ही सरकारी नौकरी मिल पाती है। ये इसलिए क्योंकि सरकार ने चार रस्ते बंद कर दिए हैं। उन्होंने सवाल किया कि आखिर करोड़ों युवाओं को सिर्फ इसी रास्ते पर चलने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ रहा है?

**मंच पर पहुंचे मैथ के टीचर:** राहुल गांधी ने मैथ टीचर अभिनय को भी मंच पर बुलाया। अभिनय ने कहा कि पेपर लीक के जरिये डॉक्टर और इंजीनियर बनेंगे तो खमियाजा देश को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे डॉक्टर गलत इलाज करेंगे और इंजीनियर पुल बनाएंगे तो वे भी गिरेंगे। पेपर लीक केवल छात्रों के भविष्य का नहीं, बल्कि गुणवत्ता और व्यवस्था का भी सवाल है।

### आत्महत्या करने वाली छात्रा के पिता की गुहार

नीट छात्रा रहीं रिया कुमारी के पिता राजेश मल्ल को मंच पर बुलाकर राहुल गांधी ने उनकी बात सुनी। भावुक राजेश ने कहा कि उनकी बेटी ने दिन-रात मेहनत की थी और रोज करीब 10 घंटे पढ़ाई करती थी। परीक्षा देकर बेहद खुश थी, लेकिन कुछ दिन बाद जब उसे पता चला कि पेपर लीक हो गया है और दोबारा परीक्षा होगी। इससे वह सदमे में चली गई और जान दे दी। उन्होंने राहुल से कहा कि उनकी बेटी के साथ जो हुआ, वह किसी दूसरे परिवार के साथ न हो और इस मुद्दे को संसद में उठाया जाए।

# चढ़ावा चोरीः सोमवार को सीधे SC में अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी एसआईटी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**राम मंदिर** चढ़ावा चोरी की जांच कर रही एसआईटी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत सोमवार को सीधे शीर्ष अदालत को अंतरिम रिपोर्ट सौंप सकती है। शुक्रवार को सूत्रों ने कहा कि एसआईटी जांच को अंतिम रूप देने के लिए सरकार से अतिरिक्त समय मांग सकती है। चढ़ावा चोरी की की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के अनुरोध याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को जांच के संबंध में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश था।

तीन सदस्यीय SIT में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस, विशेष सचिव (वित्त) नील रतन शामिल हैं। इसका गठन 13 जून को ट्रस्ट के अनुरोध पर यूपी सरकार ने किया था। शुरुआत में इसे जांच पूरी करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था और बाद में 15 दिन का समय और दे दिया गया था।



- SC ने जांच के संबंध में स्थिति रिपोर्ट पेश करने के दिए थे निर्देश
- जांच को अंतिम रूप देने के लिए राज्य सरकार से और समय मांग सकती है SIT

### मंदिर परिसर में प्रायश्चित अनुष्ठान शुरू

**NBT न्यूज, अयोध्या:** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद मंदिर ट्रस्ट ने इस घटना को लेकर शुक्रवार को मंदिर परिसर की यज्ञशाला में प्रायश्चित अनुष्ठान शुरू किया। इसके तहत, राम लला और परकोटा के मंदिरों का शुद्धिकरण भी हो रहा है। मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि के निर्देशन में आयोजित यह अनुष्ठान 10 दिन तक चलेगा। 5 आचार्य और करीब 70 बटुक व पंडित वैदिक मंत्रोच्चार पाठ और हवन कर रहे हैं। कोषाध्यक्ष के मुताबिक, चढ़ावा चोरी से श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था पर चोट पहुंची है। इसकी भरपाई के लिए यह अनुष्ठान का आयोजन शुद्ध माहौल स्थापित करने के लिए जरूरी था। यह जरूरी है कि भूल होने पर उसे दोहराया न जाए। यही प्रायश्चित होता है।

# बदरीनाथ मंदिर मामले में रिटायर्ड कर्मी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**बदरीनाथ मंदिर** चढ़ावा चोरी मामले में SIT ने बदरी-केदार मंदिर समिति के एक और कर्मचारी राजेंद्र चौहान को गिरफ्तार कर लिया। राजेंद्र चौहान अभी 30 जून को ही रिटायर्ड हुए थे। शनिवार को एसआईटी उन्हें कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है।

जांच के दौरान SIT ने राजेंद्र चौहान को भी मुख्य आरोपी प्रमोद नौटियाल की तरह चढ़ावे की रकम में कथित हेराफेरी में शामिल पाया। बदरीनाथ के थाना प्रभारी महादेव उनियाल ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उधर, बदरीनाथ धाम के रावल ने अभिषेक के लिए इस्तेमाल हो रहे चंदन की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। धाम के मुख्य पुजारी रावल अमरनाथ नंबूदरी ने इस संबंध में BKTC के सीईओ सोहन सिंह रांगड़ को लिखित शिकायत दी है। BKTC का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


गिरफ्तार राजेंद्र चौहान (बीच में) 30 जून को ही रिटायर्ड हुए थे।

**समिति ने SIT को सौंपी जांच रिपोर्ट**

बदरीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में मंदिर समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट SIT को सौंप दी है। 18 पन्नों की आंतरिक रिपोर्ट में चढ़ावे की गिनती के दौरान कर्मचारियों के लिए पॉकेट-फ्री ड्रेस, ड्यूटी समाप्त होने पर अनिवार्य और तलाशी, गिनती कक्ष में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे और चढ़ावा प्रबंधन के लिए स्पष्ट SOP लागू करने की सिफारिश की गई है।

# 9 साल से जेल में बंद था हत्यारोपी, SC से ज़मानत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने नौ साल से अधिक समय से जेल में बंद हत्या के आरोपी को जमानत दे दी है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि मुकदमे में असाधारण देरी ने 'हमारी न्यायिक अंतरात्मा को झकझोर दिया है।' अदालत ने साफ किया कि हिरासत में बंद आरोपी के मुकदमे का जल्द निपटारा सुनिश्चित करना अदालतों और अभियोजन एजेंसी दोनों का संवैधानिक दायित्व है।

बेंच ने अनुच्छेद 32 के तहत अपनी असाधारण संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए आरोपी लियाकत अली को जमानत देने का आदेश दिया। अली पिछले 9 साल 2 माह से भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 302 (हत्या), 201 (सबूत मिटाना) और धारा 34 (समान आशय) के तहत दर्ज मामले में न्यायिक हिरासत में था। बेंच ने कहा, 'मुकदमे में प्रगति के बिना अनिश्चितकाल तक किसी व्यक्ति को जेल में रखना उसके त्वरित सुनवाई और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। त्वरित सुनवाई का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 से सीधे प्राप्त होता है और विशेष रूप से लंबी हिरासत वाले मामलों में इसकी रक्षा की जानी चाहिए। मुकदमे में हुई लंबी देरी ने हमारी न्यायिक अंतरात्मा को झकझोर दिया है। जब कोई आरोपी हिरासत में हो, तब जल्द सुनवाई कोई विकल्प नहीं, बल्कि संवैधानिक अनिवार्यता है।'



**कोर्ट ने कहा, न्यायिक अंतरात्मा को झकझोरने वाला केस**

# ट्रेन से भिड़ी स्कूल वैन, 2 छात्रों समेत 5 मौतें

PTI


- पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जिले में शुक्रवार सुबह खुले रेलवे फाटक पर स्कूल वैन को पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मार दी।
- हादसे में दो स्कूली छात्रों समेत 5 की मौत हो गई। वहीं, रेलवे ट्रैक पार कर रहा एक साइकिल सवार भी ट्रेन की चपेट में आ गया।
- रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 2.5 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।

**किताबों की बात** साहित्य की खुशबू से महकेगी घाटी, 18 से 26 जुलाई तक होगा तीसरे चिनार बुक फेस्टिवल का आयोजन

# श्रीनगर में सजेगा किताबों का सबसे बड़ा मेला

Prashant.Asthana
@timesofindia.com

■ **श्रीनगर:** कश्मीर की पहचान अब केवल खूबसूरत वादियों तक सीमित नहीं रहेगी, साहित्य और संवाद के जरिए वहां के हालात बदलने की एक बड़ी तैयारी है। इसी सोच के साथ 18 से 26 जुलाई तक श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनैशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (SKICC) में तीसरे चिनार बुक फेस्टिवल का आयोजन होगा। नैशनल बुक ट्रस्ट, श्रीनगर जिला प्रशासन और राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद के संयुक्त आयोजन में होने वाला यह महोत्सव कश्मीर में अब तक का सबसे बड़ा साहित्यिक आयोजन माना जा रहा है।

नैशनल बुक ट्रस्ट के डायरेक्टर युवराज मलिक के मुताबिक, यह आयोजन सिर्फ किताबों का मेला नहीं, बल्कि कश्मीर के युवाओं को देश की मुख्यधारा के साहित्य, कला और विचारों से जोड़ने की एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि पिछले दो संस्करणों को कश्मीरी युवाओं ने बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और इसी उत्साह को देखते हुए इस बार आयोजन को और बड़ा बनाया गया है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 800 से अधिक लेखक, कलाकार, रंगकर्मी, क्यूरेटर, शिक्षाविद और सांस्कृतिक हस्तियां हिस्सा लेंगी। उनका कहना है कि यह आयोजन घाटी की नई पीढ़ी के लिए एक "मील का पत्थर" साबित होगा।


शेर-ए-कश्मीर इंटरनैशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में सज गए हैं बुक स्टॉल्स।

### होंगे 200 से ज्यादा प्रकाशकों के स्टॉल

फेस्टिवल में 200 से ज्यादा प्रकाशकों के स्टॉल होंगे, जहां हिंदी, उर्दू, कश्मीरी, इंग्लिश और कई भारतीय भाषाओं की हजारों किताबें रहेंगी। साहित्यिक परिचर्चाओं, लेखक-पाठक संवाद, विमोचन, मुशायरों, सूफियाना संगीत, बच्चों के लिए स्टोरीटेलिंग और रचनात्मक कार्यशालाओं के जरिए हर आयु वर्ग को जोड़ने की कोशिश की जाएगी। गोजरी भाषा में तैयार 24 द्विभाषी पुस्तकों का लोकार्पण और कल्हण की राजतरंगिणी से प्रेरित उपन्यासों की पहली श्रृंखला भी जारी होगी।

# RCom से जुड़े मामले में दूसरी चार्जशीट दाखिल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/मुंबई:** CBI ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (RCom) से जुड़े कथित बैंक फ्रॉड में शुक्रवार को मुंबई स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में दूसरी चार्जशीट दाखिल की। इसमें एम/एस नेटिजन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड और उसके दो निदेशक अनिल काल्या और टुनू साहू को नामजद किया गया है। सीबीआई के मुताबिक, जांच में सामने आया है कि नेटिजन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड का इस्तेमाल रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड द्वारा एक 'पास-थ्रू एंटिटी' के रूप में किया गया।

**इसमें एक कंपनी और उसके निदेशकों के नाम शामिल**

**नीति आयोग ने जारी किया निवेश इंडेक्स**

# निवेश के माहौल में दिल्ली, गुजरात और उत्तराखंड आगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image


**निवेश, कारोबारी** माहौल, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सहित सभी पहलुओं को समेटते हुए अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर माहौल किन राज्यों में है? इस सवाल के जवाब के लिए नीति आयोग ने जो स्टडी की, उसमें सामने आया कि गुजरात अव्वल है। इसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु का नंबर रहा। शुक्रवार को नीति आयोग ने इस बारे में इनवेस्टमेंट फ्रेंडलीनेस इंडेक्स जारी किया। इसमें दिल्ली छठे, उत्तराखंड 11वें, हरियाणा 15वें, यूपी 19वें, पंजाब 22वें और बिहार 26वें नंबर पर रहे। इंडेक्स में राज्यों को 4 श्रेणियों में बांटा गया। पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड को सबसे अच्छा पाया गया। सिटी स्टेट्स में दिल्ली का दूसरे नंबर रही। इंफ्रास्ट्रक्चर, एयरपोर्ट सहित पर्याप्त कार्गो कैपेसिटी, कम लैंड एरिया के बावजूद 84 किमी रेल नेटवर्क और अच्छी वित्तीय स्थिति से दिल्ली को यह रैंक मिली।

# अवैध घुसपैठ केस में इत्र कारोबारी की तलाश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में घुसपैठ के मामले में ED को देवबंद के इत्र कारोबारी शेख नजीबुल हक की तलाश है। कथित वित्तीय नेटवर्क और संदिग्ध आर्थिक लेनदेन की जांच के सिलसिले में उसका नाम अहम कड़ी है। साथ ही दिल्ली के बाटला हाउस इलाके में एनजीओ से जुड़े एक शख्स की तलाश है। ईडी अभी तक कोलकाता, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद, फरीदाबाद के बल्लभगढ़, सहारनपुर के देवबंद, दिल्ली और अन्य स्थानों पर रेड कर चुकी है।

**दिल्ली के एनजीओ से जुड़े एक शख्स की भी तलाश**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: vinay.vashisht@timesofindia.co Time: 07-17-2026 23:25 Color:



## फटाफट खबरें

### PM-CM हटाने के नियम पर चर्चा बाकी

■ **भाषा, नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों पर गंभीर आरोप लगने की स्थिति में उनके लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाने का प्रावधान करने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति (JPC) ने शुक्रवार को ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी देने की प्रक्रिया को टाल दिया। समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी ने बताया कि इस विषय पर और चर्चा की जरूरत है।

### देश की सभी अदालतों में शौचालय हों: SC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** देशभर की जिला अदालतों में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर गंभीर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे सभी अदालत परिसरों में शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा प्रत्येक व्यक्ति का बुनियादी मानवाधिकार है।

### कल से राष्ट्रपति मुर्मु 3 देशों की यात्रा पर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 19 से 25 जुलाई तक मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर जाएंगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दौरे का मकसद इन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। राष्ट्रपति की यात्रा यूरोप के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी की दिशा में एक अहम कदम है।

# हाइड्रोजन ट्रेन से सफर सुहाना

**यह जींद-सोनीपत के बीच चलेगी, दिल्ली तक रूट पर चल रहा काम | स्वदेशी तकनीक से बनी, इसका इंटीरियर पैसेंजर ट्रेनों से अच्छा है**

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **जींद:** देश के लिए शुक्रवार गौरव का दिन रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन फिलहाल जींद और सोनीपत के बीच चलेगी 89 किलोमीटर रूट पर दौड़ेगी।

इस ट्रेन में आम लोगों के साथ पहले सफर में नवभारत टाइम्स (NBT) भी सवार हुआ। यह ट्रेन देश में दौड़ने वाली डेमू और मेमू जैसी ही है। बस फर्क यह है कि वह डीजल और बिजली से चलती हैं, यह हाइड्रोजन से। लेकिन, पूर्णतया स्वदेशी तकनीक से बनाई गई इस ट्रेन का इंटीरियर अन्य पैसेंजर ट्रेनों की तुलना में बहुत अच्छा है। ट्रेन में टॉयलेट और सीटिंग अरेंजमेंट भी अच्छा है।

**2600 यात्रियों की क्षमता:** 2600 यात्रियों की क्षमता वाली इस ट्रेन को 3/3 फॉर्मेशन में तैयार किया गया है। यानी, हर सीट पर 3-3 यात्री बैठ सकते हैं। दिल्ली मेट्रो की तरीके से ही ट्रेन में खड़े होने वाले यात्रियों को के लिए ऊपर स्टेनलेस स्टील के पाइप पर ढेर सारे हैंडल लगाए गए हैं। कोच के गेट ऑटोमैटिक नहीं है। हर डिब्बे में 8 से 10 पंखे लगाए गए हैं। ट्रेन हवादार है।

**अंदर नहीं आता शोर:** हालांकि, इसके ट्रायल रन के बाद ही इसकी सीटों से रंग और कई सीट से कवर उखड़े भी दिखाई दिए। ट्रेन में शोर नहीं है। बस केवल इंजन की तरफ थोड़ी आवाज़ है।



मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के अंदर का जायजा भी लिया।

**स्कूली बच्चों में नज़र आया जोश**

लोगों में इस ट्रेन में सफर करने का गजब का जोश दिखाई दिया। स्कूलों से आए छोटे-छोटे बच्चे बहुत उत्साहित दिखाई दिए। जिस तरफ से यह ट्रेन गुजरी, वहां लोग फोटो और उसके साथ सेल्फी लेते नजर आए।



पटरी पर दौड़ते समय ट्रेन बिल्कुल वैसी चलती है जैसे अन्य पैसेंजर ट्रेन। झटके नहीं लगते।

**जगह-जगह लगे हैं सेंसर:** सुरक्षा के लिहाज से ट्रेन में अलग-अलग जगह सेंसर लगाए गए हैं, ताकि हाइड्रोजन लीक होने, धुआं निकलने या आग लगने जैसी किसी भी स्थित से समय रहते निपटा जा सके। वैसे तो यह 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। लेकिन, जींद से सोनीपत वाला यह ट्रैक 75 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ही दौड़ेगी।

**ट्रेन का किराया सामान्य:** ट्रेन बाहर से बिलकुल नीले रंग की है। 10 कोच की इस ट्रेन के जो डिब्बे हैं वह पुरानी डेमू कोच हैं, जिन्हें डेंटिंग पेंटिंग कर हाइड्रोजन ट्रेन के लायक बनाया गया। इस हाइड्रोजन ट्रेन का किराया अन्य यात्री ट्रेन जैसा ही होगा।

**लोकल खानपान की तारीफ**

## मोदी बोले- जींद का घेवर वही, पर बदल गए तेवर

■ सुरेंद्र कुमार, जींद (हरियाणा)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन को भारत के रेल इतिहास का नया अध्याय बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में जब भी भारत में हाइड्रोजन ट्रेन की चर्चा होगी, तब जींद, सोनीपत और हरियाणा का नाम भी गर्व के साथ लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने स्थानीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए लोगों से भावनात्मक जुड़ाव बनाया।

**हाइड्रोजन ट्रेन रेल इतिहास का नया अध्याय : PM मोदी**

उन्होंने कहा, जींद का घी और घेवर तो वही है, लेकिन जींद के तेवर बदल गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे वर्षों से जींद आते रहे हैं और इस क्षेत्र से उनका पुराना नाता है।

**मोदी ने पंजाब सरकार को कट्टर बेईमान कहा**

मोदी ने जालंधर में लोगों को संबोधित करते हुए पंजाब की AAP सरकार पर कानून-व्यवस्था और कई अन्य मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ सरकार को कट्टर बेईमान करार देते हुए कहा कि इसकी न तो साफ नीयत है और न ही ईमानदारी है।



मोदी चंडीगढ़ में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में एक कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी से मिले।

**हरियाणा-पंजाब में ये प्रोजेक्ट किए शुरू**

- मोदी ने जींद में 14,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।
- 157.92 किमी लंबे, चार-लेन वाले और पूरी तरह पहुंच नियंत्रित दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया।
- इससे दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा का समय लगभग 14 घंटे से घटकर करीब 6 घंटे रह जाएगा।
- मोदी ने जालंधर में 5,470 करोड़ रुपये की रेलवे और सड़क बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## 'वोटर लिस्ट से नाम हटने पर नागरिकता खत्म नहीं'

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि SIR के दौरान किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हट जाने का अर्थ यह नहीं है कि उसकी भारतीय नागरिकता खुद ब खुद समाप्त हो गई। अदालत ने दोहराया कि नागरिकता तय करने का अधिकार भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के पास नहीं, बल्कि केंद्र सरकार के पास है। जब तक नागरिकता अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी कोई अंतिम निर्णय नहीं लेता, तब तक किसी व्यक्ति को केवल मतदाता सूची से नाम हटने के आधार पर नागरिकता से जुड़े अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता।

**कहा- चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं।**

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहन की बेंच याची प्रसेनजीत बोस की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें SIR के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाए गए लोगों की अपीलों की सुनवाई के लिए गठित अपीलीय न्यायाधिकरणों की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत को बताया कि SIR के बाद गठित 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष करीब 34 लाख अपीलें लंबित हैं।

File



SIR कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर BLO सर्वे करते हैं।

## चुनावी 'रेवड़ी' पर सुनवाई के लिए करें इंतज़ार: SC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को मुफ्त उपहार और सुविधाएं देने या उनका वादा करने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका (PIL) की जल्द सुनवाई की मांग शुक्रवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट के सामने उठाई गई। हालांकि, शीर्ष अदालत ने फिलहाल मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार करते हुए कहा कि इस समय अदालत के समक्ष बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं और यह मामला कुछ समय प्रतीक्षा कर सकता है।



## BJP को पंजाब पर बात करने का अधिकार नहीं : केजरीवाल

■ **NBT रिपोर्ट :** आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे की आलोचना करते हुए कहा है कि गंभीर सवालों के जवाब देने के बजाय उन्होंने पंजाब के लोगों को गुमराह करने को तरजीह दी। पार्टी ने मांग की कि प्रधानमंत्री राम मंदिर चंदा चोरी, गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के जरिए बार-बार नशे की बरामदगी और केंद्र द्वारा पंजाब के बाकी 50,000 करोड़ रुपए के बकाए के बारे में सवालों के जवाब दें।



अरविंद केजरीवाल

AAP के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री पंजाब में भाषण देने आए थे, लेकिन उन्हें सबसे पहले राम मंदिर चंदा-चोरी के बारे में सवालों के जवाब देने चाहिए।

AAP नेता ने दावा किया कि बीजेपी को पंजाब के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि यह बीजेपी की डबल इंजन सरकार थी, जिसने साल 2014 से 2017 के बीच प्रदेश (पंजाब) को बर्बाद किया था।

## वित्त... तो NDA में जाएगा पवार गुट!

■ **NBT रिपोर्ट मुंबई :** NCP शरद पवार गुट के NDA में शामिल होने पर जयंत पाटील के वित्त मंत्री बनने को लेकर अटकलें तेज हैं। सूत्रों का कहना है कि शरद पवार गुट अगले सप्ताह एनडीए में शामिल हो सकता है। इसके बदले देवेंद्र फडणवीस सरकार में शरद गुट को वित्त विभाग मिल सकता है। वहीं, NCP अजित पवार गुट भी वित्त विभाग अपने पास रखने की कोशिश में लगा है। सूत्रों के मुताबिक, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के बेटे पार्थ पवार ने भी इसी मुद्दे पर पिछले दिनों मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की है।

## अजेंडे में नहीं, लेकिन परिसीमन बिल ला सकती है सरकार

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र के लिए सरकार ने जो टेंटेटिव अजेंडा जारी किया है, उसमें भले ही परिसीमन बिल नहीं है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि सरकार इस सत्र में यह बिल ला सकती है। इसके लिए एनडीए के बड़े नेता नंबर जुटाने की कोशिश में लगे हैं। दूसरी तरफ, विपक्ष भी पूरी तरह सतर्क है।

अप्रैल में विशेष सत्र के दौरान सरकार ने संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पेश किया था लेकिन उसे जरूरी दो तिहाई समर्थन नहीं मिल पाया। इसके बाद सरकार ने उससे जुड़े परिसीमन विधेयक को आगे नहीं बढ़ाया। अब मॉनसून सत्र में बदले राजनीतिक हालात के बीच सरकार नए सिरे से कोशिश कर सकती है। सरकार इस बिल को लेकर कितना गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करीब एक महीने पहले एक सीनियर नेता ने कहा था कि हमारे पास आज नंबर हो जाए तो अगले हफ्ते बिल पास करवा लेंगे।

File




कांग्रेस पार्टी परिसीमन विधेयक का विरोध करती आई है।

**बिल के लिए जरूरी नंबर जुटाने की कवायद जारी**

वैसे संसद में नंबर गेम कुछ बदला है। पिछले कुछ महीनों में विपक्षी दलों में लगातार टूट हुई। TMC के 20 लोकसभा सांसद और शिवसेना (UBT) के 6 सांसद एनडीए के साथ आ गए। इससे लोकसभा में सरकार का संख्या बल पहले से ज्यादा मजबूत हो गया। बीजेपी I.N.D.I.A. के दलों से भी संपर्क बढ़ा रही है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, हालिया विधानसभा चुनावों के बाद जो राजनीतिक समीकरण बदले हैं उससे बीजेपी के लिए कई और दलों से भी बातचीत का रास्ता खुला है। एनसीपी (एसपी) के साथ ही डीएमके पर भी बीजेपी की नजर है। डीएमके के लोकसभा में 22 और राज्यसभा में 8 सांसद हैं। डीएमके और कांग्रेस के बीच की दूरी के बीच बीजेपी को अपने लिए कुछ मौका दिख सकता है। बीजेपी के एक नेता ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि पक्ष में वोट करने के अलावा वोटिंग से बाहर रहना भी समर्थन का एक तरीका हो सकता है।

---

# THE ECONOMIC TIMES

**NBT नवभारत टाइम्स Wealth**

**अगले हफ्ते पढ़ें**



● सरकार की ISM 2.0 योजना से सेमीकंडक्टर सेक्टर चर्चा में है। जानिए किन शेयरों में है दम और कहां बरतनी होगी ज्यादा सावधानी।

**हर सोमवार NBT Wealth सिर्फ 6 रुपये में**
अपने वेंडर से संपर्क करें

## डीमैट पर भी SWP-STP सुविधा

**SEBI ने MF ट्रांजैक्शन के बदले नियम, डीमैट में भी काम करेंगे ऑटोमैटिक निर्देश**

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**बाजार** नियामक सेबी ने शुक्रवार को उन निवेशकों को बड़ी राहत दी है, जिनके पास म्यूचुअल फंड यूनिट्स डीमैट (demat) अकाउंट में हैं। अब ये निवेशक भी सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (SWP) और सिस्टमैटिक ट्रांसफर प्लान (STP) के लिए ऑटोमैटिक निर्देश दे सकेंगे। सेबी के इस कदम का मकसद निवेशकों के लिए काम को आसान बनाना और निवेश की सुविधाओं को बढ़ाना है।

अभी तक, निवेशक केवल उन्हीं म्यूचुअल फंड यूनिट्स के लिए SWP और STP के निर्देश दे पाते थे, जो स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट (SOA) के रूप में असेट मैनेजमेंट कंपनियों (AMC) या उनके रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (RTA) के पास होते थे। डीमैट अकाउंट में रखे म्यूचुअल फंड यूनिट्स के लिए अब तक यह सुविधा नहीं मिलती थी।

इस नए नियम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, निवेशक यूनिट के आधार पर SWP और STP के निर्देश दे सकेंगे। इसमें एक तय समय पर म्यूचुअल फंड की फिक्स्ड यूनिट्स को बेचकर पैसे निकाले जा सकेंगे या उन्हें उसी म्यूचुअल फंड की दूसरी स्कीम में ट्रांसफर किया जा सकेगा।

दूसरे चरण में, यह सुविधा रकम के आधार पर शुरू होगी। इससे निवेशक एक तय समय पर अपनी जरूरत के हिसाब से एक फिक्स रकम निकाल पाएंगे या ट्रांसफर कर सकेंगे। सेबी ने डिपॉजिटरीज को निर्देश दिया है कि वे यूनिट-आधारित सुविधा 31 जनवरी 2027 तक शुरू कर दें। वहीं, रकम-आधारित सुविधा को 30 अप्रैल 2027 तक लागू करना होगा। इसके साथ ही 31 अक्टूबर तक वेबसाइट पर पूरा तरीका भी जारी करें।

**होगी आसानी**

- **बदलाव** : अभी तक डीमैट होल्डर्स को ऑटोमैटिक विड्रॉल और ट्रांसफर की सुविधा नहीं मिलती थी।
- **फायदा** : इस बदलाव से निवेशकों के लिए अपना निवेश मैनेज करना और भी आसान हो जाएगा।
- **31 जनवरी, 2027**: यूनिट-बेस्ड सुविधा शुरू करने की तारीख।
- **30 अप्रैल, 2027**: अमाउंट-बेस्ड सुविधा शुरू करने की तारीख।

AI Image



**क्या हैं SWP और STP :** SWP के जरिए निवेशक एक तय समय पर अपने म्यूचुअल फंड से एक निश्चित रकम या कुछ खास यूनिट्स निकाल सकते हैं। दूसरी तरफ, STP निवेशकों को यह सुविधा देता है कि वे अपना निवेश एक ही फंड हाउस की एक म्यूचुअल फंड स्कीम से दूसरी स्कीम में धीरे-धीरे (सिस्टमैटिक तरीके से) ट्रांसफर कर सकें।

**MF में नहीं फंसेगा नॉमिनी का पैसा**

असोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (Amfi) ने शुक्रवार को म्यूचुअल फंड निवेशकों की मौत के बाद उनके यूनिट्स को नॉमिनी के नाम ट्रांसफर करने की प्रक्रिया को काफी आसान बना दिया है। एम्फी ने निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर में होने वाली छोटी-मोटी गलतियों या अंतर से जुड़े नियमों में ढील दी है। ये बदलाव तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं। म्यूचुअल फंड संस्था (Amfi) के मुताबिक, अगर मृतक निवेशक के रेकॉर्ड में दर्ज पते और वर्तमान पते में कोई अंतर पाया जाता है, तो असेट मैनेजमेंट कंपनियां (AMCs) निवेशक के सबसे नए पते पर भरोसा कर सकती हैं, बशर्ते उसके साथ जरूरी दस्तावेज दिए गए हों।



## Reliance के रेवेन्यू में 25% की बढ़ोतरी, मुनाफा 22% घटा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**मुकेश** अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) ने शुक्रवार को बताया कि पहली तिमाही में उसका कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर (YoY) 22% घटकर 20,946 करोड़ रुपये हो गया। मुनाफे में यह गिरावट एक खास वजह (एक्सेप्शनल आइटम) से आई, जो पिछले साल इसी अवधि में एशियन पेंट्स में हिस्सेदारी बेचने से जुड़ी थी। एक साल पहले की तिमाही में PAT 26,994 करोड़ रुपये था। इस तिमाही में EBITDA सालाना आधार पर 10% बढ़कर 54,067 करोड़ रुपये हो गया।



मुकेश अंबानी

■ **जियो का नेट प्रॉफिट 9% बढ़ा :** जियो प्लेटफॉर्म्स ने पहली तिमाही में 7,764 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। यह पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 9% ज्यादा है।

AI Image



### IT-बैंकिंग शेयरों ने भरी उड़ान, सेंसेक्स 965 पॉइंट उछला

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी कंपनियों के शेयरों (ब्लू-चिप) में जमकर हुई खरीदारी की वजह से शुक्रवार को बाजार बड़ी बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 964.58 पॉइंट (1.25%) की छलांग लगाकर 78,151.45 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 261.55 पॉइंट (1.09%) चढ़कर 24,334.30 पर बंद हुआ। पूरे हफ्ते की बात करें तो सेंसेक्स में 582.06 पॉइंट (0.75%) और निफ्टी में 127.4 पॉइंट (0.52%) की बढ़त दर्ज की गई। ग्लोबल ऑयल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.79 प्रतिशत बढ़कर 85.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। रुपया डॉलर के मुकाबले 14 पैसे मजबूत होकर 96.28 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 3.91 प्रतिशत उछला। कंपनी ने जून तिमाही में अपने मुनाफे में 28.4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है।

## फटाफट खबरें

### 4,500 से ज्यादा कंपनियों को राहत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पर नजर रखने वाली संस्था कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) ने गुरुवार को रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड सहित अलग-अलग क्षेत्रों की 4,500 से अधिक कंपनियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। CCI ने कहा कि प्रतिस्पर्धा-विरोधी कामकाज के आरोप बहुत सामान्य, बिना किसी आधार के और केवल अंदाजों पर आधारित थे।

### SpiceJet पर 1 लाख का जुर्माना

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने स्पाइसजेट लिमिटेड (SpiceJet) पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। CCPA ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई एयरलाइन द्वारा अपने टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न (धोखा देने वाले तरीके) इस्तेमाल करने की वजह से की गई है। अधिकारियों की जांच में पाया गया कि कंपनी ग्राहकों को उनकी मर्जी के बिना ही 'स्पाइसक्लब लॉयल्टी प्रोग्राम' का मेंबर बनाया जा रहा था।

## भारत TEX में राज्यों ने किए करोड़ों के समझौते



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत** मंडपम में आयोजित भारत TEX 2026 के तीसरे और आखिरी दिन रेकॉर्ड कारोबार, निवेश प्रस्तावों और वैश्विक भागीदारी ने भारत को दुनिया के प्रमुख टेक्सटाइल सोर्सिंग, मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब के रूप में मजबूत पहचान दिलाई है।

मंत्रालय के मुताबिक, इस दौरान लगभग 14,300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सामने आए। कर्नाटक (2,821 करोड़ रुपये), बिहार (1,476 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (1,095 करोड़ रुपये) और आंध्र प्रदेश (4,100 करोड़ रुपये) समेत अलग अलग राज्यों ने 30 से अधिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। वहीं, RE&UP ने भारत में 4,800 करोड़ रुपये निवेश की घोषणा की। इस आयोजन में 1,647 एग्जीबीटर्स, करीब 95,000 बिजनेस विजिटर, 11,315 खरीदार (जिनमें 6,090 अंतरराष्ट्रीय खरीदार शामिल हैं) और 138 देशों के 3,461 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 28,500 से अधिक बी2बी बैठकें और 100 से ज्यादा संवाद आयोजित हुए हैं।

### कोर सेक्टर इंडेक्स में अब 9 औद्योगिक क्षेत्र

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** बिजली, तेल-गैस और खनन सहित इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रमुख क्षेत्रों में उत्पादन का हाल बताने वाले कोर सेक्टर इंडेक्स को 2011-12 के बजाय 2022-23 बेस ईयर के साथ पेश किया जाएगा। साथ ही, सरकार ने इसमें लौह अयस्क के रूप में एक और सेक्टर शामिल करने का फैसला किया है। इस तरह अब 9 औद्योगिक क्षेत्रों को कोर सेक्टर माना जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि जून के आंकड़ों के साथ नया कोर सेक्टर इंडेक्स सोमवार को जारी किया जाएगा। क्रूड ऑयल, पेट्रोलियम रिफाइनरी, सीमेंट, बिजली, नैचरल गैस, फर्टिलाइजर, स्टील और कोयले सहित 8 प्रमुख सेक्टरों के प्रदर्शन का आकलन सरकार हर महीने करती है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रमुख क्षेत्रों में अब लौह अयस्क भी**

## PF के विवादों का जल्द होगा निपटारा, EPFO लाया 'विश्वास 2026' स्कीम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एंप्लॉयीज** प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) ने पीएफ (PF) अंशदान में कंपनियों की ओर से की गई देर से जुड़े पुराने विवादों और मुकदमों के जल्द निपटारे के लिए एकमुश्त विवाद समाधान योजना 'विश्वास 2026' शुरू की है। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यह योजना 29 जून से प्रभावी की गई है और 6 महीनों तक लागू रहेगी। इसमें पीएफ जमा करने में देर पर क्षतिपूर्ति की गणना काफी कम ब्याज दरों पर की जाएगी। इससे नियोक्ताओं के लिए राहत है। कर्मचारियों को फायदा यह होगा कि कंपनियों के पास फंसा हुआ उनके पीएफ का पैसा जल्द से जल्द उनके खातों में आ सकेगा।

**कंपनियों और कर्मचारियों दोनों को फायदा, 6 महीने तक लागू**

AI Image



**चार कैटिगरी शामिल...**

- जुर्माने/क्षतिपूर्ति के आदेशों को न्यायिक चुनौती दी गई हो।
- अंतिम क्षतिपूर्ति/जुर्माने के आदेश के बाद वसूली लंबित है या आंशिक रूप से की गई है।
- नोटिस जारी किए जा चुके हैं लेकिन हर्जाने/जुर्माने के संबंध में अंतिम आदेश अभी पारित नहीं किए गए हैं।
- जुर्माने/क्षतिपूर्ति के नोटिस अभी जारी नहीं किए गए हैं।

**रेहड़ी-पटरी, डिलिवरी बॉय के लिए भी PF**

EPFO एक ऐसा नया सिस्टम तैयार कर रहा है, जिससे उन करोड़ों लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सकेगी जो अभी इसके दायरे में नहीं हैं। इसमें असंगठित क्षेत्र के कामगार, फैक्ट्री से बाहर काम करने वाले, गिग वर्कर्स (डिलिवरी या टैक्सी ऐप से जुड़े लोग) और खुद का छोटा-मोटा काम करने वाले लोग शामिल होंगे। ये सभी अब अपनी कमाई का एक हिस्सा यूनिवर्सल प्रोविडेंट फंड स्कीम में जमा कर सकेंगे। TOI के मुताबिक, लोगों के पास यह आजादी होगी कि वे अपनी मर्जी से रोजाना या सालाना पैसे जमा कर सकेंगे। इस जमा राशि पर सालाना ब्याज भी मिलेगा। टैक्स में भी वैसी ही छूट मिलेगी जैसी अभी मिलती है।

### 6 साल में पहली बार मोबाइल फोन की बिक्री गिरी



■ **NBT रिपोर्ट:** अप्रैल-जून तिमाही में भारत में स्मार्टफोन की बिक्री में 10% की गिरावट दर्ज की गई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, पिछले छह सालों में जून तिमाही के दौरान यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। इसका मुख्य कारण स्मार्टफोन में इस्तेमाल होने वाली मेमोरी की कीमतों में भारी उछाल है, जिसकी वजह से कंपनियों को फोन के दाम बढ़ाने पड़े और ग्राहकों की मांग कम हो गई।

ET के मुताबिक, फर्म का मानना है कि यह दबाव पूरे साल बना रहेगा। अनुमान है कि 2026 में स्मार्टफोन शिपमेंट में 13% की और गिरावट आ सकती है। फोन महंगे बने रहेंगे और लोग पुराने फोन बदलने में देरी करेंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 07-17-2026 23:38 Color:



## 5

*रेड कार्ड दिखाए गए हैं फीफा वर्ल्ड कप के खिताबी मुकाबलों में। फाइनल में रेड कार्ड अर्जित करने वालों में पेद्रो मोंजोन (1990), गुस्तावो देजोती (1990), मार्सेल देसायी (1998), जिनेदिन जिदान (2006) और जॉन हेटिंगा (2010) शामिल हैं*

## फीफा वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

***इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।***

1. फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबलों में अब तक कितने प्लेयर्स को रेड कार्ड मिला है?
A) 2 B) 5 C) 7 D) 10
2. वर्ल्ड कप 2026 में तीसरे स्थान के मैच के लिए इंग्लैंड का सामना किस टीम से होगा?
A) स्पेन B) पुर्तगाल C) इंग्लैंड D) अर्जेंटीना

**कल के जवाब**
1. C) 7 2. D) अर्जेंटीना 3. A) 2026

**लकी WINNER**


1 कृष्णा नंदन पांडे, लखनऊ, यूपी


2 जीतेंद्र अरोड़ा, रोहिणी, दिल्ली


3 कनिका कुमार, नोएडा, यूपी


4 राजेंद्र साबू, बोरिवली, मुंबई


5 महेंद्र जैन, गुरुग्राम, हरियाणा

**आप अपने जवाब हमें 8796958780** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

# मेसी का 'थंडरबोल्ट स्ट्राइक', कहा हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं मिला

> दूसरे हाफ में उन्होंने (इंग्लैंड ने) गोल किया और फिर पीछे हट गए, जिससे हम ज्यादा शांति से गेम को कंट्रोल कर पाए और बॉल पर कब्ज़ा बनाए रखा। हमें लगा कि वे अब और नहीं खेलना चाहते थे। *-लियोनेल मेसी*

**3** तीसरा वर्ल्ड कप फाइनल खेलेंगे लियोनेल मेसी। वह सर्वाधिक वर्ल्ड कप फाइनल में खेलने के मामले में ब्राजील के काफू की बराबरी कर लेंगे

**11** मैच में लगातार असिस्ट या गोल कर चुके हैं मेसी फीफा वर्ल्ड कप के। यह पिछले 60 साल में सर्वाधिक मैच में गोल या सहयोग करने का रेकॉर्ड है

**13** मल्टी टीम टूर्नामेंट खेले हैं लियोनेल मेसी ने अर्जेंटीना के साथ, जिनमें उनकी टीम 8 बार फाइनल में पहुंची है


इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद मेसी का आलोचकों को जवाब

■ **एजेंसियां, अटलांटा (अमेरिका):** लियोनेल मेसी ने वर्ल्ड कप फुटबॉल में अर्जेंटीना की आलोचना करने वालों को साफ संदेश देते हुए कहा है कि 'हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया।' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने उन आलोचकों को जवाब दिया है जो कथित तौर पर पक्षपातपूर्ण फैसलों को लेकर डिफेंडिंग वर्ल्ड कप चैंपियन टीम की आलोचना कर रहे हैं। मेसी ने कहा कि मैच के अंतिम क्षणों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की क्षमता से ही उनकी टीम ने लगातार जीत हासिल की और इसमें किसी और चीज का हाथ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह टीम कभी कोशिश करना नहीं छोड़ती।

अर्जेंटीना ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 85वें मिनट तक 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत हासिल करके लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। इससे पहले स्विट्जरलैंड और इजिप्ट दोनों के कोच ने रेफरी के फैसलों की आलोचना की। इजिप्ट के होसाम हसन ने तो यहां तक कह दिया कि उनकी टीम उस फुटबॉल व्यवस्था का शिकार हुई है, जो मेसी और अर्जेंटीना का पक्ष लेती है।

**सुपरस्टार की बातें**

**पसंद हो या न हो:** मेसी ने कहा, 'पिछले चार साल में हमने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है फिर चाहे आपको यह पसंद हो या न हो और फिर चाहे आप कुछ भी कहें। हमने फिर से खुद को दुनिया की टॉप-2 टीमों में स्थापित कर लिया है। यह साबित करता है कि हमने जो कुछ भी किया है वह कोई संयोग नहीं है। हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया। लगातार दो वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने की उपलब्धि बहुत कम टीम ने हासिल की है।'

### उन्हें मौका नहीं दिया...

**मेसी ने** आगे कहा, 'अगर हम इंग्लैंड से हार जाते तो लोग तरह-तरह की बातें करने लगते, लेकिन हमने उन्हें मौका ही नही दिया। हम पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ मैदान पर उतरे। हमने इंग्लैंड को उसके ही हाफ में दबाव में रखा और दिखा दिया कि एक्स्ट्रा टाइम में गए बिना भी मुकाबला जीता जा सकता है।' मेसी के मुताबिक, 'फैंस इस जीत को किसी भी अन्य जीत से ज्यादा चाहते थे, क्योंकि इसका मतलब इंग्लैंड को हराकर एक और वर्ल्ड फाइनल में पहुंचना था।'

## तीसरे स्थान के लिए इंग्लैंड से भिड़ंत आज

# फ्रांस दिख रहा रेस में आगे


*फ्रांस के कप्तान किलियान एम्बापे*


*इंग्लैंड ने फ्रांस को इस सदी में सिर्फ एक बार हराया है*

*इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन*

**वेन्यू:** हार्ड रॉक स्टेडियम, मियामी, फ्लोरिडा

**फीफा रैंकिंग्स:** 3 फ्रांस | 4 इंग्लैंड

**ब्रॉन्ज मेडल मैच**
फ्रांस Vs इंग्लैंड
LIVE आज देर रात 2:30 बजे से
टेलिकास्ट: ZEE5 ऐप और ZEE कैफे पर

**आमना सामना**

| कुल मैच | इंग्लैंड | फ्रांस | ड्रॉ |
|---|---|---|---|
| 32 | 17 | 10 | 5 |

**संभावित स्टार्टिंग XI**

**फ्रांस (4-2-3-1)**
मैन्यां (गोलकीपर), कुंडे, उपामेकानो, सलीबा, डिन्ये, चुआमेनी, हाबियो, डेम्बेले, ओलिसे, बारकोला, एम्बापे

**इंग्लैंड (4-2-3-1)**
पिकफोर्ड (गोलकीपर), स्टोंस, गेही, जेम्स, स्पेंस, राइस, एंडरसन, बेलिंघम, रोजर्स, केन, गॉर्डन

**फीफा वर्ल्ड कप में टक्कर**
- **1966 (ग्रुप स्टेज)** इंग्लैंड ने फ्रांस को 2-0 से हराया
- **1982 (ग्रुप स्टेज)** इंग्लैंड ने फ्रांस को 3-1 से हराया
- **2022 (क्वॉर्टर फाइनल)** फ्रांस ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया

■ **एजेंसियां, मियामी:** लगभग आखिरी स्टेज तक पहुंचकर खिताबी सपना टूटने के बाद तीसरे स्थान के लिए खेलना आसान नहीं होता। दोनों टीमों के खिलाड़ियों का मनोबल गिरा होता है और कंधे झुके होते हैं। हालांकि, खिताब की रेस से बाहर होने का दर्द भूलकर फ्रांस और इंग्लैंड की टीमें जब मैच में उतरेंगी तो बहुत कुछ दांव पर होगा। फ्रेंच टीम के लिए इस मैच में एक मोटिवेशन यह होगा कि वह कोच दिदिए देशॉं को जीत के साथ विदाई देना चाहेगी। भले ही यह मैच ट्रोफी के लिए न हो, लेकिन व्यक्तिगत पुरस्कारों के लिहाज से इसका महत्व बहुत बढ़ जाता है। इस मैच में गोल्डन बूट की रेस का फैसला हो सकता है। फ्रांस के कप्तान किलियान म्बाप्पे (8 गोल) टॉप पर चल रहे लियोनेल मेसी को पछाड़ने की कोशिश करेंगे। वहीं इंग्लैंड के जूड बेलिंघम और हैरी केन (दोनों के 6-6 गोल) भी इस व्यक्तिगत गौरव को हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। फीफा ने आधिकारिक तौर पर इसे 'ब्रॉन्ज फाइनल' का नाम दिया गया है। मेडल के अलावा इसके साथ बड़ी इनामी राशि भी जुड़ी हुई है। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 242 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से 2 मिलियन डॉलर अधिक है। इस मैच को जीतने से फीफा रैंकिंग्स में भी महत्वपूर्ण अंक मिलते हैं।

### इस सदी में दबदबा

ओवरऑल आंकड़े इंग्लैंड के पक्ष में जरूर हैं लेकिन इस सदी में फ्रांस ने अपने इस पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा कायम कर लिया है। इक्कीसवीं सदी में इंग्लैंड सिर्फ एक बार फ्रांस को हरा पाया है। सबसे बड़ा मनोवैज्ञानिक आघात फ्रांस ने 2022 के कतर वर्ल्ड कप क्वॉर्टर फाइनल में दिया था, जहां उसने इंग्लैंड को 2-1 से हराकर उसे बाहर कर दिया था। फ्रेंच अटैक में एम्बापे जैसा दुनिया का सबसे खतरनाक फॉरवर्ड है जो अकेले दम पासा पलट सकता है।

### डिफेंस की कमजोरी

इंग्लैंड के पास भी बेलिंघम और केन के रूप में बेहतरीन फिनिशर हैं। हालांकि, अर्जेंटीना के खिलाफ आखिरी 10 मिनट में मैच गंवाना यह दिखाता है कि टीम बड़े मैचों में दबाव के आगे बिखर जाती है। तीसरे स्थान के लिए मैच में इंग्लैंड का रेकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। यदि इंग्लैंड ने अपने डिफेंस की गलतियों को नहीं सुधारा, तो एम्बापे और डेम्बेले की जोड़ी उसके लिए कहर बन सकती है। इंग्लैंड ने इस बार 8 जबकि फ्रांस ने 4 गोल खाए हैं।

**5** असिस्ट (गोल करने में मदद) कर चुके हैं फ्रांस के माइकल ओलिसे मौजूदा टूर्नामेंट में। वह एक और असिस्ट करते ही एक एडिशन में पेले के सर्वाधिक असिस्ट के रेकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे

**8** गोल के साथ मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल के मामले में किलियान एम्बापे और लियोनेल मेसी गोल्डन बूट की रेस में संयुक्त टॉप पर चल रहे हैं

**16** गोल किए हैं फ्रांस ने मौजूदा टूर्नामेंट में। वह अर्जेंटीना के बाद टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाली टीम है। इंग्लैंड 14 गोल के साथ दूसरे स्थान पर है

**NBT Lens खबरों के अंदर की बात**

### जीसस को मिली ज़िम्मेदारी

**वेनेजुएला के** जीसस वैलेंजुएला को फ्रांस-इंग्लैंड मैच में रेफरी नियुक्त किया गया है। वह 42 साल के हैं। फ्रांस और इंग्लैंड के मैचों में उन्होंने पहले भी अपनी भूमिका निभाई है। कतर वर्ल्ड कप 2022 में उन्होंने फ्रांस बनाम पोलैंड के नॉकआउट मैच और इंग्लैंड बनाम अमेरिका के ग्रुप मैच में मेन रेफरी की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वह 2022 के फ्रांस-मोरक्को सेमीफाइनल मैच में फोर्थ ऑफिशल थे। मौजूदा वर्ल्ड कप में भी वह तीन मैचों में रेफरी की भूमिका निभा चुके हैं। जीसस मैदान पर बेवजह कार्ड निकालने के बजाय खिलाड़ियों से बात करके मैच को कंट्रोल करने के लिए मशहूर हैं। पूरे वर्ल्ड कप करियर में उन्होंने सिर्फ छह येलो कार्ड दिए हैं, जबकि एक भी रेड कार्ड नहीं दिखाया है।

# ऑलराउंडर की नई इबारत लिखने वाले सोबर्स का निधन

■ **एजेंसियां, ब्रिजटाउन (बारबाडोस):** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर्स में से एक सर गारफील्ड सोबर्स का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके निधन की पुष्टि बेटे डैनियल ने की। दस दिन बाद उनका 90वां जन्मदिन होता। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने लिखा, 'एक शानदार पारी का समापन हुआ। सर गारफील्ड सोबर्स हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे।

गैरी सोबर्स के नाम से पहचान रखने वाले सोबर्स ने मार्च 1954 से अप्रैल 1974 के बीच 93 टेस्ट मैच खेले। सोबर्स ने 1952-53 में सिर्फ 16 साल की उम्र में फर्स्ट क्लास डेब्यू और एक साल बाद टेस्ट डेब्यू किया था। सोबर्स ने 23 साल की उम्र में अपना पहला टेस्ट शतक जमाया था और उसके बाद 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हुए 365* रन बनाए थे। यह 1994 तक टेस्ट में हाईएस्ट स्कोर का रेकॉर्ड था। वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक ओवर में छह सिक्स लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी थे।

FILE

1936-2026

**सोबर्स का टेस्ट करियर**
- मैच: 93
- हाईएस्ट: 365*
- रन: 8032
- विकेट: 235
- 100/50: 26/30
- बैटिंग ऐवरेज: 57.80

# धुएं के गुबार के बीच स्पेन के प्लेयर्स ने की प्रैक्टिस

■ **एजेंसियां, न्यू जर्सी (अमेरिका):** फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले स्पेन की टीम को खराब हवा और धुएं के गुबार के बीच प्रैक्टिस करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दरअसल, कनाडा के जंगलों में लगी आग के कारण यहां धुएं का गुबार बन गया है, जिसने सूरज को ढक दिया है। इसके बावजूद स्पेन के प्लेयर्स पीछे नहीं हटे और उन्होंने प्रैक्टिस जारी रखी। इस धुएं के कारण हवा खराब हो गई है और परिस्थितियां खतरनाक बनी हुई हैं। यह पता नहीं चल पाया कि स्पेन ने कितना गहन अभ्यास किया है, क्योंकि मीडियाकर्मी पहले 15 मिनट का अभ्यास ही देख पाए थे। धुएं को देखते हुए विशेषज्ञों ने खुले में अभ्यास करने पर चिंता व्यक्त की। अर्जेंटीना की टीम इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के 24 घंटे बाद भी अभ्यास करने के लिए अटलांटा में ही रुकी रही, जहां धुएं का प्रभाव नहीं है।

**XTRA टाइम**

AFP

न्यू जर्सी में स्पेन के यमाल और मेलेनी लेन प्रैक्टिस करते हुए

### पेले की वर्ल्ड कप जर्सी $49 लाख में बिकी

**न्यूयॉर्क:** ब्राजील के पेले ने 1958 के वर्ल्ड कप फाइनल में जो 10 नंबर की जर्सी पहनी थी, वह नीलामी में 49 लाख डॉलर (लगभग 47 करोड़ 21 लाख रुपये) में बिक गई है। नीलामीकर्ता 'सॉदबी' ने यह जानकारी दी। पेले उस समय 17 वर्ष के थे, जब उन्होंने रासुंडा स्टेडियम में मेजबान स्वीडन पर ब्राजील की 5-2 की जीत में दो गोल किए थे।

## फटाफट खबरें

### गुकेश, प्रग्ना रेस में

■ **नई दिल्ली:** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश, आर प्रग्नानंदा और दिव्या देशमुख उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो पहले 'फिडे एक्सीलेंस' पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ चेस खिलाड़ी के सम्मान की दौड़ में है। इसका आयोजन सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में 46वें ओलंपियाड के साथ किया जाएगा।

### हंसिका ने जीता सिल्वर

■ **बुडापेस्ट:** हंसिका लांबा ने बुडापेस्ट सीनियर रैंकिंग्स रेसलिंग टूर्नामेंट में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में सिल्वर जीता। हंसिका स्वर्ण पदक के मुकाबले में यूक्रेन की नतालिया क्लीवचुत्स्का को कड़ी टक्कर देने के बावजूद हार गई।

### योग महासंघ को आदेश

■ **नई दिल्ली:** भारतीय योग महासंघ ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा योगासन भारत के राष्ट्रीय महासंघ के दर्जे को रद्द करने और नए सिरे से प्रक्रिया शुरू करने के आदेश के बाद वह खेल मंत्रालय और भारतीय ओलिंपिक संघ से मान्यता हासिल करने का प्रयास करेगा। खेल मंत्रालय ने योगासन भारत को 2020 में राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता दी थी। उसने हाल ही में अहमदाबाद में विश्व योग चैंपियनशिप का आयोजन किया था।

# अभी खेलना जारी रखेंगे रोहित: सैकिया

AFP


■ **एजेंसियां, नई दिल्ली**

**भारतीय क्रिकेट** कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव देवजीत सैकिया ने रोहित शर्मा के संन्यास की अफवाहों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि लॉर्ड्स में होने वाला वनडे मैच रोहित का आखिरी मैच नहीं होगा और वे आगे भी भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे। प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (PTI) को दिए इंटरव्यू में सैकिया ने रोहित को लेकर मीडिया में चल रही उन खबरों को पूरी तरह गलत बताया जिनमें दावा किया जा रहा था कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा वनडे रोहित का आखिरी मुकाबला होगा। उन्होंने साफ किया कि रोहित भारतीय वनडे टीम के नियमित सदस्य हैं और जब तक वे टीम की योजनाओं का हिस्सा हैं, देश का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। इससे पहले जून 2026 में रोहित और विराट कोहली के 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलने को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा था कि टीम के रोडमैप और भविष्य से जुड़ी रणनीतिक चर्चाएं गोपनीय होती हैं।

**हिटमैन का फ्यूचर**

### रोहित ना दबाव में हैं, ना खराब फॉर्म में: कोटक

■ **कार्डिफ:** भारतीय टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने रोहित शर्मा की खराब प्रदर्शन के लिए हो रही आलोचना को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि पूर्व भारतीय कप्तान रोहित खराब प्रदर्शन के बावजूद न तो दबाव में हैं और न ही खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। अब केवल वनडे फॉर्मेट में खेलने वाले रोहित ने गुरुवार को 47 गेंद पर 26 रन बनाए। रोहित पहले वनडे में भी नहीं चल पाए थे। कोटक ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि रोहित जैसे काबिल खिलाड़ी पर किसी तरह का दबाव पड़ेगा। वह इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि उन्हें ऐसा महसूस ही नहीं होगा। यह सही है कि उन्होंने दो मैचों में रन नहीं बनाए, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे कोई फर्क पड़ता है। आज भी ऐसा लग रहा था कि वह शायद अच्छी पारी खेलेंगे। लेकिन यह कोई मसला नहीं है।' कोटक ने कहा कि शानदार बल्लेबाजों को भी अपनी लय हासिल करने में समय लग सकता है।

# मौका नंबर-1 टीम को हराने का: रूट

■ **एजेंसियां, कार्डिफ:** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट का मानना है कि मौजूदा दौर के युवा क्रिकेटर्स को वनडे क्रिकेट की बारीकियां मैदान पर खेलते हुए ही सीखनी होंगी। दूसरे वनडे में 99* रन बनाने वाले रूट ने माना कि शतक चूकना निराशाजनक जरूर है, लेकिन भारत जैसी दुनिया की टॉप वनडे टीम के खिलाफ मिली जीत अधिक संतोष देने वाली है। उन्होंने कहा, 'अगर हम हार जाते तो बहुत बुरा लगता। हम जीतने के लिए ही खेलते हैं। अब हमारे पास दुनिया की नंबर-1 टीम को सीरीज में हराने का मौका है।'

रूट का कहना है कि घरेलू स्तर पर 50 ओवर के मैच कम होने से खिलाड़ियों को पहले जैसी तैयारी और अनुभव नहीं मिल रहा है, जिसका असर दबाव झेलने की क्षमता पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आएगा, उसके पास वनडे फॉर्मेट का सीमित अनुभव होगा, क्योंकि इसमें पहले की तुलना में काफी कम मैच होते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि टीम और युवा प्लेयर्स के लिए यह सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। युवाओं को वनडे में उतना अनुभव या समझ नहीं होगी, क्योंकि अब यह फॉर्मेट उतना खेला नहीं जाता है।'

**भारत का इंग्लैंड दौरा**

AFP

दूसरे वनडे में प्लेयर ऑफ द मैच रहे जो रूट

### इंग्लैंड ने की सीरीज बराबर

**जो रूट** की 99* रन की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। अब संडे को लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा मैच निर्णायक होगा। इंग्लैंड 234 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 125 रन पर पांच विकेट गंवाकर मुश्किल में था, लेकिन रूट ने विल जैक्स (30) के साथ 72 रन की साझेदारी कर मैच भारत की पकड़ से छीन लिया। इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में 235 रन बना लिए।

# रोहित लेना चाहेंगे सेंचुरी के साथ विदाई: पार्थिव

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे वनडे को रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मुकाबला माना जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल को उम्मीद है कि अगर यह रोहित का विदाई मैच है तो वह शतक लगाकर अपने आलोचकों को करारा जवाब देंगे। पार्थिव ने कहा, 'अगर यह मैच वाकई रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच है, तो वह शतक के साथ विदाई लेना चाहेंगे। वह ऐसा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। हमने उनके पूरे करियर में देखा है कि दो-तीन मैच में कम स्कोर बनाने के बाद वह अक्सर बड़ा स्कोर बनाते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह उनके लिए अपने आलोचकों को चुप कराने का एक और मौका है। वह पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं।'

**एक्सपर्ट की राय**

पार्थिव पटेल

# लाकड़ा को आयोग ने थमाया नोटिस

■ **भाषा, नई दिल्ली:** खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय ओलिंपिक संघ (IOA) को जांच समिति के गठन के निर्देश के बावजूद हॉकी इंडिया के एथिक्स कमिशन ने असुंता लाकड़ा को नोटिस भेज दिया है। जिसे भारत की पूर्व कप्तान ने 'बदले की कार्रवाई' बताया है। लाकड़ा के आरोपों की जांच के लिए खेल मंत्रालय ने IOA को तटस्थ समिति के गठन का निर्देश दिया था।

**खेल मंत्रालय का फैसला**

असुंता लाकड़ा

# भारत के पूर्व U 19 क्रिकेटर मनजोत श्रीलंका में अरेस्ट

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** लंका प्रीमियर लीग (LPL) शुरू होने से कुछ घंटे पहले जाफना किंग्स के को-ओनर और भारत के पूर्व U-19 क्रिकेटर मनजोत कालरा को खिलाड़ी को रिश्वत देने की कथित कोशिश के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीलंका की स्पोर्ट्स एंटी करप्शन यूनिट ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए उन्हें मैजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। 2018 U-19 वर्ल्ड कप फाइनल में शतक लगाने वाले 27 वर्षीय कालरा ने इस साल की शुरुआत में जाफना किंग्स फ्रेंचाइजी में निवेश किया था। पुलिस के मुताबिक, उन्होंने LPL के दौरान एक खिलाड़ी को पैसे का लालच देकर प्रभावित करने का प्रयास किया। संबंधित खिलाड़ी ने करीब 10 दिन पहले संपर्क किए जाने की जानकारी अधिकारियों को दी।

**LPL में करप्शन**

AFP

मनजोत (बाएं) को कोर्ट ले जाते श्रीलंका के जांच अधिकारी

# ओकोहारा के हटने से सिंधु सेमीफाइनल में

■ **एजेंसियां, तोक्यो:** पीवी सिंधु करीब तीन साल में पहली बार सुपर-750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। जापान ओपन बैडमिंटन में शुक्रवार को विमिंस सिंगल्स के क्वॉर्टर फाइनल से पहले पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नजोमी ओकोहारा ने नाम वापस ले लिया, जिससे सिंधु की सेमी में एंट्री पक्की हो गई। साल 2019 की वर्ल्ड चैंपियन सिंधु आखिरी बार 2023 डेनमार्क ओपन सुपर-750 टूर्नामेंट के अंतिम-4 में पहुंची थीं। यह इस सीजन में सिंधु का तीसरा सेमीफाइनल है। सिंधु का सामना चेन युफेई से होगा।

**जापान ओपन बैडमिंटन**

पीवी सिंधु

# सलीमा की कप्तानी में हॉकी इंडिया ने की टीम की घोषणा

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** अगले महीने बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में बदलाव नहीं किया गया है। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को वही 20 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसने हाल में FIH नेशंस कप जीतकर प्रो-लीग में वापसी सुनिश्चित की थी। कप्तानी सलीमा टेटे संभालेंगी। भारत पूल-डी में चीन, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका से भिड़ेगा। अभियान 16 अगस्त से शुरू होगा। भारत पहले मैच में 16 अगस्त को चीन का सामना करेगी। दूसरा मैच 18 अगस्त को साउथ अफ्रीका और अंतिम ग्रुप मैच इंग्लैंड से 20 अगस्त को होगा।

**विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप**

सलीमा टेटे

**भारतीय महिला टीम:** सविता, बिचू देवी, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम, लालथंतलुआंगी, ज्योति, शिल्पी, निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, दीपिका सोरेंग, लालरेम्सियामी, रुतुजा दादासो पिसल, नवनीत कौर, दीपिका, इशिका, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-07-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 07-17-2026 23:00 Color:



## NBT आज का इतिहास

### आजादी का ऐक्ट आज हुआ था पास

आज ही के दिन 1947 को ब्रिटिश संसद ने इंडियन इंडिपेंडेंस ऐक्ट पारित किया था। इसी कानून के तहत ब्रिटिश शासन खत्म करने, भारत को आजादी देने और पाकिस्तान के गठन का प्रावधान किया गया था। इससे पहले 20 फरवरी 1947 को ब्रिटेन के पीएम क्लीमेंट एटली ने सत्ता ट्रांसफर का ऐलान किया था। इसके बाद लॉर्ड माउंटबेटन ने योजना तैयार की और 28 दिन बाद 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हो गया।



## NBT वायरल न्यूज़

### अजगर लाओ, फ्री पिज्जा पाओ

अमेरिका के फ्लोरिडा में एक रेस्तरां अनोखा ऑफर दे रहा है। 'फ्लोरिडा पाइथन चैलेंज' के दौरान जो लोग बर्मी अजगर पकड़कर लाते हैं, उन्हें मुफ्त पिज्जा दिया जाता है। इसका मकसद जंगलों में तेजी से बढ़ रहे इन आक्रामक अजगरों की संख्या कम करना है।



AI Image

## SPEED News इंटरनेशनल

### मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में पहली बार पाकिस्तान



की एंट्री। 24 साल की अनिका पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करेंगी। माना जा रहा है कि यह फैसला देश के कट्टरपंथी इस्लामिक गुटों को यह नाराज कर सकता है।

### गिलगित-बाल्टिस्तान की विधानसभा ने



अस्थायी सूबे का दर्जा देने की मांग वाला प्रस्ताव पास किया गया। विधायक जलाल अली शाह ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे सत्ता पक्ष और विपक्ष, का समर्थन मिला।

### लॉन्च से पहले टला SpaceX का



स्टारशिप मिशन। 2 रैप्टर इंजन सही तरीके से शुरू नहीं होने पर लॉन्च रोक दिया। इलॉन मस्क ने कहा कि अगले हफ्ते की शुरुआत में फिर होगी कोशिश।

### जापान में सिर्फ पुरुष ही बन सकेंगे सम्राट,



संसद ने बदला 130 साल पुराना कानून। राजकुमारी आइको महिला होने की वजह से अब उत्तराधिकारी बनने की रेस से बाहर हुईं।

# ईरान के पुल, रेलवे स्टेशन, बिजलीघरों पर बरसे बम

## तेहरान ने कुवैत, कतर, बहरीन, ओमान में दागीं मिसाइलें

■ एपी/एएफपी, दुबई/तेहरान

**अमेरिका ने** शुक्रवार तड़के लगातार छठी रात ईरान पर हवाई हमले किए और इस बार कई नागरिक ढांचों को भी निशाना बनाया। ईरान के खमीर काउंटी में गेरीवेह और काहुरेस्तान पुलों पर हमला किया गया। ये दोनों पुल बंदर अब्बास को शिराज से जोड़ते हैं। इसके अलावा एक रेलवे स्टेशन भी निशाना बना। बंदर अब्बास और आसपास के इलाकों में बिजली की लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। ईरान के बिजली मंत्री ने लोगों से बिजली कम खर्च करने की अपील की। साउथ ईरान में ताजा अमेरिकी हमलों में 8 लोगों की मौत हुई और 20 लोग घायल हैं। इसके जवाब में ईरान ने मिडल ईस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए।

**अमेरिका के हमलों में 8 लोगों की मौत, 20 लोग घायल**

ईरान ने कुवैत, कतर, बहरीन और ओमान में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और रडार सिस्टम को निशाना बनाने का दावा किया। जॉर्डन ने भी तीन ईरानी मिसाइलें मार गिराने का दावा किया। कतर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उसकी सेना ने ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को हवा में ही रोक दिया। रॉयटर्स के अनुसार, ईरान ने अपने सहयोगी यमन के हूती विद्रोहियों से कहा है कि अगर अमेरिका ईरान के बिजली ढांचे पर हमले करता है तो वे लाल सागर के तेल मार्ग को बंद करने की तैयारी रखें।

**इराक में ईरानी कुर्द विद्रोही संगठन के ठिकानों पर हमला:** इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में शुक्रवार तड़के ड्रोन और रॉकेट हमलों में ईरान के कुर्द विपक्षी संगठन कोमाला के 9 लड़ाकों की मौत हो गई। संगठन ने आरोप लगाया कि हमला ईरान ने किया है। कुर्दिस्तान ने हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। कुर्दिस्तान की राजधानी एरबिल में भी ड्रोन गिरे।

### चीन-पाक की अपील, बातचीत करें

**चीन और** पाकिस्तान ने दोनों देशों से लड़ाई रोककर बातचीत शुरू करने की अपील की है। हालांकि, वाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरान को समझौता तोड़ने के लिए जवाबदेह ठहराएंगे, लेकिन कूटनीतिक समाधान का रास्ता अब भी खुला है।

AFP





**हमलों में तबाह हुए 2 पुल** ईरान के खमीर काउंटी में गेरीवेह और काहुरेस्तान पुल बंदर अब्बास को शिराज से जोड़ते हैं। एक रेलवे स्टेशन और बिजली लाइनों को भी नुकसान हुआ है। ईरान ने भी जवाब में दागीं मिसाइलें।

### होर्मुज से पीछे नहीं हटेंगे: ईरान

**ईरान ने** कहा है कि वह होर्मुज स्ट्रेट पर अपने नियंत्रण से पीछे नहीं हटेगा। अमेरिका ने भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी दोबारा लागू कर दी है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, ओमान तट के पास एक तेल टैंकर पर भी हमला हुआ है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, संघर्ष दोबारा शुरू होने के बाद से देश में 38 लोगों की मौत और 400 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं।

जनता जंक्शन — कप्तान




### ट्रंप का सिर कलम करने पर 1 करोड़ डॉलर का इनाम रखा

■ **NBT रिपोर्ट:** ईरान समर्थित इराकी सशस्त्र समूहों के गठबंधन इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक (IRI) ने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की हत्या करने वाले को करोड़ डॉलर का इनाम देने का ऐलान किया है। ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के अनुसार, समूह ने कहा कि यह ऐलान 2020 में अमेरिकी ड्रोन हमले में ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी और इराकी मिलिशिया नेता अबू महदी अल-मुहंदिस की मौत का बदला लेने के लिए की गई है।



# बुलेट ट्रेन में देरी पर जापान के पूर्व मंत्री के आरोप निजी राय: भारत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जापान के** एक पूर्व मंत्री के आरोप पर भारत ने जवाब दिया है। जापान के पूर्व मंत्री ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में देरी के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था। इसके जवाब में भारत ने कहा कि ये उनकी निजी राय है जो असल तथ्यों से काफी अलग है।

**पूर्व मंत्री ने प्रोजेक्ट में देरी के लिए ठहराया था जिम्मेदार**

जापान के पूर्व मंत्री और सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) के नेता हिदेकी माकिहारा ने भारत-जापान बुलेट ट्रेन (शिंकानसेन) प्रोजेक्ट में हो रही देरी के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने वह पोस्ट देखी है। यह एक व्यक्ति की निजी राय है, जो वास्तविक तथ्यों से काफी अलग है। प्रोजेक्ट को लेकर भारत और जापान के बीच बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य तेजी से बढ़ रहा

### 'तेज़ी से आगे बढ़ रहा बुलेट ट्रेन का प्रोजेक्ट'

■ सूत्रों के मुताबिक प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ा है। इसका पहला चरण 2027 में ही शुरू कर दिया जाएगा। इसलिए दोनों देशों ने सहमति बनाई है कि शुरुआती दौर में परिचालन भारतीय हाई स्पीड ट्रेनों से शुरू किया जाएगा। इसी के अनुसार सिग्नलिंग उपकरणों का ऑर्डर दिया गया है और वे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। प्रोजेक्ट पर काम दोनों देशों के उस साझा लक्ष्य के मुताबिक आगे बढ़ रहा है, जिसके तहत हाई स्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करना है। जापान इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी नई ई-10 सीरीज की ट्रेनें देगा लेकिन ये 2030 के शुरुआती सालों में ही उपलब्ध होंगी।

# पत्रकार से नेता बने बर्नहैम होंगे ब्रिटेन के अगले पीएम

■ एपी, लंदन

**पत्रकार से** नेता बने एंडी बर्नहैम ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री होंगे। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर के पद छोड़ने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। 56 साल के बर्नहैम सोमवार को ब्रिटेन के 59वें प्रधानमंत्री के रूप में पद संभालेंगे। एंडी बर्नहैम का जन्म इंग्लैंड के लिवरपूल में हुआ था। साधारण परिवार से आने वाले बर्नहैम अपने परिवार की पहली पीढ़ी थे, जिसने विश्वविद्यालय में पढ़ाई की। उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी साहित्य की पढ़ाई की। नीदरलैंड्स की मैरी फ्रांस वैन हील से शादी के बाद उनके 3 बच्चे हैं। पढ़ाई के बाद बर्नहैम ने पत्रकार के रूप में काम किया और फिर राजनीति में आ गए। 2001 में पहली बार सांसद चुने गए। बाद में टोनी ब्लेयर और गॉर्डन ब्राउन की सरकार में वित्त, संस्कृति और स्वास्थ्य जैसे अहम मंत्रालय संभाले।



एंडी बर्नहैम

### कोरोना में सरकार के खिलाफ हो गए थे

**कोविड महामारी** के दौरान उन्होंने तत्कालीन सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया, जिससे उनकी पहचान पूरे देश में मजबूत हुई। इसी दौर में उन्हें किंग ऑफ द नॉर्थ भी कहा जाने लगा था।

# चुनावी दखल पर ट्रंप के आरोप बेबुनियाद: चीन

■ **पीटीआई, पेइचिंग:** चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के उस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन ने अमेरिका के चुनावों में दखल दिया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि ट्रंप के आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत और चीन की छवि खराब करने की कोशिश वाले हैं। लिन जियान ने कहा कि चीन हमेशा दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति का पालन करता है। चीन ने कहा कि अमेरिकी चुनावों में कोई दिलचस्पी नहीं है।

**अमेरिकी चुनावों में हमारी कोई दिलचस्पी नहीं: चीन**

# US ने बदले वीज़ा नियम, 4 साल बाद छात्रों को फिर से करना होगा आवेदन

■ पीटीआई, वॉशिंगटन



AI Image

**अमेरिका ने** विदेशी छात्रों, एक्सचेंज प्रोग्राम में शामिल लोगों और पत्रकारों के लिए वीजा नियम सख्त कर दिए हैं। इन नए नियमों का असर बड़ी संख्या में भारतीयों पर भी पड़ सकता है, क्योंकि अमेरिका में सबसे ज्यादा विदेशी छात्रों में भारतीय शामिल हैं। अब छात्र (F वीजा) और एक्सचेंज प्रोग्राम (J वीजा) पर अमेरिका जाने वाले लोग अपने कोर्स या प्रोग्राम की अवधि तक ही रह सकेंगे, लेकिन अधिकतम 4 साल तक की सीमा तय कर दी गई है।

**पढ़ाई पूरी होने के बाद 60 नहीं, अब 30 दिन ही मिलेंगे**

अगर किसी छात्र की पढ़ाई 4 साल से ज्यादा चलती है, तो उसे अमेरिका में रहने की अनुमति बढ़वाने के लिए अलग से आवेदन करना होगा। पढ़ाई पूरी होने के बाद छात्रों को पहले अमेरिका छोड़ने, दूसरे कॉलेज में दाखिला लेने या वीजा बदलने के लिए 60 दिन मिलते थे। अब यह समय घटाकर सिर्फ 30 दिन कर दिया गया है। विदेशी पत्रकारों (I वीजा) के लिए भी बड़ा बदलाव किया गया है। अब उनका वीजा अधिकतम 240 दिन तक ही मान्य होगा। चीन के पत्रकारों के लिए यह अवधि 90 दिन तय की गई है।

### दुरुपयोग रोकने के लिए फैसला

**अमेरिकी गृह** सुरक्षा विभाग (DHS) का कहना है कि पहले कुछ लोग लगातार नए-नए कोर्स में दाखिला लेकर वर्षों तक अमेरिका में ही रह जाते थे। सरकार का दावा है कि नए नियमों से वीजा का दुरुपयोग रुकेगा, निगरानी बेहतर होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी। अगर किसी छात्र को पढ़ाई पूरी करने के लिए ज्यादा समय चाहिए, तो उसे अमेरिकी सरकार से औपचारिक अनुमति लेनी होगी। इसके लिए बायोमेट्रिक जांच, बैकग्राउंड वेरिफिकेशन और अन्य जांच की जाएगी।

# सिंधु पर पाक को भरनी पड़ रही भारत की फीस

■ **NBT रिपोर्ट:** सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे अंतरराष्ट्रीय विवाद में एक दिलचस्प स्थिति सामने आई है। भारत ने इस मामले की सुनवाई में हिस्सा लेना बंद कर दिया है। ऐसे में अब पाकिस्तान को सिर्फ अपना ही नहीं, बल्कि भारत के हिस्से का खर्च भी देना पड़ रहा है। ET की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक पाकिस्तान इस पर 6 लाख डॉलर (करीब 5.77 करोड़ रुपये) से ज्यादा खर्च कर चुका है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को फिलहाल लागू न रखने का फैसला लिया था। भारत का कहना है कि यह मामला पहले से ही न्यूट्रल एक्सपर्ट के पास था, इसलिए कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (PCA) में सुनवाई सही नहीं है।

**कोर्ट ऑफ आर्बिटेशन में ₹5 करोड़ से ज्यादा देने पड़े**

# हत्या, अपहरण, ड्रग्स तस्करी जैसे आरोप हैं नीतीश कौशल पर, US में हुआ अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अमेरिका की** फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (FBI) ने भारतीय नागरिक और पंजाब के कथित गैंगस्टर नीतीश कौशल को वारमोंट से गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले ही FBI ने उसे अपनी मोस्ट वॉन्टेड सूची में शामिल किया था। एजेंसी के मुताबिक, वह जग्गू भगवानपुरिया संगठित अपराध नेटवर्क का मेंबर है, जिस पर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड्स तक फैले आपराधिक नेटवर्क चलाने का आरोप है।



नीतीश कौशल

FBI के अनुसार, नीतीश कौशल उर्फ 'लाला' के खिलाफ रैकेटियरिंग साजिश के तहत मामला दर्ज है। 44 पन्नों की चार्जशीट में दावा किया गया है कि जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के दुनिया भर में 1,000 से ज्यादा मेंबर और सहयोगी हैं, जिनमें 100 से अधिक अमेरिका में सक्रिय बताए गए हैं। यह गिरोह हत्या, अपहरण, ड्रग तस्करी, जबरन वसूली, हथियारों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और मानव तस्करी जैसे अपराधों से कमाई करता था। चार्जशीट में 15 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें कथित सरगना जग्गू भगवानपुरिया और नीतीश कौशल भी शामिल हैं। (इनपुट: IANS)

### ट्रकों से कनाडा बॉर्डर तक भेजते हैं ड्रग्स

चार्जशीट के मुताबिक, यह गैंग अमेरिका में कोकीन और दूसरे ड्रग्स की बड़े पैमाने पर तस्करी करता था। ड्रग्स की खेप ट्रकों के जरिए अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों और कनाडा सीमा तक पहुंचाई जाती थी। गिरोह पर सुपारी लेकर हत्या, प्रतिद्वंद्वी गैंग से ड्रग्स लूटने, हथियारों की तस्करी और भारत में लोगों को धमकाकर उगाही करने के भी आरोप हैं। FBI ने अदालत से नीतीश कौशल को ट्रायल तक हिरासत में रखने की मांग की है।

# 5 में से 2 गाड़ी मालिक कोर्ट जाने को तैयार

## E20 पेट्रोल: लोकल सर्कल्स के सर्वे में सामने आई जानकारी

■ NBT रिपोर्ट

**E20 पेट्रोल** की वजह से गाड़ी खराब होने पर हर 5 में से 2 कार मालिक उपभोक्ता फोरम या कानूनी कार्रवाई की तैयारी में है। लोकल सर्कल्स के सर्वे में यह बात सामने आई है। सर्वे में पता चला कि करीब 3 में से एक गाड़ी मालिक वाहन निर्माता कंपनी या तेल कंपनी से मुआवजा मांगना चाहता है। सर्वे में यह भी सामने आया कि 2023 से पहले खरीदी गई पेट्रोल गाड़ियों के 66% मालिकों ने माइलेज में 10% से अधिक गिरावट की बात कही।




# अर्जेंटीना के राष्ट्रपति का फीफा पर टोटका

## वर्ल्ड कप का फाइनल अपने घर में ही देखेंगे






■ एपी, ब्यूनस आयर्स

**फीफा वर्ल्ड** कप फाइनल से पहले अर्जेंटीना में फुटबॉल से ज्यादा चर्चा अंधविश्वास की हो रही है। राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने कहा कि वह स्पेन के खिलाफ फाइनल देखने स्टेडियम नहीं जाएंगे। उनका मानना है कि अब तक टीम के सभी मैच उन्होंने राष्ट्रपति आवास में देखे हैं और अर्जेंटीना हर बार जीता है, इसलिए फाइनल में भी वह यही रूटीन नहीं बदलेंगे।

मिलेई ने अपने एक और 'लकी टोटके' का भी खुलासा किया। उन्होंने बताया कि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में उन्होंने एक खास जैकेट पहन रखी थी। जैसे ही गर्मी लगने पर जैकेट उतारी, अर्जेंटीना ने गोल खा लिया। उन्होंने तुरंत जैकेट दोबारा पहन ली और तब से हर मैच में वही जैकेट पहन रहे हैं। उनका मानना है कि फाइनल में भी यही जैकेट टीम के लिए शुभ साबित होगी।

**अंधविश्वास की वजह से दिनचर्या नहीं बदलते:** सिर्फ राष्ट्रपति मिलेई ही नहीं, अर्जेंटीना के अधिकतर निवासी इसी तरह के अंधविश्वास में टीम के जीतने पर एक ही तरह की दिनचर्या अपनाते हैं। कुछ लोग हर मैच में एक ही कपड़े पहनते हैं।

### इजिप्ट के खिलाफ मैच का विडियो वायरल

■ **मौजूदा विश्व** कप में एक विडियो काफी चर्चित रहा। इजिप्ट के खिलाफ मैच में जब अर्जेंटीना ने गोल करने की शुरुआत की तो प्रशंसकों के एक समूह ने बाइबल पढ़ना शुरू कर दिया, जिसके बाद से वे हर मैच में इस रस्म को दोहराने लगे। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति लंबे समय से विश्व कप के महत्वपूर्ण मैचों में शामिल होने से बचते रहे हैं। यह अंधविश्वास 1990 के टूर्नामेंट से चला आ रहा है, जब तत्कालीन राष्ट्रपति कार्लोस मेनेम कैमरून के हाथों शुरुआती मैच में हार से ठीक पहले अर्जेंटीना की टीम से मिले थे। मेनेम को तब 'मुफा' यानी मनहूस करार दिया गया था।

# प्लास्टिक के नोट आएंगे? लाइफ भी होगी ज्यादा




**कागज के नोट जल्दी खराब हो जाते हैं, इसकी वजह से बढ़ रहा प्रिंटिंग का खर्च, प्लास्टिक से होगी बचत**

## RBI ने पॉलीमर शीट के लिए जारी किया टेंडर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**देश में** जल्दी ही प्लास्टिक के नोट देखने को मिल सकते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने ओपेसिफाइड पॉलिमर सब्सट्रेट शीटों के निर्माण और आपूर्ति के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया है। ओपेसिफाइड पॉलीमर सब्सट्रेट शीट एक तरह का प्लास्टिक बेस मटीरियल है। इसे इस तरह बनाया जाता है कि यह रोशनी को आर-पार जाने से रोकता है और साथ ही बहुत मजबूत भी रहता है। सेंट्रल बैंक सुरक्षित करेंसी छापने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। ये नोट लंबे समय तक चलते हैं और छपाई खराब नहीं होती। साथ ही ये नोट पानी और गंदगी में सुरक्षित रहते हैं और इनकी नकल करना भी काफी मुश्किल है।

देश में नोट छापने की लागत काफी ज्यादा है। इसकी वजह कागज के नोटो के जल्दी खराब होने की समस्या भी है। पेपर करेंसी के उलट पॉलीमर या प्लास्टिक नोट ज्यादा टिकाऊ होते हैं। उन पर गंदगी और नमी का असर कम होता है। भारत की जलवायु और इस्तेमाल की स्थितियों को देखते हुए अहम हैं। इनकी ज्यादा लंबी उम्र की वजह से बार-बार नोट छापने की जरूरत कम हो जाती है। इससे शुरुआती प्रोडक्शन एक्सपेंस ज्यादा होने के बावजूद समय के साथ कुल लागत कम हो सकती है।

### 60 देशों में चलते हैं ऐसे नोट

■ **अभी 60** से ज्यादा देश प्लास्टिक के नोट इस्तेमाल होते हैं। सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया में इसकी शुरुआत हुई थी। इसके अलावा कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और रोमानिया में भी पॉलीमर करेंसी चलती है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देश पूरी तरह से पॉलीमर करेंसी अपना चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि RBI इस तरह की करेंसी का ट्रायल करने की तैयारी में है।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी




**रोज़ की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आज़माएं**

1 गारफील्ड सोबर्स का निधन हो गया, वह किस देश के क्रिकेटर थे?
A. वेस्टइंडीज B. इंग्लैंड C. श्रीलंका

2 भारत को बुलेट ट्रेन की नई सीरीज E-10 कौन सा देश 2030 तक देगा?
A. चीन B. जापान C. ब्रिटेन

3 अर्जेंटीना के राष्ट्रपति का क्या नाम है?
A. जेवियर मिलेई B. रामोन C. फर्नांडो

4 ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने किसे नए पीएम पद के लिए चुना है??
A. कीर स्टार्मर B. ऋषि सुनक C. एंडी बर्नहैम

5 देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन किन दो जिलों के बीच चलेगी?
A. जींद-सोनीपत B. दिल्ली-जींद C. गुड़गांव-जींद

**कल के जवाब**

1 C. 7 बार 2 B. हरियाणा 3 A. DGMA 4 B. सेरही कोरेत्स्की 5 A. यमन

**लकी विनर्स**



1. धीरेंद्र मावी, नई दिल्ली
2. सुनीता जैन, नई दिल्ली
3. ममता शर्मा, फरीदाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# DailyEpaper.in

One Place. Endless Reading.

INDIA'S MOST TRUSTED
DIGITAL READING PLATFORM
Newspapers . Magazines . Editorials

15K+ Happy Users in Paid Plan | 7 Million+ Readers on Websites | 100% Safe Secure & Ad-Free

# CHOOSE YOUR PERFECT PLAN

All Newspapers. All Magazines. All Editorials. One Subscription.

## 1 ALL HINDI PASS

Perfect For

Hindi Readers, State Govt Aspirants & General Readers

INCLUDES
- 24+ All Hindi Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

24+ HINDI NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹149~~ ₹79 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ ₹279 |
| 1 YEAR | ~~₹799~~ ₹419 |

CLICK HERE

## 2 ALL ENGLISH PASS

Perfect For

UPSC, SSC, Bank, MBA, Professionals & English Readers

INCLUDES
- 25+ All English Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition -Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

25+ ENGLISH NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹169~~ ₹89 |
| 6 MONTHS | ~~₹599~~ ₹289 |
| 1 YEAR | ~~₹899~~ ₹429 |

CLICK HERE

## 3 PREMIUM NEWSPAPER PASS

Perfect For

UPSC, IAS, Professionals & Editorial Readers

INCLUDES
- The Hindu
- The Indian Express
- Business Line
- The News Indian Express
- Daily Editorial

3-DAY TRIAL ₹19 ~~₹49~~

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹129~~ ₹69 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ ₹269 |
| 1 YEAR | ~~₹699~~ ₹399 |

CLICK HERE

## 4 ALL IN ONE PASS

⭐ MOST POPULAR ⭐

Perfect For

UPSC, SSC, Banking, PCS, Judiciary, CUET, Researchers & Journalists

INCLUDES
- All Hindi Newspapers (24+)
- All English Newspapers (25+)
- Daily Editorial
- International Newspapers (Top Global Newspapers)
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- 2-Year Backup IN PDF (only in Yearly Plan)

3-DAY TRIAL ₹29 ~~₹69~~

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ ₹129 |
| 6 MONTHS | ~~₹899~~ ₹499 |
| 1 YEAR | ~~₹1299~~ ₹749 |

CLICK HERE

## 5 MAGAZINE PASS

Perfect For

Current Affairs, Knowledge, Business & Exam Preparation

INCLUDES
- 125+ Indian Magazines
- 150+ International Magazines
- Daily Update (New Magazines)
- Easy to Read & Download
- All Categories Covered

125+ INDIAN MAGAZINES
150+ INTERNATIONAL MAGAZINES

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ ₹149 |
| 6 MONTHS | ~~₹1199~~ ₹699 |
| 1 YEAR | ~~₹1799~~ ₹999 |

CLICK HERE

SINGLE EDITIONS All Papers In One Place | DAILY UPDATES After 6 AM Everyday | EASY TO READ Mobile, Tablet & Desktop | DAILY EDITORIALS Excluded in Every Plan | SECURE & AD-FREE 100% Safe Experience | 24X7 SUPPORT Always Here To Help You

PERFECT FOR ASPIRANTS & PROFESSIONALS

UPSC/IAS · SSC · BANKING · PCS/STATE PCS · JUDICIARY · DEFENCE · RESEARCHERS · STUDENTS

LIMITED TIME OFFER!

Save More with 6 Months & 1 Year Plans!

More Duration, More Savings!

100% Safe Payments
Multiple Payment Options

UPI · Paytm · PhonePe · G Pay · VISA · RuPay

Trusted By Thousands | 7Million+ Reader on Website | Daily Updates | Unmatched Collection | One Subscription | Endless Benefits